✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 204 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, रविवार, 21 दिसम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

पारंपरिक चिकित्सा के लिए आयुष मंत्रालय का आयुष मार्क लॉन्च

पीएम मोदी ने किया गुवाहाटी टर्मिनल का उद्घाटन, अदाणी ने नॉर्थ-ईस्ट कनेक्टिविटी में स्थापित किया नया मानक

पुष्पांकर गुप्ता/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गुवाहाटी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को लोकप्रिया गोपीनाथ बोरदोलोई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर नए टर्मिनल का उद्घाटन किया। यह प्रोजेक्ट एक दुर्लभ और तेज़ रफ्तार यात्रा का उदाहरण है। कांसेप्ट से लेकर ऑपरेशन तक इसे तैयार करने में एक साल से भी कम समय लगा। टर्मिनल के ऑपरेशनल रेडीनेस पर सख़्त और योजनाबद्ध तरीके से ध्यान दिया गया। इस टर्मिनल का डिज़ाइन प्रधानमंत्री द्वारा एडवांटेज असम 2.0 के दौरान प्रस्तुत किया गया था। आज इसका उद्घाटन और फरवरी के आखिर तक इसके ऑपरेशन की तैयारी इस बात को रेखांकित करती है कि भारत में अब एविएशन इंफ्रास्ट्रक्चर कितनी तेज़ी से ज़मीन पर उतारा जा रहा है। जर्मनी के म्यूनिख से आए एक्सपर्ट की टीम के सहयोग से ऑपरेशनल रेडीनेस और एयरपोर्ट ट्रांसफर प्रोग्राम ने यह सुनिश्चित किया है कि सिस्टम, प्रोसेस, स्टाफ और पैसेंजर फ्लो पहले दिन से ही सुरक्षित और सटीक रूप से काम करे। क्षेत्रीय पहचान से जुड़ा यह आधुनिक टर्मिनल 'द बैंबू ऑर्किड्स' असम के प्रसिद्ध कोपौ फूल (फॉक्सटेल ऑर्किड) और पूर्वोत्तर की स्थानीय बांस प्रजातियों से प्रेरित है। इसमें असम के भोलुका बांस और अरुणाचल प्रदेश के अपातानी बांस का उपयोग किया गया है। प्राकृतिक सामग्री, भरपूर प्राकृतिक रोशनी और आधुनिक वास्तुकला के संगम के साथ यह टर्मिनल पूर्वोत्तर की पर्यावरणीय और सांस्कृतिक समृद्धि को दर्शाता है। लगभग 140 मीट्रिक टन स्थानीय बांस के उपयोग के साथ यह देश के सबसे प्रमुख प्रकृति-प्रेरित एयरपोर्ट डिज़ाइनों में शामिल है, जहां पारंपरिक शिल्प को आधुनिक इंजीनियरिंग के साथ नए रूप में प्रस्तुत किया गया है। इस प्रोजेक्ट का डेवलपमेंट गुवाहाटी इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड द्वारा किया गया है जबकि इसका संचालन अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड कर रही है। यह टर्मिनल

अदाणी समूह की इंटीग्रेटेड इंफ्रास्ट्रक्चर बिल्डिंग कैपेबिलिटी को दिखाता है जहां डिज़ाइन, मज़बूत इंजीनियरिंग, ओआरएटी के आधार पर तैयारी और समयबद्ध निष्पादन को एक साथ साधा गया है। उद्घाटन को राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में रखते हुए प्रधानमंत्री ने इसे असम और पूरे पूर्वोत्तर में चल रहे विकास का उत्सव का हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि एक्ट ईस्ट नीति के तहत असम भारत के पूर्वी प्रवेश द्वार के रूप में उभर रहा है। बांस से सजा यह टर्मिनल मजबूती, सतत विकास और विकसित भारत के निर्माण में असम की बढ़ती भूमिका का प्रतीक है, ऐसे समय में जब भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने कहा कि गुवाहाटी टर्मिनल यह दिखाता है कि कैसे स्थानीय पहचान से गहराई से जुड़े रहते हुए वर्ल्ड क्लास एयरपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर को तेज़ी से तैयार किया जा सकता है। यह पूर्वोत्तर में कनेक्टिविटी को मज़बूत करेगा, आर्थिक विकास को तेज करेगा और यात्रियों को आधुनिक यात्रा का अनुभव प्रदान करेगा। डिजी यात्रा आधारित प्रक्रियाओं, स्मार्ट चेक-इन सिस्टम और विशाल यात्री क्षेत्रों से सुसज्जित यह टर्मिनल साल 2032 तक 1.31 करोड़ यात्रियों को संभालने में सक्षम होगा। वित्त वर्ष 2024-25 में गुवाहाटी हवाई अड्डे ने 65 लाख यात्रियों का ट्रैफिक दर्ज किया है जो क्षेत्र में तेज़ी से बढ़ती एविएशन मांग को दर्शाता है। वर्तमान में गुवाहाटी देश का 10वां सबसे व्यस्त हवाई अड्डा है और पूर्वोत्तर के सभी आठ राज्यों के लिए एक महत्वपूर्ण हब की भूमिका निभाता है। पूरे हवाई अड्डा विकास पर कुल 5,000 करोड़ का निवेश किया जा रहा है जिसमें से 1,000 करोड़ मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल सुविधाओं के लिए निर्धारित हैं। प्रस्तावित इंटीग्रेटेड डोमेस्टिक और इंटरनेशनल कार्गो इंफ्रास्ट्रक्चर से बिजनेस, लॉजिस्टिक्स और रोज़गार पैदा करने में मजबूती मिलेगी। गुवाहाटी का यह पड़ाव अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड के नेतृत्व में देशभर में चल रहे एविएशन एक्स पैशन का हिस्सा है। इसी क्रम में नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का ऑपरेशन 25 दिसंबर से शुरू होने वाला है, जो भारत की सबसे बड़ी ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा परियोजनाओं में से एक है। भारत के बदलते इंफ्रास्ट्रक्चर लैंडस्केप को दर्शाता हैं जहां स्पीड, स्केल और ऑपरेशनल रेडिनेस और डिज़ाइन मिलकर भविष्य में विकास के लिए नए सशक्त प्रवेश द्वार को तैयार कर रहा है।

संक्षिप्त समाचार

नवादा का कुख्यात बदमाश गिरफ्तार

शेखपुरा(नबिटा ब्यूरो)। शेखपुरा पुलिस ने नवादा जिले के कुख्यात बदमाश मुन्ना कुमार उर्फ संतोष कुमार को गिरफ्तार किया है। उसे पहड़िया गांव से एक पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस के साथ पकड़ा गया। यह कार्रवाई शेखोपुर सराय थाना पुलिस ने की। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार बदमाश पहड़िया गांव निवासी रामप्रीत चौधरी के पुत्र रुदल चौधरी की हत्या करने आया था।

हजारीबाग में तैनात हवलदार की गला रेतकर हत्या

आरा(नबिटा ब्यूरो)। भोजपुर जिले चांदी थाना क्षेत्र के भगवतपुर गांव में छुट्टी पर आए एक हवलदार की धारदार हथियार से गला रेतकर शुक्रवार की देर रात हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान 60 साल के पशुपति नाथ तिवारी के रूप में हुई है। मृतक झारखंड के हजारीबाग के एक थाने में हवलदार कम ड्राइवर की पोस्ट पर तैनात थे। 10 दिन बाद जनवरी में वे रिटायर होने वाले थे। बताया जा रहा है कि रविवार को उनके घर में लाखों रुपए की चोरी हुई थी। इसी सिलसिले में हवलदार सोमवार को अपने घर आए थे।

सितंबर 2026 में बन जाएगा दानापुर-बिहटा एलिवेटेड रोड

पटना(नबिटा ब्यूरो)। पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने शनिवार को पटना जिले में निर्माणाधीन बिहटा-दानापुर एलिवेटेड पथ परियोजना का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सचिव को परियोजना की प्रगति, निर्माण की स्थिति और तकनीकी चुनौतियों से जुड़ी विस्तृत जानकारी दी गई। अभियंताओं ने अवगत कराया कि बिहटा-दानापुर एलिवेटेड सड़क परियोजना का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। सचिव ने कहा कि जहां भी बाधा हो, उसे तुरंत दूर किया जाए और परियोजना के निर्माण कार्य की गति तेज रखी जाए। उन्होंने कहा कि यह परियोजना मुख्यमंत्री की टॉप प्रायॉरिटी परियोजनाओं में शामिल है। एजेंसी ने पहले से निर्धारित समय सीमा सितंबर 2026 तक परियोजना को पूर्ण करने का आश्वासन दिया।

बिहार में जघन्य कांडों के लिए बनेंगे फास्ट ट्रैक कोर्ट

इस साल अक्टूबर तक विशेष न्यायालय ने सुनाई 1.27 लाख अपराधियों को सजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। राज्य में जघन्य कांडों के साथ आर्म्स एक्ट से जुड़े कांडों के त्वरित निष्पादन के लिए करीब 200 नए फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन किया जाएगा। इसमें दोनों मामलों के लिए 100-100 कोर्ट होंगे। इससे संबंधित प्रस्ताव पुलिस मुख्यालय ने गृह विभाग को भेज दिया है। विधि विभाग के स्तर से इस प्रस्ताव को हाईकोर्ट के पास भेजा जा रहा है। हाईकोर्ट के स्तर से सहमति मिलने के बाद इसके गठन की विधिवत प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। वर्तमान में राज्यभर में जिला स्तर पर पॉक्सो, एससी-एसटी समेत अन्य विशेष न्यायालय मौजूद हैं। इनके माध्यम से अपराधियों को सजा दिलाने की प्रक्रिया जारी है। फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन होने से हत्या, दुष्कर्म समेत अन्य तरह के जघन्य अपराध में शामिल अपराधियों को सजा दिलाने की

दर में और तेजी से बढ़ोतरी होगी। अभी कुछ विशेष कोर्ट के अतिरिक्त अन्य न्यायालयों के माध्यम से पुलिस महकमा सभी तरह के जघन्य अपराधों में बड़ी संख्या में अपराधियों को सजा दिलाई जा रही है। हथियार तस्करों पर नकेल के लिए आर्म्स एक्ट के कांडों का भी जल्द निष्पादन की योजना बनाई जा रही है ताकि अवैध हथियार रखने वाले अपराधियों की सजा दर बढ़ाई जा सके। डीजीपी विनय कुमार ने बताया कि फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन का प्रस्ताव भेजा गया है। इससे अपराधियों खासकर जघन्य अपराधों में शामिल अपराधियों को कम समय में कठोर सजा दिलाने में मदद मिलेगी। फिलहाल विशेष न्यायालय समेत अन्य कोर्ट के माध्यम से मुकदमों का त्वरित विचारण कराया जा रहा है। इस साल जनवरी से अक्टूबर तक 1 लाख 27 हजार 993 अपराधियों को सजा दिलाई गई है। इनमें तीन को मौत की सजा, 1050 को उम्रकैद, 502 को दस वर्ष से अधिक की सजा, 1279 को दस वर्ष तक की सजा और 2253 को दो वर्ष तक की सजा दिलाई गई है। इसके पूर्व जघन्य कांडों में वर्ष 2023 में 2 लाख 31 हजार 104 जबकि 2024 में 1 लाख 85 हजार 820 अपराधियों को सजा सुनाई गई थी।

राज्यपाल ने हिजाब मामले को विवाद मानने से किया इंकार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हिजाब प्रकरण पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने इस पूरे मामले को एक अलग दृष्टिकोण से देखते हुए इसे विवाद मानने से साफ इंकार कर दिया है। शनिवार को राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने पूरे मामले पर संवेदनशीलता बरतते हुए कहा कि जहां रिश्ता पिता और पुत्री का हो, वहां विवाद की कोई गुंजाइश नहीं होती। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस पूरे प्रकरण को विवाद का नाम देना ही अपने आप में एक दुखद बात है। राज्यपाल ने कहा कि पारिवारिक और भावनात्मक रिश्तों के बीच होने वाली बातों को राजनीतिक रंग नहीं दिया जाना चाहिए। राज्यपाल ने हिजाब मामले से जुड़ी छात्रा नुसरत परवीन की चर्चा करते हुए कहा कि नुसरत परवीन देश की बेटी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश की बेटियों के सम्मान और उनकी भावनाओं का ख्याल रखना सबकी जिम्मेदारी है। राज्यपाल ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और छात्रा के बीच के संदर्भ को स्पष्ट करते हुए कहा कि नीतीश कुमार प्रदेश के मुखिया होने के नाते एक पिता की भूमिका में हैं। उन्होंने कहा कि बाप और बेटी के बीच कभी कोई विवाद नहीं होता। नीतीश कुमार नुसरत के लिए पिता की तरह हैं और एक पिता का अपनी बेटी के प्रति जो स्नेह और अनुशासन होता है, उसे विवाद की संज्ञा देना गलत है।

सक्षमता परीक्षा का रिजल्ट जारी

पटना(नबिटा ब्यूरो)। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने शनिवार को नियोजित शिक्षकों के लिए आयोजित सक्षमता परीक्षा 2025 के चौथे चरण का परीक्षाफल जारी कर दिया। यह परीक्षा कक्षा 1 से 5, 6 से 8, 9 से 10 और 11 से 12 में कार्यरत नियोजित शिक्षकों के लिए आयोजित की गई थी। बोर्ड अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि सक्षमता परीक्षा का परिणाम समिति की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। परीक्षा में शामिल शिक्षक अभ्यर्थी अपने लॉगइन आईडी और पासवर्ड के माध्यम से परिणाम देख सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा में कुल 14,936 शिक्षक अभ्यर्थी शामिल हुए थे। इनमें से 4,932 शिक्षक सफल घोषित किए गए हैं।

पानी की टंकी फटने से बिहार के छह मजदूरों की मौत

- **हादसे पर सीएम नीतीश दुखी, मृतकों के आश्रितों को मिलेंगे दो-दो लाख**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। महाराष्ट्र के नागपुर में बुटीबोरी के महाराष्ट्र इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन रीजन में सोलर पैनल बनाने वाली फैक्ट्री में पानी की टंकी फटने से बिहार के छह मजदूरों की मौत हो गई। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस घटना को काफी दुखद बताया है। मुख्यमंत्री ने इस घटना में मृत मजदूरों के शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस घटना में बिहार के मृतक मजदूरों के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से दो-दो लाख रुपये अनुग्रह अनुदान देने की घोषणा की है। उन्होंने बिहार के रहने वाले घायल मजदूरों के समुचित इलाज की भी व्यवस्था करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। मुख्यमंत्री ने हादसे में घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दिल्ली में बिहार के स्थानीय आयुक्त को स्थिति का जायजा लेने और घायलों के समुचित इलाज के साथ-साथ हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने और मृत मजदूरों के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव पहुंचाने के लिए सभी समुचित व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया है। हादसे में जान गंवाने वाले मृतकों में मुजफ्फरपुर और पश्चिम चंपारण के अलग-अलग गांवों के रहने वाले बताए जा रहे हैं। घायल मजदूरों में भी कुछ बिहार के रहने वाले हैं। इस दुर्घटना का कारण रखरखाव में कमी बताया जा रहा है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

सड़क हादसे में डीएसपी समेत चार पुलिसकर्मी घायल

भभुआ(नबिटा ब्यूरो)। कैमूर जिले में मोहनिया थाना क्षेत्र के दादर गांव के निकट सड़क हादसे में भभुआ मुख्यालय के आरक्षी उपाधीक्षक गजेन्द्र कुमार सहित चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। सभी लोग पटना से अपने बोलेरो से भभुआ आ रहे थे। यह घटना उस समय घटित हुई जबकि विपरीत दिशा से आ रही एक ट्रक ने टक्कर मार दी। बोलेरो में सवार क्राइम सेक्सन के इंसपेक्टर राजेश कुमार, चालक राजीव कुमार तथा पुलिस करण कुमार शामिल हैं। इन सभी घायलों का मोहनिया अनुमंडलीय अस्पताल में प्राथमिक चिकित्सा के पश्चात डा. विंध्याचल सिंह ने बताया कि उचित चिकित्सा लाभ हेतु ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए अग्रेसित कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलने पर आरक्षी अधीक्षक हरिमोहन शुक्ल तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। धक्का मार कर भाग गए ट्रक सहित चालक की पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है।

प्रधानमंत्री मोदी ने नितिन नवीन को नई जिम्मेदारी पर दी बधाई, भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर की शिष्टाचार भेंट

संगठन को मिलेगी नई ऊर्जा : पीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने श्री नवीन को नई जिम्मेदारी संभालने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि संगठनात्मक अनुभव, युवाओं से जुड़ाव और कर्मठ नेतृत्व के बल पर श्री नितिन नवीन पार्टी को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रधानमंत्री ने मुलाकात के दौरान बिहार से जुड़े संगठनात्मक योगदान की सराहना करते हुए कहा कि नितिन नवीन का राजनीतिक सफर अनुशासन, परिश्रम और जनसेवा के प्रति समर्पण का प्रतीक रहा है। उन्होंने विश्वास

जताया कि उनके नेतृत्व में पार्टी का संगठनात्मक ढांचा और अधिक सुदृढ़ होगा तथा 'विकसित भारत' के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने में नई गति मिलेगी। भेंट के दौरान श्री नवीन ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि वे प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और पार्टी के सिद्धांतों के अनुरूप कार्य करते हुए संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को जोड़ने और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए निरंतर प्रयास करेंगे। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि नितिन नवीन की नियुक्ति से पार्टी संगठन में युवा नेतृत्व को प्रोत्साहन मिलेगा और आगामी चुनावी चुनौतियों के मद्देनज़र भाजपा को रणनीतिक मजबूती हासिल होगी। बिहार सहित पूर्वी भारत में संगठनात्मक विस्तार और जनसंपर्क को लेकर भी इससे सकारात्मक संदेश गया है। मुलाकात के बाद पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा गया। विभिन्न प्रदेशों से भाजपा नेताओं ने श्री नवीन को बधाई संदेश भेजते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

बैंक ऑफ बड़ौदा ने दिवंगत पुलिसकर्मियों के परिजनों को बांटे 25.65 करोड़

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार के गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने बिहार पुलिस मुख्यालय, पटना में आयोजित एक समारोह में बैंक ऑफ बड़ौदा की पुलिस सैलरी पैकेज योजना के अंतर्गत 36 दिवंगत पुलिसकर्मियों के परिजनों को कुल 25.65 करोड़ की राशि वितरित की। यह कार्यक्रम सरदार पटेल भवन के सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें पुलिस एवं गृह विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, अपर मुख्य सचिव (गृह) अरविंद कुमार चौधरी, गृह सचिव प्रणव कुमार, ओएसडी (गृह) संजय कुमार सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय)

कुंदन कृष्णन तथा अपर पुलिस महानिदेशक (बजट) डॉ. कमल किशोर सिंह शामिल थे। बैंक ऑफ बड़ौदा की ओर से सुब्रत कुमार स्वाईं, बिहार प्रमुख एवं महाप्रबंधक, नलिन कुमार, उप महाप्रबंधक एवं क्षेत्रीय प्रमुख, राकेश रंजन सिंह, उप महाप्रबंधक एवं व्यवसाय प्रमुख, प्रिय रंजन सिंह, उप महाप्रबंधक एवं अनुपालन एवं आश्वासन, उप महाप्रबंधक रक्षा बैंकिंग दीपक कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी समारोह में उपस्थित रहे। इस वितरण के साथ ही पुलिस सैलरी पैकेज के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने वाले परिजनों की कुल संख्या 90 हो गई है तथा अब तक कुल 42.45 करोड़ की राशि वितरित की जा चुकी है। आज के कार्यक्रम में दुर्घटनाओं में शहीद हुए 12 पुलिसकर्मियों के परिजनों को प्रति परिवार 1.7 करोड़ से 2.0 करोड़ तक की बीमा राशि प्रदान की गई, जबकि प्राकृतिक मृत्यु या बीमारी से दिवंगत 24 पुलिसकर्मियों के परिजनों को 20 लाख प्रति परिवार की सहायता राशि दी गई। इनमें 33 एवं 34 वर्ष की आयु में दिवंगत दो महिला कांस्टेबलों के परिजन भी शामिल हैं। गौरतलब है कि बिहार पुलिस एवं बैंक ऑफ बड़ौदा के बीच 23 अगस्त 2024 को एक विशेष समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए थे, जिसके तहत पुलिसकर्मियों का वेतन बैंक ऑफ बड़ौदा के माध्यम से भुगतान किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत मिलने वाला मरणोपरांत बीमा लाभ पूर्णतः निःशुल्क है तथा यह पुलिस विभाग द्वारा दिए जाने वाले अन्य लाभों के अतिरिक्त है। समारोह को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा दिवंगत पुलिसकर्मियों के परिजनों को समय पर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की सराहना की। वहीं, बैंक ऑफ बड़ौदा के बिहार प्रमुख सुब्रत कुमार स्वाईं ने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी पुलिसकर्मियों एवं बिहार सरकार के सभी वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए इस प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं जारी रहेंगी। उन्होंने कहा कि ल्लबैंक ऑफ बड़ौदा ईमानदारी, पारदर्शिता और पूर्ण जिम्मेदारी के साथ बिहार की सेवा के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेगा।

प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने संगठन को मजबूत बनाने पर दिया जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने शुक्रवार को पटना स्थित प्रदेश कार्यालय में प्रदेश पदाधिकारियों, मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक की। बैठक में संगठनात्मक मजबूती, आगामी कार्यक्रमों और पार्टी की कार्ययोजना को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संगठन की पार्टी है और संगठन ही उसका परिवार है, जिसे मजबूत बनाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। बैठक में प्रदेश पदाधिकारियों और विभिन्न मोर्चा व प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों से व्यक्तिगत परिचय लिया गया। साथ ही केंद्र और प्रदेश स्तर पर पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा हुई। विशेष रूप से 23 दिसंबर को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन के पटना आगमन और उनके स्वागत को लेकर चल रही तैयारियों की समीक्षा की गई। संजय सरावगी ने स्पष्ट कहा कि पार्टी पूरी दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है और इसके पदाधिकारी व कार्यकर्ता होने पर गर्व होना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष ने प्रदेश मुख्यालय के कर्मचारियों के साथ भी परिचयात्मक बैठक की और उनके कार्यों व दायित्वों की जानकारी ली। उन्होंने कर्मचारियों से अपेक्षा जताई कि संगठनात्मक कार्यों में समर्पण और अनुशासन के साथ योगदान दें, ताकि पार्टी की गतिविधियां और अधिक प्रभावी बन सकें। संजय सरावगी ने कहा कि जब संगठन मजबूत होता है, तभी दल सशक्त बनता है। संगठन को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास आवश्यक है। उन्होंने संगठन विस्तार पर विशेष जोर देते हुए कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं। हाल में हुए विधानसभा चुनाव में एनडीए को जो प्रचंड बहुमत मिला है, वह कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम, समर्पण और संगठन के प्रति निष्ठा का परिणाम है।

नागपुर हादसे पर जताया गहरा शोक

पटना। नागपुर में हुए दर्दनाक हादसे में बिहार के छह मजदूरों की मौत पर भारतीय जनता पार्टी के बिहार प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतक मजदूरों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि यह अत्यंत पीड़ादायक घटना है और इस दुख की घड़ी में पूरा संगठन शोकसंतप्त परिवारों के साथ खड़ा है। संजय सरावगी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान कर रही है। राज्य सरकार की ओर से मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराई गई है, ताकि उन्हें तत्काल राहत मिल सके और इस कठिन समय में कुछ सहारा मिल पाए। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि बिहार सरकार पूरे घटनाक्रम पर लगातार नजर बनाए हुए है।

दक्षिण रेलवे की टीम ने जीता विजेता का खिताब

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

हाजीपुर। शनिवार को जगजीवन राम स्टेडियम, खगौल, दानापुर में आयोजित 'अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल शूटिंग प्रतियोगिता-2025' के समापन समारोह में पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने विजेता टीम एवं अन्य विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। समापन समारोह में रेलवे सुरक्षा बल के आईजी सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त अमरेश कुमार, मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर विनोद कुमार एवं आरपीएफ के वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त उदय सिंह पवार की विशिष्ट उपस्थिति रही। अतिथियों ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें अनुशासन, समर्पण एवं खेल भावना का प्रतीक बताया। विदित हो कि रेलवे सुरक्षा बल, पूर्व मध्य रेल के तत्वाधान में

बिहार रेजिमेंटल सेंटर में 'अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल शूटिंग प्रतियोगिता-2025' की शुरूआत 16.12.2025 को की गयी थी। इस प्रतियोगिता में भारतीय रेल के विभिन्न जोनों से आए प्रतिभागियों ने पूरे समर्पण एवं खेल भावना के साथ भाग लिया और सर्वश्रेष्ठ शूटरों ने विभिन्न श्रेणियों में पदक जीते। प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न श्रेणियों में निम्नलिखित प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पुरस्कार प्राप्त किए - बेस्ट शूटर (राइफल) - एएसआई अखिलेश सिंह/उत्तर पूर्व रेलवे बेस्ट शूटर (पिस्टल)- एएसआई संदीप सिंह/आरपीएसएफ एवं कांस्टेबल सचिन/उत्तर रेलवे (संयुक्त विजेता) बेस्ट शूटर (कार्बाइन) - कांस्टेबल राजेश यादव/उत्तर पूर्व रेलवे ओवर ऑल बेस्ट शूटर - कांस्टेबल राजेश यादव/उत्तर पूर्व रेलवे टीम चौंपियनशिप में दक्षिण रेलवे ने कुल 10 पदक जीतकर ओवर ऑल चौंपियंस ट्रॉफी पर कब्जा जमाया, जबकि आरपीएसएफ ने 4 पदक जीतकर ओवर ऑल रनर्स-अप ट्रॉफी प्राप्त की।

बिना दहेज शादी और मंजू के पैसे से चुनाव लड़ नीतीश पहुंचे थे सदन, सास का हुआ निधन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सासू मां विद्यावती देवी का निधन हो गया, वह लंबे समय से बीमार थीं। उनकी तबीयत बिगड़ने के बाद पटना स्थित इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान में उन्हें भर्ती कराया गया था, जहां शुक्रवार की शाम 6:40 बजे अंतिम सांस ली। शनिवार की सुबह मुख्यमंत्री की सास विद्यावती देवी का बांस घाट पर अंत्येष्टि की गई। इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उनके पुत्र निशांत कुमार सहित परिवार के सारे लोग मौजूद थे। 1 मार्च 1951 को नालंदा जिला के कल्याण बिगहा में माता स्व. परमेश्वरी देवी एवं पिता कविराज वैद्य रामलखन सिंह के घर एक बालक का जन्म हुआ, जिसका नाम पड़ा मुन्ना। वही बालक मुन्ना आगे चलकर नीतीश कुमार हो गए। वर्ष 1972 में इंजीनियरिंग की परीक्षा पास कर बिहार बिजली बोर्ड में



इंजीनियर बन गए। 22 फरवरी, 1973 को इंजीनियरिंग पास नीतीश कुमार की मंजू सिन्हा से शादी हो गई। मुरली मनोहर श्रीवास्तव अपनी पुस्तक 'विकास पुरुष' में लिखते हैं कि सादे समारोह में शादी करने वाले नीतीश कुमार ने अपनी शादी में दहेज जो मिला था उसे लौटा दिए थे। सामाजिक, राजनीतिक परिवर्तन के प्रति दृढ़ संकल्पित नीतीश कुमार ने नौकरी छोड़ दी और 1974 में जेपी आंदोलन का हिस्सा बन गए। वर्ष 1977 के बिहार विधानसभा चुनाव की है, जब केवल 26 साल की उम्र में नीतीश कुमार नालन्दा की हरनौत सीट से जनता पार्टी की टिकट पर चुनाव लड़ रहे थे। इस चुनाव में जनता पार्टी ने 214 सीटें जीती और 97 पर उसे हार का सामना करना पड़ा। उन 97 सीटों में नालंदा की हरनौत सीट भी शामिल थी, जिस पर नीतीश कुमार चुनाव लड़े थे। उन्हें शिकस्त देनेवाला कोई नहीं भोला प्रसाद सिंह थे, जिन्होंने चार साल पहले ही नीतीश कुमार और उनकी पत्नी को कार में बैठाकर पटना से बख्तियारपुर तक छोड़ा था। नीतीश पहली हार को भूलकर 1980 में दोबारा इसी सीट से जनता पार्टी (सेक्युलर) से मैदान में फिर उतर गए। अफसोस, इस चुनाव में भी नीतीश कुमार को हार का सामना करना पड़ा। नीतीश कुमार 1977 एवं 1980 में नालंदा जिला के हरनौत विधान सभा क्षेत्र से जनता पार्टी के प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़े लेकिन चुनाव में दोनों बार इन्हें पराजय मिली। कॉलेज छोड़े नीतीश कुमार को लगभग सात वर्ष गुजर चुके थे। उन वास्तविकताओं को भूलना नीतीश कुमार के लिए असंभव था। जिनसे यह आंखें फ़ेर चुके थे। हर इंसान की जिंदगी में कई उतार चढ़ाव देखने को मिलता है। पटना के गुलजारबाग में एक सरकारी स्कूल में अध्यापिका की नौकरी लग गई थी। इसलिए मंजू सिन्हा बख्तियारपुर छोड़कर अपने पिताजी के साथ पटना आ गयी थी।

नीतीश कुमार 1980 तक अपना दूसरा चुनाव भी हार चुके थे। उसके कुछ सप्ताह बाद ही उनकी पत्नी मंजू सिन्हा ने 20 जुलाई, 1980 को निशांत कुमार को जन्म दिया, जो उन दोनों का इकलौता पुत्र हुए। बच्चा अपने नाना-नानी की देख-रेख में पल रहा था। नीतीश कुमार शुरुआत में लगातार दो चुनाव हार गए थे। 1985 के विधानसभा चुनाव में नीतीश ने फैसला कर लिया था कि यह आखिरी कोशिश होगी। अगर नहीं जीतते हैं, तो फिर कभी चुनाव नहीं लड़ेंगे। मुरली मनोहर श्रीवास्तव की पुस्तक 'विकास पुरुष' में लिखा है कि नीतीश कुमार को उनकी पत्नी मंजू सिन्हा ने 20 हजार रुपए और वो संकल्प उनके लिए 1985 में लोकदल की तरफ से हरनौत विधानसभा सीट पर जीत दर्ज करायी।

रबी फसलों के लिए सुरक्षित एवं वैज्ञानिक कीटनाशी उपयोग पर प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। कृषि भवन, मीठापुर, पटना स्थित सभागार में आज पौधा संरक्षण परामर्श योजना के अंतर्गत रबी मौसम के लिए कीटनाशी विक्रेताओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पटना जिला अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों से कुल 25 कीटनाशी विक्रेताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. प्रमोद कुमार, संयुक्त निदेशक, पौधा संरक्षण, बिहार, पटना द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर देव नाथ प्रसाद, उप निदेशक, पौधा संरक्षण प्रयोगशाला, पटना, मुकेश कुमार, उप निदेशक,

पौधा संरक्षण, पटना प्रमंडल; अभिषेक कुमार, सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण तथा राहुल कुमार, सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण, पटना उपस्थित रहे। प्रशिक्षण सत्र के दौरान सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण, पटना द्वारा रबी फसलों में लगने वाले प्रमुख कीट-व्याधियों एवं खरपतवार के प्रभावी एवं वैज्ञानिक प्रबंधन पर विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं उप निदेशक, पौधा संरक्षण प्रयोगशाला, पटना द्वारा कीटनाशी अधिनियम, 1968 एवं कीटनाशी नियमावली, 1971 की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही कीटनाशी विषाक्तता से बचाव, एंटीडोट के उपयोग तथा प्राथमिक एवं घरेलू उपचार के संबंध में भी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। किसानों के बीच रसायन मुक्त पौधा संरक्षण उपादानों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रशिक्षण में उपस्थित सभी कीटनाशी विक्रेता को पीला चिपचिपा फंदा (येलो स्टीकी ट्रैप) वितरण किया गया। सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण (सर्विलेंस) द्वारा कीटनाशी छिड़काव के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों पर विस्तार से चर्चा की गई। उप निदेशक, पौधा संरक्षण, पटना प्रमंडल द्वारा समेकित नाशीजीव प्रबंधन (ऋध्ब्र) की महत्ता एवं इसके व्यावहारिक पहलुओं पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के अंत में संयुक्त निदेशक, पौधा संरक्षण, पटना द्वारा पौधा संरक्षण विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई तथा ड्रोन के माध्यम से कीटनाशी छिड़काव से होने वाले लाभों को रेखांकित किया गया। उन्होंने सभी कीटनाशी विक्रेताओं को निर्देश दिया कि वे किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देकर अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की अध्यक्षता में प्रवक्ताओं और पैनलिस्ट की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मुख्यालय सदाकत आश्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के अध्यक्षता में प्रदेश प्रवक्ताओं और पैनलिस्ट की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने पार्टी की नीतियों और आगामी योजनाओं पर प्रवक्ताओं को आवश्यक सुझाव दिया. साथ ही उन्होंने पार्टी के पक्ष में सकारात्मक और पार्टी नेतृत्व के योजनाओं के अनुरूप बातों को मीडिया में रखने पर जोर देते हुए कहा कि बिहार की आम जनता हमारी ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है, जब सत्ता पक्ष ने वोट

चोरी से और झूठे वादों से राज्य में सत्ता प्राप्त कर सूबे की जनता की उम्मीदों को बुलडोजर से तोड़ने का रोज काम कर रही है ऐसे में हमारा कर्तव्य बनता है कि हम उनकी आशाओं और आकाँक्षाओं को आवाज दें। साथ ही हमारा फर्ज बनता है कि जनता से जुड़े मुद्दों पर बेहतर तरीके से जिम्मेदारी के साथ खड़े होकर लोकतंत्र की मजबूती को बुलंद करें। इसके अलावे आज सभी फ्रंटल संगठनों, मोर्चा और विभागों की बैठक सम्पन्न हुई. इस बैठक में सभी फ्रंटल अध्यक्षों को प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने आवश्यक निर्देश दिया साथ ही संगठन की मजबूती पर विशेष जोर दिया गया। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़, सोशल मीडिया चेयरमैन सौरभ सिन्हा, प्रवक्ता पूर्व विधायक प्रतिमा कुमारी दास, अमित कुमार टुन्ना, डॉ. स्नेहाशीष वर्धन पाण्डेय, शिशिर कौन्डिल्य, असित नाथ तिवारी, रूपम यादव, पंकज यादव, संजीव कर्मवीर, डॉ. हसनैन कैसर सहित अन्य नेतागण मौजूद रहें।

दिव्यांग-समावेशी आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर क्षमतावर्द्धन कार्यशाला का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। आपदा तैयारी और प्रतिक्रिया तब तक प्रभावी नहीं हो सकती जब तक वह समावेशी न हो इसी संदेश के साथ बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग ने भारत में संयुक्त राष्ट्र और यूनिसेफ के सहयोग से पटना में दिव्यांग-समावेशी आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर दो दिवसीय क्षमता-वर्धन कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का उद्देश्य राज्य में आपदा प्रबंधन की सभी प्रक्रियाओं में दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार, सुरक्षा और भागीदारी को सुदृढ़ करना है। इस कार्यशाला का तकनीकी सहयोग यू.एन.डी.पी और हैंडीकैप इंटरनेशनल (ह्यूमैनिटी एंड इन्क्लूजन) द्वारा प्रदान किया गया। कार्यशाला में सहायक आपदा प्रबंधन अधिकारी, आपदा जोखिम न्यूनीकरण से जुड़े विशेषज्ञ तथा दिव्यांग व्यक्तियों के संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उद्घाटन सत्र में यूनिसेफ के आपदा जोखिम न्यूनीकरण विशेषज्ञ श्री राजीव कुमार ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कार्यशाला के उद्देश्यों और अपेक्षित परिणामों को रेखांकित किया। आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह के निर्देशानुसार अपने मुख्य संबोधन में विभाग के संयुक्त सचिव श्री नदीमुल ग़फ़्फ़ार सिद्दीक़ी ने कहा कि आपदाएँ किसी के साथ भेदभाव नहीं करतीं, इसलिए हमारी प्रतिक्रिया प्रणालियाँ भी भेदभावरहित और पूर्णतः समावेशी होनी चाहिए। उन्होंने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में राज्य द्वारा किए गए प्रयासों को इंगित करते हुए दिव्यांग व्यक्तियों की सुरक्षा और समावेशन से जुड़े अंतरालों की ओर ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा कि बिहार राज्य अपनी आपदा योजनाओं को सेंडाई फ्रेमवर्क फॉर डिज़ास्टर रिस्क रिडक्शन के अनुरूप बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है और समावेशी प्रतिक्रिया तंत्र को सुशासन का अनिवार्य हिस्सा बनाया जाना चाहिए। बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सचिव श्री मोहम्मद वारिस ख़ान, भा.प्र.से. ने उद्घाटन संबोधन में कहा कि विशेषकर जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ती और अप्रत्याशित आपदाओं के दौर में दिव्यांग व्यक्तियों को प्राथमिकता देना केवल नीतिगत नहीं, बल्कि एक नैतिक दायित्व है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र, यूनिसेफ और यूएनडीपी के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएँ नियमित रूप से आयोजित की जानी चाहिए ताकि दिव्यांग समावेशन की सोच राज्य की नीतियों और आपदा प्रबंधन ढाँचों में स्थायी रूप से समाहित हो सके।

मधुमेह अनुसंधान को जन-जन तक पहुंचाने की जरुरत : डा. बी के सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। मधुमेह अनुसंधान को जन-जन तक पहुंचाने की जरुरत है। ये बात जाने माने मधुमेह विशेषज्ञ डॉ बी के सिंह आदि ने कही। वे रिसर्च सोसाइटी फॉर स्टडी ऑफ डायबिटीज इन इंडिया के बिहार चैप्टर की ओर से पटना के एक होटल में मधुमेह जागरूकता एवं बचाव से जुड़े अनुसंधानों पर एक दिवसीय कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। इस आयोजन का उद्देश्य मधुमेह से संबंधित नवीनतम शोध, उपचार पद्धतियों और रोकथाम के उपायों को चिकित्सकों तक पहुंचाना रहा। कांफ्रेंस के समन्वय और शैक्षणिक दिशा निर्धारण में डॉ बी के

सिंह की भूमिका महत्वपूर्ण रही, जिनके प्रयासों से यह कार्यक्रम चिकित्सकीय दृष्टि से अत्यंत उपयोगी बन सका। कांफ्रेंस में बिहार सहित अन्य राज्यों से लगभग तीन सौ मधुमेह विशेषज्ञों ने भाग लिया, जबकि करीब एक सौ बीस विशेषज्ञ चिकित्सकों ने व्याख्यान के माध्यम से अपने अनुभव और शोध साझा किए। उद्घाटन आरएसएसडीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने किया। अतिथियों का स्वागत बिहार चैप्टर के अध्यक्ष सुप्रिय मुखर्जी, शैवाल, विजय और रिसेप्शन कमिटी के अध्यक्ष सुभाष कुमार ने किया। सुनील गुप्ता ने अपने व्याख्यान में कहा कि मधुमेह की रिसर्च और चिकित्सा को राज्य के छोटे गांवों तक पहुंचाना समय की जरूरत है। इससे इस बीमारी के विकराल रूप को नियंत्रित किया जा सकता है और आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित रखा जा सकता है। चिकित्सक संजय अग्रवाल ने कहा कि इलाज के दौरान प्राप्त मरीजों की महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जानकारियों को सुरक्षित कर रिसर्च में बदला जा सकता है, जिससे मधुमेह चिकित्सा में व्यापक सुधार संभव है। गुवाहाटी से आए अजय कुमार ने मधुमेह से होने वाली विभिन्न जटिल बीमारियों और उनसे बचाव के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। संतोष कुमार सिंह ने मधुमेह से जुड़ी कुछ विशेष प्रकार की बीमारियों की जानकारी दी। वाइस चेयर सुभाष कुमार ने पैंक्रियाज से संबंधित एक विशेष प्रकार के मधुमेह पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान आधुनिक शोध, नई दवाओं, जीवनशैली सुधार और मरीजों को प्रोत्साहित करने के तरीकों पर भी चर्चा हुई। एम पी जैन ने बताया कि इंसुलिन उपयोग को लेकर एक कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें मेडिकल छात्र, नर्स और चिकित्सकों ने भाग लिया। डॉ बी के सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन मधुमेह के खिलाफ सामूहिक लड़ाई को मजबूती देते हैं और समाज को स्वस्थ दिशा में आगे बढ़ाते हैं।

रोगी कल्याण समिति की बैठक

भगवानपुर (बेगूसराय) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। प्रखण्ड के पीएचसी में शनिवार को रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता बीडीओ धर्मवीर कुमार प्रभाकर ने की। बैठक में स्वास्थ्य सेवा की व्यवस्था की जानकारी दी गई। स्वास्थ्य केंद्र के सभी स्टाफ का नाम पीएचसी में फ्लेक्स के माध्यम से करने को कहा। साथ ही प्रखंड क्षेत्र में संचालित स्वास्थ्य उपकेंद्र और उसकी व्यवस्था की जानकारी दी गई। साथ ही भीषण शीतलहर के कारण ठंड कम होने पर परिवार नियोजन को लेकर अपरेशन तेज करने की सलाह सदस्यों ने दी।

मेड इन इंडिया मेडटेक की ऐतिहासिक उपलब्धि

पटना (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)। भारत की अग्रणी सर्जिकल रोबोटिक्स कंपनी एसएस इन्नोवेशंस इंटरनेशनल, इंक. ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए अपने नेक्स्ट-जेनरेशन सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम 'एसएसआई मंत्रा' के लिए अमेरिका के फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन में 510 (के) प्रीमार्केट आवेदन दाखिल किया है। यह आवेदन 5 दिसंबर 2025 को पूर्ण किया गया, जिसमें जनरल सर्जरी, यूरोलॉजी, कोलोरेक्टल, गायनेकोलॉजी और कार्डियक सर्जरी जैसी प्रमुख सर्जिकल विशेषज्ञताओं को शामिल किया गया है। यह कदम भारत में विकसित किसी सर्जिकल रोबोटिक प्लेटफॉर्म द्वारा अब तक उठाए गए सबसे महत्वपूर्ण वैश्विक नियामक प्रयासों में से एक है, जो लंबे समय से अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के वर्चस्व वाले इस क्षेत्र में भारत की मजबूत उपस्थिति दर्ज कराता है। एसएस इन्नोवेशंस के फाउंडर, चेयरमैन और सीईओ डॉ. सुधीर श्रीवास्तव ने इस पर कहा कि ल्लएफडीए में 510(के) सबमिशन केवल एसएस इन्नोवेशंस के लिए ही नहीं, बल्कि भारत के लिए भी एक निर्णायक क्षण है, जो उन्नत चिकित्सा तकनीकों में वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर हो रहा है।

विज्ञान, कला, संस्कृति और खाद्य व्यंजनों की 12वीं प्रदर्शनी का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। जगदेव पथ, बेली रोड स्थित इंटरनेशनल एमिटी पब्लिक स्कूल, पटना में विज्ञान कला, संस्कृति, एवम् खाद्य व्यजनों का 12वां प्रदर्शनी आयोजित किया गया। विद्यालय के भव्य प्रांगण में आकर्षक विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रदर्शनी में विज्ञान, कला साहित्य एवं कंप्यूटर विषय पर कई ज्ञानवर्धक मॉडल अलग-अलग कक्षा के बच्चों की ओर से बनाया गया। सभी मॉडल को देख अतिथियों व अभिभावकों ने सराहा। इन सभी मॉडलों का निरिक्षण कर निर्णायक मंडल ने हर वर्ग से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले मॉडल का चयन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि विज्ञान, कला, संस्कृति और खाद्य व्यंजनों की 12वीं प्रदर्शनी का आयोजन हुआ, जो खाद्य पदार्थों के पीछे के विज्ञान और सांस्कृतिक परंपराओं को दर्शाती है इसमें गंध, स्वाद, स्पर्श जैसे इंद्रियों के माध्यम से खाने के अनुभव को समझाया गया, जिसमें खाने के पीछे के विज्ञान, जैसे कि गंध का स्वाद पर 80% प्रभाव, को दर्शाया गया, साथ ही शेफ स्किल्स और केंद्रबिंदु बनाने की कला भी दिखाई गई। यह प्रदर्शनी भोजन, जलवायु, संस्कृति और तकनीक के बीच के संबंधों को दर्शाती है, जिसमें विभिन्न प्रयोग, कार्यशालाएं और बातचीत शामिल हैं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक सपना पाठक, रवि रंजन, विकाश कुमार, संतोष कुमार, प्रतिमा कुमारी, रेणु कुमारी एवं अन्य कई शिक्षकगण मौजूद रहे।

एक नजर

धन दुगुना करने का झांसा देकर करोड़ों की ठगी

डिहरी ऑन सोन। जमा राशि दोगुनी करने का लालच देकर करोड़ों की ठगी के मामले में आंध्रप्रदेश के विशाखापटनम स्थित वेलफेयर बिल्डिंग एंड ईस्टेट प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर सहित छह लोगों के खिलाफ एसडीजेएम कोर्ट के आदेश पर डिहरी नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार प्राथमिकी में पूर्वी मोहन बिगहा निवासी किरण देवी ने आरोप लगाया है कि कंपनी के डायरेक्टर संध्या वल्ली विन्जापुरी एवं अन्य कर्मियों ने डेहरी कार्यालय में वर्ष 2013 से 2015 के बीच तीन योजनाओं में 70 हजार रुपये निवेश कराया। पांच वर्षों में राशि दोगुनी लौटाने का वादा किया गया, लेकिन अवधि पूरी होने पर 20 अक्टूबर 2020 को राशि लौटाने से इनकार कर दिया गया। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि करीब 1 लाख 31 हजार 801 रुपये की ठगी की गई है। साथ ही कंपनी पर डेहरी व अकोढ़ीगोला थाना क्षेत्र के पांच हजार से अधिक लोगों से लगभग 10 करोड़ रुपये हड़पने का भी आरोप है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

नितिन नवीन का पटना में होगा भव्य अभिनन्दन

सासाराम (रोहतास)। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष संतोष पटेल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि नितिन नवीन जी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार 23 दिसम्बर को पटना पहुंच रहे हैं। उनके पटना पहुंचने पर विशेष अभिनन्दन समारोह का आयोजन पटना के मिलर हाई स्कूल के मैदान में किया गया है। जिसमें जिले के राष्ट्रीय पदाधिकारी, प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, मंच -- मोर्चा, प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, पंचायत अध्यक्ष तक सभी कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन का पटना के ऐतिहासिक धरती मिलर हाई स्कूल के अभिनंद समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें जिले के सभी कार्यकर्ता उक्त कार्यक्रम में पहुंचकर सहभागी बने। बिहार को यह पहली बार राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने का गौरव प्राप्त हुआ है। जो विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में हम सभी कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हैं कि सभी समय पर पहुंचकर इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के साक्षी बने।

अरविंद एकेडमी का वार्षिक खेल सप्ताह संपन्न

डिहरी ऑन सोन। न्यू डिलिया स्थित अरविंद एकेडमी में आयोजित वार्षिक खेल सप्ताह शनिवार को एक दिवसीय क्रिकेट मैच के साथ संपन्न हो गया। खेल सप्ताह की शुरुआत 18 दिसंबर को विद्यालय के निदेशक कृष्णा प्रसाद द्वारा की गई थी। उन्होंने बच्चों को खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्राचार्य अरविंद भारती ने बताया कि खेल सप्ताह के दौरान चेस, वॉलीबॉल, कबड्डी, रस्साकस्सी, कैरम और क्रिकेट सहित कई खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन के अवसर पर डालमियानगर खेल मैदान में ए, बी, सी और डी टीम के बीच क्रिकेट मैच खेला गया, जिसमें डी टीम विजेता रही। मैच में कक्षा 9 के छात्र दीप लाल कुमार को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अभिभावकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और खेल गतिविधियों की सराहना की। सभी विजेता खिलाड़ियों को मदर किड्स प्ले स्कूल की प्राचार्या मोनी भारती ने मेडल देकर सम्मानित किया। क्रिकेट विजेता टीम को 26 जनवरी को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा।

आठ दिवसीय योग शिविर आज से

डिहरी ऑन सोन। पाली स्थित श्री अरविंद सोसाइटी परिसर में आज से आठ दिवसीय योगाभ्यास शिविर की शुरुआत हो रही है। यह शिविर 21 दिसंबर से 28 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें योग साधना और स्वस्थ जीवनशैली पर विशेष जोर दिया जाएगा। संस्था की अध्यक्ष ज्योति उपाध्याय और सचिव सीधेश्वर प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया कि आश्रम के वरिष्ठ साधक एवं योग प्रभारी कृष्णा प्रसाद के अथक प्रयास से यह योग शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में योग प्रशिक्षित प्रवुद्ध इंदू सिंह, रीवा (मध्य प्रदेश) द्वारा प्रतिभागियों को योगासन एवं प्राणायाम का विधिवत प्रशिक्षण दिया जाएगा। आयोजकों के अनुसार योगाभ्यास की समय-सारिणी निर्धारित कर दी गई है। पुरुष प्रतिभागियों के लिए प्रातः 6:30 बजे से 8:00 बजे तक तथा महिला प्रतिभागियों के लिए अपराह्न 3:30 बजे से 5:00 बजे तक योग कक्षाएं संचालित होंगी। आयोजकों ने नगर एवं आसपास के लोगों से इस शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है, ताकि योग के माध्यम से शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ किया जा सके।

उर्दू सिर्फ जबान नहीं, बल्कि गंगा, जमुनी तहजीब की विरासत : जिलाधिकारी

जहानाबाद। स्थानीय शहर के अब्दुलबारी नगर भवन मे जिला पदाधिकारी, जहानाबाद, अलंकृता पाण्डेय द्वारा 'फरोग-ए-उर्दू सेमिनार एवं मुशायरा' कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर विधिवत किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से उर्दू भाषा से मोहब्बत करने वाले लोगों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम मे शामिल जिला पदाधिकारी द्वारा आभार व्यक करते हुए बताया गया कि उर्दू सिर्फ जबान नहीं, बल्कि गंगा, जमुनी तहजीब की विरासत है। उन्होंने बताया कि चुकी हमारा देश एक धर्म निर्पेक्ष राष्ट्र है तथा हमारे देश का संविधान सभी भाषाओ को प्रोत्साहित करता है, इसलिए हम सभी की जवाबदेही है कि इस विरासत को आगे बढ़ाएं। इस दौरान जिला पदाधिकारी ने यह भी बताया कि बहुत से शब्द ऐसे है, जिसका उपयोग हम अपने हिन्दी शब्दों के बोल चाल मे करते है, परन्तु हमें पता नहीं होता कि यह हिंदी है अथवा उर्दू। जिला पदाधिकारी ने अपने संबोधन मे बताया कि उर्दू भाषा के ज्ञाता और उर्दू भाषा से मोहब्बत करने वाले हर व्यक्ति उर्दू भाषा को बढाने मे अपना योगदान दे। "फरोग-ए-उर्दू सेमिनार एवं मुशायरा " कार्यक्रम मे मंच के संचालक जनाब शकील अहमद काकवी और प्रोफेसर गुलाम असदक साहेदान द्वारा कार्यक्रम मे शामिल पदाधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों को शॉल, पौधा और मोमेंटो देकर स्वागत किया। इस दौरान कार्यक्रम मे तीन आलेख पाठक, तीन डेलीगेट तथा पांच -पांच छात्र /छात्रों ने भाग लिया तथा अपने लेखन प्रस्तुत किया। साथ ही कार्यक्रम मे दस शायरों ने हिस्सा लिया और अपनी अपनी शायरी से तमाम उपस्थित लोगो को लुत्फ अंदोज़ किया। कार्यक्रम के अन्त मे उर्दू अनुवाद पदाधिकारी, जिला उर्दू भाषा कोषांग, जहानाबाद, मो. नियाज़ द्वारा शुक्रिया अदा करते हुए कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

संत गुरु रविदास का मनाया जायेगा छठिहार जन्मोत्सव

डिहरी ऑन सोन। अखिल भारतीय रविदास नव निर्माण मंच की ओर से संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज का छठिहार जन्मोत्सव सह-सम्मान समारोह आगामी 8 फरवरी 2026 को पटना में भव्य स्तर पर आयोजित किया जाएगा। इसकी जानकारी मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार राम और बिहार प्रदेश अध्यक्ष चतुर्भुज राम ने 20 दिसंबर 2025 को संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आयोजन को बड़े पैमाने पर संपन्न किया जाएगा। समारोह में बिहार के सभी जिलों सहित देश के विभिन्न राज्यों से मंच के हजारों कार्यकर्ता और अनुयायी शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी, वहीं समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विशिष्ट व्यक्तियों को "संत गुरु रविदास विरासत सम्मान" से सम्मानित किया जाएगा। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार राम ने कहा कि संत गुरु रविदास जी का जीवन समता, समानता और सामाजिक न्याय का जीवंत संदेश देता है, जिसे जन-जन तक पहुंचाना इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। बिहार प्रदेश अध्यक्ष चतुर्भुज राम ने बताया कि समारोह की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं और सभी जिलों के पदाधिकारी आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। समारोह में केंद्रीय मंत्री, बिहार सरकार के मंत्री सहित कई गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति प्रस्तावित है। आयोजकों ने समाज के सभी वर्गों से कार्यक्रम में सहभागिता की अपील की है।

डीएम व विकास आयुक्त ने विभिन्न योजनाओं का किया स्थल निरीक्षण

निरीक्षण का उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ और पशुपालन से जुड़े विकास कार्यों की जमीनी स्थिति का आकलन करना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

सासाराम। विकास आयुक्त, बिहार मिहिर कुमार सिंह, भा०प्र०से० ने जिला पदाधिकारी, रोहतास उदिता सिंह, भा०प्र०से० के साथ शनिवार को अकोढ़ीगोला प्रखंड अंतर्गत विभिन्न विभागों से संबंधित स्थलों का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पशुपालन से जुड़े विकास कार्यों की जमीनी स्थिति का आकलन करना तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना रहा। निरीक्षण के दौरान विकास आयुक्त महोदय ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण क्रम में विकास आयुक्त महोदय द्वारा प्रेम नगर हाई स्कूल, अकोढ़ी गोला का निरीक्षण किया गया। विद्यालय परिसर में उन्होंने छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद स्थापित किया और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें अनुशासन, नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन तथा स्पष्ट लक्ष्य निर्धारण के महत्व से अवगत कराया। इस अवसर पर विकास आयुक्त ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा से लेकर आईएएस तक के सफर के अनुभव को साझा करते हुए विद्यार्थियों को प्रेरक टिप्स दिए, जिससे छात्रों में विशेष उत्साह एवं आत्मविश्वास का संचार हुआ। विकास आयुक्त महोदय ने विद्यालय के प्रधानाचार्य से शैक्षणिक गतिविधियों एवं विद्यालय के समग्र विकास से संबंधित जानकारियां प्राप्त की। उन्होंने विद्यालय में शैक्षणिक वातावरण को और सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए। इस अवसर पर विद्यार्थियों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया, जिससे छात्र-छात्राओं में खुशी एवं प्रेरणा देखने को मिली। इसके उपरांत विकास आयुक्त महोदय ने प्रेम नगर हाई स्कूल के लिए भूमि दान करने वाले दाता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात विकास आयुक्त महोदय द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र, अकोढ़ीगोला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य उपकेंद्र में उपलब्ध दवाओं की स्थिति, साफ-सफाई, मरीजों को दी जा रही चिकित्सीय सेवाओं तथा प्लस पोलियो अभियान की प्रगति की जानकारी ली गई। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने, दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा आम नागरिकों को समयबद्ध एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिए। निरीक्षण क्रम में विकास आयुक्त महोदय ने पशुपालन विभाग, अकोढ़ी गोला का भी भ्रमण किया। इस दौरान विभागीय गतिविधियों, पशुपालकों को दी जा रही सुविधाओं एवं योजनाओं की जानकारी प्राप्त की गई। विकास आयुक्त द्वारा प्रखंड कार्यालय, अकोढ़ी गोला का निरीक्षण किया गया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी अकोढ़ी गोला को आवश्यक निर्देश दिए। पूरे निरीक्षण के दौरान संबंधित जिला पदाधिकारी, रोहतास, विभागों के वरीय एवं स्थानीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। विकास आयुक्त महोदय ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए सरकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक समय पर एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाने का निर्देश दिया।

रोहतासगढ़ तीर्थ यात्रा को लेकर तैयारियां तेज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

तिलौथू (रोहतास)। अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम, प्रखण्ड–तिलौथू, जिला–रोहतास के तत्वावधान में आयोजित होने वाली '20वीं रोहतासगढ़ तीर्थ यात्रा' को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। यह भव्य तीर्थ यात्रा माघ पूर्णिमा, रविवार 1 फरवरी 2026 को प्रातः 11:00 बजे से रोहतासगढ़ किला परिसर में विधिवत सम्पन्न होगी। इस ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक यात्रा में भाग लेने के लिए भारत के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ नेपाल से भी हजारों की संख्या में वनवासी बंधु-भगिनी सपरिवार तिलौथू पहुंचेंगे। सभी तीर्थ यात्री 31 जनवरी 2026, शनिवार को दिन में सरस्वती विद्या मंदिर, तिलौथू के प्रांगण में एकत्र होंगे। इस वर्ष लगभग 5000 तीर्थ यात्रियों के लिए भोजन, जलपान एवं ठहराव की समुचित व्यवस्था रोहतास जिला वासियों द्वारा की जा रही है।

31 जनवरी को भव्य स्वागत समारोह

तीर्थ यात्रियों के स्वागत हेतु 31 जनवरी शनिवार की संध्या 6:30 बजे से सरस्वती विद्या मंदिर, तिलौथू के प्रांगण में भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया जाएगा।

इस समारोह का उद्घाटन हर्ष हरि, अंचल अधिकारी एवं अंकिता जैन, प्रखंड विकास पदाधिकारी, तिलौथू संयुक्त रूप से करेंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे गणेश राम भगत, राष्ट्रीय संयोजक, रोहतासगढ़ तीर्थ यात्रा तथा मुख्य वक्ता के रूप में सत्येन्द्र सिंह, अध्यक्ष, अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर वनवासी बंधु-भगिनी द्वारा पारंपरिक वनवासी नृत्य एवं गीत की आकर्षक प्रस्तुति दी जाएगी, जो कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएगी।

स्वागत समिति की पहली बैठक सम्पन्न

तीर्थ यात्रा एवं स्वागत समारोह की तैयारियों को लेकर स्वागत समिति की पहली बैठक सरस्वती विद्या मंदिर, तिलौथू के सभा कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में स्वागत समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही तथा कार्यक्रम की रूपरेखा, व्यवस्थाओं एवं दायित्वों पर विस्तार से चर्चा की गई। बताया गया कि स्वागत समिति की दूसरी बैठक 17 जनवरी 2026, शनिवार को अपराह्न 3:00 बजे से इसी स्थान पर आयोजित की जाएगी।

सहयोग की अपील

आयोजकों ने रोहतास जिला वासियों से इस पुण्य एवं सांस्कृतिक आयोजन को सफल बनाने हेतु तन-मन-धन से सहयोग करने की अपील की है। साथ ही सभी नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे 31 जनवरी 2026, शनिवार की संध्या 6:30 बजे सपरिवार सरस्वती विद्या मंदिर, तिलौथू पहुंचकर वनवासी बंधु-भगिनियों के गीत-नृत्य का आनंद लें और कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाएं।

खोये मोबाइल को आरपीएफ डिहरी ने बरामद कर यात्री को सौंपा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन सोन। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) डेहरी ने ईमानदारी और तत्परता का परिचय देते हुए ट्रेन में छूटा मोबाइल फोन बरामद कर उसे सही सलामत यात्री को सौंप दिया। आरपीएफ पोस्ट निरीक्षक राम विलास राम ने बताया कि ड्यूटी के दौरान गाड़ी संख्या 13306 डाउन के जनरल कोच में तैनात आरक्षी आर.के. सिंह को एक मोबाइल फोन पड़ा हुआ मिला। आरक्षी द्वारा मोबाइल को सुरक्षित रूप से आरपीएफ पोस्ट पर लाकर रखा गया। कुछ समय बाद सुश्री साक्षी शर्मा (उम्र 29 वर्ष), पिता शंभू शर्मा, निवासी पाली रोड, डेहरी ऑन सोन, थाना नगर डेहरी, जिला रोहतास, आरपीएफ पोस्ट पहुंचीं और बताया कि वह सासाराम से डेहरी ऑन सोन तक उक्त ट्रेन के जनरल कोच में यात्रा कर रही थीं, इसी दौरान उनका मोबाइल ट्रेन में ही गिर गया था। मोबाइल दिखाए जाने पर महिला यात्री ने उसकी पहचान की। आवश्यक सत्यापन एवं औपचारिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद फोटोग्राफी करते हुए मोबाइल उन्हें सुपुर्द कर दिया गया। महिला यात्री ने मोबाइल की कीमत लगभग 10 हजार रुपये बताई। मोबाइल वापस मिलने पर यात्री ने आरपीएफ की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

जिलाधिकारी ने बीआरजीएफ भवन में की समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

भभुआ। कुदरा प्रखंड स्थित बीआरजीएफ भवन में जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त, कैमूर, अपर समाहर्ता, कैमूर, अनुमण्डल पदाधिकारी (मोहनियां), विशेष कार्य पदाधिकारी, कैमूर बीडीओ, सीओ, बीपीआरओ, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी और मनरेगा के कार्यक्रम पदाधिकारी, कार्यपालक एवं सहायक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग (मोहनियां), कुदरा प्रखंड प्रमुख, जिला परिषद सदस्य और सभी ग्राम पंचायतों के मुखिया उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रखंड में चल रही विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना और स्थानीय समस्याओं का मौके पर समाधान सुनिश्चित करना था। जनप्रतिनिधियों ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की मुख्य रूप से कई समस्याएं रखीं,जिसमें कुदरा-भभुआ मोड़ पर 'फुट ओवरब्रिज' के निर्माण की मांग, धान अधिप्राप्ति में तेजी, जन्म प्रमाण पत्र बनाने में हो रही देरी और मनरेगा भुगतान में लंबित मामले, जल-जमाव, खराब सड़कों की मरम्मत और नल-जल योजना की अनियमितता, नगर क्षेत्र में व्यवस्थित बस स्टैंड और टेम्पो पड़ाव का अभाव, जनप्रतिनिधियों ने सकरी डैम पर पार्क बनाने का सुझाव दिया। सुझाव को गंभीरता से लेते हुए जिला पदाधिकारी महोदय ने तुरंत बांध का निरीक्षण किया और स्थल का जायजा लिया। डेरवा पंचायत के हाई स्कूल तक पहुंच पथ के निर्माण हेतु पीओ मनरेगा को तत्काल स्थल जांच कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। नेवरास पंचायत के विभिन्न टोलों में पानी की समस्या के लिए जेई पीएचईडी को और केवड़ी गांव में जल-जमाव की समस्या हेतु सोख्ता निर्माण के लिए मनरेगा अधिकारी को निर्देशित किया गया। नगर क्षेत्र में बस एवं टेम्पो स्टैंड के लिए जमीन चिह्नित करने हेतु कार्यपालक अभियंता (नगर पंचायत) और अंचलाधिकारी को समन्वय बनाकर काम करने को कहा गया। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने एक अनूठी पहल करते हुए सभी जनप्रतिनिधियों से 'बुक डोनेशन ड्राइव' चलाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के प्रसार के लिए समाज के सहयोग से पुस्तकालयों को समृद्ध करना आवश्यक है।

रबी मौसम के तहत उर्वरक निगरानी समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

सासाराम। रोहतास की जिलाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को रबी मौसम 2025–26 के तहत जिला स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की बैठक समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार में आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त, निदेशक डीआरडीए, जिला कृषि पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, कृषि विभाग के सहायक निदेशक, उर्वरक कंपनियों के प्रतिनिधि एवं थोक विक्रेता शामिल हुए। बैठक में अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, डेहरी की अनुपस्थिति पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए उनसे स्पष्टीकरण तलब करने का निर्देश दिया। जिला कृषि पदाधिकारी ने पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से रबी फसलों के लिए उर्वरकों की आवश्यकता, उपलब्धता और वितरण की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में रबी मौसम हेतु उर्वरकों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की गई है और शेष रैंक भी शीघ्र प्राप्त होंगे। जिलाधिकारी ने थोक विक्रेताओं को सख्त निर्देश दिया कि उर्वरकों की कमी को लेकर किसी भी प्रकार की अफवाह न फैलाएं और निर्धारित मूल्य पर ही बिक्री करें। जमाखोरी, कालाबाजारी या अनियमितता पाए जाने पर उर्वरक नियंत्रण आदेश-1985 के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मेट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध है। जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा रबी मौसम मे लगाए जाने वाले फसलों कि उर्वरको के आवश्यकता, उपलब्धता तथा वितरण व्यवस्था से सम्बंधित प्रतिवेदन पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।

बडीहा गांव में नवदिवसीय रामलीला का भव्य आयोजन, धनुष यज्ञ की लीला ने मोहा मन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन सोन। इंद्रपुरी क्षेत्र के बडीहा गांव में आयोजित नवदिवसीय रामलीला महोत्सव में तीसरे दिन श्रद्धा और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम में शामिल हुए डेहरी विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने सर्वप्रथम प्रभु श्रीराम की आरती की। इसके बाद ग्राम कचहरी पंच व भाजपा नेता आनंद कुमार पांडे ने विधायक को शॉल और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

विधायक सोनू सिंह ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्षों पूर्व गांवों में रामलीला का आयोजन नियमित रूप से होता था, लेकिन समय के साथ नई पीढ़ी में यह परंपरा धीरे-धीरे विलुप्त होती जा रही थी। करीब तीन दशक बाद रामलीला के पुनः आयोजन से ग्रामीणों में नया उत्साह देखने को मिल रहा है, जो युवा पीढ़ी को संस्कार और संस्कृति से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम के बताए मार्ग पर चलने से जीवन सार्थक और धन्य बनता है। तीसरे दिन कलाकारों द्वारा धनुष यज्ञ की मनोहारी झांकी प्रस्तुत की गई। लीला में दिखाया गया कि राजा जनक की प्रतिज्ञा के अनुसार शिव धनुष तोड़ने वाले से ही सीता का विवाह होना था। देश-देशांतर से आए अनेक वीर योद्धा असफल रहे, अंततः मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने धनुष भंग कर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया।

इस अवसर पर श्रीरामायण प्रचारक मंडल, मिर्जापुर (उप्र) के संचालक राजेश चौरसिया, अध्यक्ष उपेंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में कलाकार और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

अपात्र राशन कार्डधारकों पर सख्ती, कोचस में 2800 और करगहर में 4100 को अंतिम नोटिस

कोचस (रोहतास)/नबिटा संवाददाता। सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खाद्य आपूर्ति विभाग ने अपात्र राशन कार्डधारकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू की है। जिला से प्रखंड आपूर्ति विभाग को प्राप्त डाटा के आधार पर कोचस और करगहर प्रखंड में बड़ी संख्या में अपात्र लाभार्थियों की पहचान की गई है। जिला प्रशासन द्वारा जारी सूची के अनुसार कोचस प्रखंड में 2800 तथा करगहर प्रखंड में 4100 राशन कार्डधारक पात्रता के दायरे से बाहर पाए गए हैं। इन सभी को अंतिम नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि 29 दिसंबर तक यदि संबंधित लाभार्थी अपना दावा प्रस्तुत नहीं करते हैं, तो उनका नाम राशन कार्ड से हटा दिया जाएगा। सूची में शामिल अपात्र लाभार्थियों में आयकर दाता, पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेने वाले, अन्य सरकारी योजनाओं से जुड़े व्यक्ति तथा 2.5 एकड़ से अधिक भूमि धारक शामिल हैं, जो इसके बावजूद सरकारी राशन का लाभ उठा रहे थे। खाद्य आपूर्ति विभाग ने नोटिस को प्रखंड कार्यालय, पंचायत सरकार भवन सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर चस्पा किया है, ताकि सभी तक सूचना पहुंच सके। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सुरभि राज ने बताया कि यदि किसी लाभार्थी को लगता है कि सूची में उसका नाम गलत शामिल हुआ है, तो वह 29 दिसंबर तक एसडीएम कार्यालय में आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन देकर अपना दावा प्रस्तुत कर सकता है। तय समय सीमा के बाद नाम हटना निश्चित होगा।

जालसाजी मामले में दो दोषियों को तीन-तीन वर्ष की सजा

डिहरी ऑन सोन। अनुमंडल व्यवहार न्यायालय के प्रथम श्रेणी दंडाधिकारी प्रवीण कुमार की अदालत ने जालसाजी कर भूमि अपने नाम लिखवाने के मामले में दो आरोपियों को तीन वर्ष की सजा सुनाई है। दोषियों में नासरीगंज निवासी श्री भगवान सिंह और दरिहट निवासी जय नाथ वर्मा शामिल हैं। मामले के अनुसार, डेहरी नगर थाना क्षेत्र के घनटोलिया निवासी प्रवीन कुमार ने सुअरा निवासी भोलानाथ मित्रा से एक एकड़ चार डिसमिल जमीन खरीदी थी। आरोप है कि इसी दौरान भोलानाथ मित्रा के स्थान पर एक फर्जी व्यक्ति को खड़ा कर आरोपियों ने उक्त भूमि का फर्जी केवाला अपने नाम करा लिया। इस संबंध में 24 जून 2015 को डेहरी नगर थाना में जालसाजी की प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Road Construction Department, Road Division, Daltonganj.

e-Procurement Notice

e-Tender Ref No-11/RCD/Daltonganj/2025-26/1159 Dated:- 19.12.2025

1.	Name of Work	**Construction of RCC Girder Bridge Over North Koyal River in Daltonganj to Chainpur Road in Chainpur Block under Road Division, Daltonganj for the year 2025-26**
2.	Estimated Cost	**Rs. 42,67,32,600.00 (Rupees Forty Two Crore Sixty Seven Lacs Thirty Two Thousand Six Hundred) Only.**
3.	Bid Security (Amount)	**Rs. 42,67,400.00 (Rupees Forty Two Lac Sixty Seven Thousand Four Hundred) Only.**
4.	Time of Completion	**24 Months**
5.	Date of Publication of Tender on Website	**29.12.2025, 10:30 AM**
6.	Last Date/Time of Online Bid Submission	**19.01.2026, 12:00 Noon**
7.	Date and Time of Bid opening	**21.01.2026, 12:30 PM**
8.	Pre Bid Meeting Date & Time	**05.01.2026, 15:00 PM**
9.	Bid (Tender Fee & EMD) Submission Address	**Cost of bidding document (for a non refundable fee) & Bid security as indicated shall be payable online through http://jharkhandtenders.gov.in**
10.	Name & address of officer Inviting tender	**Executive Engineer, R.C.D., Road Division, Daltonganj.06562&225019**
11.	E-mail Id	**eercdmedini-jhr@nic.in**
12.	Helpline number ofe-Procurement cell	**0651-2401010**

Note : Estimated amount may vary.
For further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.

Executive Engineer
Road Construction Department
Road Division, Daltonganj.

PR 369089 District (25-26)_D

लाइसेंस धारियों की सूची में कैमूर के निवर्तमान डीएम सुनील कुमार 34 वें नंबर पर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

भभुआ। कैमूर के निवर्तमान डीएम सुनील कुमार ने स्थानान्तरण के बाद कैमूर जिले में 42 लोगों को शस्त्र का लाइसेंस निर्गत किया है। 42 लोगों में निवर्तमान डीएम ने खुद अपने हस्ताक्षर से अपने शस्त्र का लाइसेंस निर्गत किया है। सूची में उनका नाम 34 वें नंबर पर दर्ज है। प्रशासनिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिन लोगों के नाम से शस्त्र का लाइसेंस निर्गत किया गया है है उनमें दुर्गावती थाना क्षेत्र के बदुरी गांव के चन्द्रशेखर सिंह, भभुआ वार्ड 19 के अभिषेक तिवारी, भगवानपुर के मनोज कुमार पांडेय, जेवरी के देवेंद्र कुमार सिंह, जेवरी के विजयकांत सिंह, गोपीनाथपुर के उमाशंकर सिंह, जिगिना के अभय प्रताप सिंह, हाटा के साहेब आलम अंसारी, जहानाबाद कुदरा के अभिजीत कुमार सिंह, नावागांव के धिरेन्द्र चौबे, जहानाबाद कुदरा के रिशांत प्रताप सिंह, चांद थाना क्षेत्र के मनोज कुमार सिंह, भगवानपुर के उपेन्द्र पांडेय, कुदरा के रणजीत कुमार सिंह, नेवरास के राजकुमार सिंह, भागीरथीपुर के आजाद खान, वन के बहुअरा राजीव कुमार राय, भभुआ वार्ड नम्बर पांच संजय कुमार, थिलोई विकास कुमार, भभुआ वार्ड नम्बर 11 संतोष कुमार, भभुआ वार्ड नम्बर 9 धनजीव मिश्रा, अखलासपुर मुकेश कुमार सिंह, आमाढी मुकेश पासवान, रामगढ़ प्रियमबदा देवी, विकास कुमार भभुआ वार्ड नम्बर 3, विकास कुमार मोकरी, चन्दन यादव निबी, लोकजीत कुमार तिलकनगर, राजेश कुमार सिंह भभुआ वार्ड नम्बर 13, नसेर अली अंसारी अवारी, संजय कुमार निरंजनपुर, संतोष कुमार नउआ झोटी, सुनील कुमार कैमूर डीएम, अमीत कुमार पाण्डेय भभुआ वार्ड 7, दिपक राय चडेश, आकाश कुमार राय चडेश, दिवान अमरान खा नौघरा, बयत कुमार मरिचाव, राजरौशन मिश्रा कुढ़नी, विजय कुमार खरांटी व अभय प्रताप सिंह कुदरा शामिल हैं।

एक नजर

अमित चंद्रवंशी आइपीएल में मचाएंगे धूम

नवादा। क्रिकेटर अमित चंद्रवंशी को आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद टीम में चुने जाने पर चंद्रवंशी समाज के लोगों में खुशी की लहर है। बिहार के रोहतास जिले के करगहर प्रखंड के हामिरपुर गांव के रहने वाले अमित कुमार का चयन होने से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उनके पिता जनार्दन चंद्रवंशी ने कहा कि अमित की इस सफलता से पूरे गांव का नाम रोशन हुआ है। अमित चंद्रवंशी की इस उपलब्धि पर नवादा में बधाई देने वालों में समाजसेवी अरविंद चंद्रवंशी भी शामिल हैं। अरविंद चंद्रवंशी ने कहा कि अमित ने अपनी कड़ी मेहनत और प्रतिभा के बलबूते यह मुकाम हासिल किया है, जो आज के युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। पूर्व वार्ड पार्षद नवादा मनोज चंद्रवंशी, संजय कुमार संजू, प्रदीप कुमार, प्रो. दयानंद शर्मा, आलोक वर्मा, लवकुश कुमार, मुकेश कुमार चंद्रवंशी आदि ने बधाई देते हुए कहा कि अमित के साथ हमलोगों की शुभकामना है। वे इस आइपीएल में बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

ठंड को लेकर खांसी, सर्दी, निमोनिया के मरीज पहुंच रहे अस्पताल

नारदीगंज,नवादा। मौसम के मिज़ाज में बदलाव के साथ ठंड का असर लगातार गहराता जा रहा है। सर्द हवाओं के झोंकों ने कनकनी बढ़ा दी है, जिसका सीधा प्रभाव जनस्वास्थ्य पर दिखाई दे रहा है। सरकारी और निजी अस्पतालों में मरीजों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की जा रही है। शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नारदीगंज में विभिन्न रोगों से पीड़ित मरीज उपचार के लिए पहुंचे। चिकित्सक डॉ. अजय कुमार ने बताया कि ठंड के कारण बुजुर्ग और नवजात शिशु विशेष रूप से प्रभावित हो रहे हैं। बुजुर्ग मरीजों में दमा, सांस फूलना, छाती में दर्द जैसी शिकायतें बढ़ी हैं, जबकि सर्दी, खांसी, बुखार और शरीर दर्द से पीड़ित मरीजों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। उपचार के लिए पहुंचे मरीजों ने बताया कि चिकित्सकों द्वारा लिखी गई अधिकांश दवाइयां अस्पताल में ही उपलब्ध हो जा रही हैं, जिससे उन्हें राहत मिली है।
डॉ. विमलेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चे निमोनिया से अधिक प्रभावित होते हैं। इस रोग में सांस लेने में परेशानी, तेज सांस चलना, सर्दी और खांसी प्रमुख लक्षण हैं। उन्होंने लोगों को गर्म पानी पीने, पौष्टिक आहार लेने, गर्म कपड़े पहनने और ताजा भोजन करने की सलाह दी। इधर, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नवीन कुमार ने बताया कि प्रतिदिन 175 से 200 मरीज ओपीडी में उपचार के लिए पहुंच रहे हैं, वहीं आकस्मिक सेवाओं में भी मरीजों की आवाजाही बनी हुई है। फार्मासिस्ट संजीव कुमार के अनुसार अस्पताल में 290 प्रकार की दवाओं में से 247 प्रकार की दवाएं वर्तमान में उपलब्ध हैं, जिससे उपचार कार्य सुचारु रूप से जारी है।

टी.एस.कॉलेज हिसुआ में स्नातक सेमेस्टर परीक्षा शुरू

नवादा। हिसुआ नगर परिषद स्थित महाविद्यालय टी.एस.कॉलेज, हिसुआ में मगध विश्वविद्यालय बोध गया द्वारा आयोजित स्नातक सेमेस्टर -1 सत्र 2025-29 की परीक्षा शांतिपूर्ण तथा कदाचार मुक्त शुरू हो गया है। केंद्राअधीक्षक सह प्राचार्य डॉ.पवन कुमार शर्मा ने बताया कि मगध विश्वविद्यालय द्वारा नारदीगंज कॉलेज नारदीगंज स्नातक सेमेस्टर 1 का परीक्षा केंद्र टी.एस.कॉलेज, हिसुआ में बनाया गया है , स्नातक विज्ञान, कला, तथा वाणिज्य संकाय के 1609 छात्र/ छात्राओं का परीक्षा केंद्र बनाया गया है,स्नातक सेमेस्टर - 1 का सैद्धांतिक परीक्षा दिनांक 20 दिसम्बर 2025 से 27 दिसंबर 2025 तक परीक्षा होगी, प्राचार्य डॉ.पवन कुमार शर्मा ने बताया कि परीक्षा कार्य में परीक्षा नियंत्रक डॉ संजय कुमार चौहान, सहायक परीक्षा नियंत्रक सिंधुकांत, अनिल कुमार, शैलेंद्र कुमार, अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में आज पहला दिन परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से दोनों पाली में सम्पन्न हुआ। मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि परीक्षा का निरीक्षण मगध विश्वविद्यालय द्वारा प्रतिनियुक्त नवादा जिला के फ्लाइंग स्क्वायर के.एल.एस. कॉलेज, नवादा के प्रोफेसर डॉ शहजादा ने किया। परीक्षा कार्य में डॉ.मिथिलेश पासवान, डॉ. सुनील कुमार दुबे,डॉ.अमरदीप मोहन अमहोरे,डॉ परमानंद राम, डॉ. रजनीश देव, डॉ.सुधा कुमारी, डॉ अंजली कुमारी, डॉ शांडिल्य, डॉ.गरिमा वर्मा , डॉ पम्मी कुमारी, डॉ प्रतिभा सिंह, डॉ.राकेश चौधरी, डॉ धनंजय कुमार, डॉ पप्पू कुमार, डॉ पम्मी कुमारी, डॉ.उत्तम कुमार सहित सभी शिक्षक तथा कुछ कर्मचारी लगे हुए हैं।

अलाव जलाकर ठंड से निजात पा रहे लोग

नारदीगंज,नवादा। नारदीगंज प्रखंड में इन दिनों तापमान में काफी गिरावट आ गया है। आसमान में घने कोहरे छाया हुआ रह रहा है। भगवान सूर्यदेव भी कोहरे में छिपे रहे। हालात यह है कि लोगों को हाथों हाथ भी नहीं दिख पा रहा है। ऐसे में वाहनों की गति भी धीमी पड़ गई है। यह हालत शनिवार को भी रहा। सड़कों पर वीरानगी छाया रहा। लोगों को दैनिक कार्य भी प्रभावित हो रहा है। ठंड से बचने के लिए लोग आग जहां सेंक रहे हैं। वही गर्म पोशाक पहनकर ठंड को दूर करने में लगे हुए हैं। इधर, लोग कहते हैं कि मानव तो क्या,पशु पक्षियों भी ठंड के चपेट में आ रहे हैं। लोगों ने नारदीगंज चौक के अलावा सुदूर इलाके के चौक चौराहे पर अलाव जलाने व गरीब परिवार के बीच कम्बल वितरण करने की मांग जिला प्रशासन से की है। इस बाबत अंचल नाजिर प्रेम कुमार ने कहा विभाग के माध्यम से अलाव जलाने के लिए राशि उपलब्ध नहीं कराई गईं है। बीडीओ सोनिया ढनढननिया ने कहा जिला से अभी तक प्रखंड कार्यालय नारदीगंज में कम्बल उपलब्ध नहीं हुआ है। कम्बल उपलब्ध होते ही गरीब परिवारों के बीच वितरण कर दिया जाएगा।

अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, तीन गिरफ्तार

पकरीबरावां। पकरीबरावां पुलिस ने राईस रोड के देवीबीघा के आस पास बालू गिरा रहे ट्रैक्टर को जब्त किया है। पुलिस के अनुसार अवैध बालू रहने के कारण ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। इस मामले में मुडलाचक के नीतीश कुमार एवं सतीश कुमार को जबकि मसलखामा के चुनचुन कुमार उर्फ भूषण कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

शीतलहर का कहर जारी, लोग घरों में दुबके

पकरीबरावां। शुक्रवार की ही तरह शनिवार को भी धूप के दर्शन नहीं हुए। कनकनी एवं शीतलहर के कारण लोग घरों में दुबके रहे। यद्यपि शुक्रवार की तुलना में शनिवार को कोहरे का प्रभाव कम देखा गया, पर कनकनी ज्यादा रही। शाम ढलते ही लोग अपने घरों को लौट आए। इधर, बढ़ रहे शीतलहर को देखते हुए अंबेडकर जागृति मंच के अध्यक्ष आसो पासवान, कोषाध्यक्ष लवली टेलर, कचना गांव के बसंत पासवान आदि ने जिला प्रशासन से जगह- जगह पर अलाव की व्यवस्था करने की मांग की है।

योग शिविर आयोजित, योग करने की अपील

रजौली (नवादा)। प्रखंड मुख्यालय स्थित इंटर विद्यालय के मैदान में शनिवार की सुबह 6 बजे से लेकर 7 बजे तक योग शिविर का आयोजन किया गया। योग शिविर में योग गुरु पतंजलि के प्रखंड प्रतिनिधि न्यूटन कुमार व योग सहायक शिवकुमार के द्वारा लोगों को विभिन्न प्रकार के योग बताया गया। वहीं सुरक्षा बलों में एसआई मो. शमीम खान,एसआई संगीता कुमारी, एएसआई सत्यदेव प्रसाद, एएसआई के के झा के साथ कांस्टेबल प्रमोद कुमार व रिंटू कुमार भी मौजूद रहे। योग शिविर में लोगों को योग के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। योग शिविर संचालक सीआरपीएफ जवान चंदन कुमार सिंह ने बताया कि योग सिर्फ पुलिस बलों के लिए ही जरूरी नहीं, बल्कि आम इंसान को स्वस्थ रखने भी सहायक है। सीआरपीएफ के द्वारा बीते एक वर्षों में फिजिकल ट्रेनिंग दिया जा रहा है एवं रजौली के 30 से अधिक युवाओं को बिहार पुलिस,एसएससी जीडी,होमगार्ड समेत अन्य पुलिस फोर्स के शारीरिक क्षमता में उत्तीर्ण करवाया गया है। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि बब्लू यादव, मुखिया प्रतिनिधि मुकेश यादव, गोलू टीवीएस,ज्ञान निकेतन के रवींद्र कुमार व बब्लू कुमार,पप्पू यादव, रूद्र प्रताप सिंह, राहुल पाण्डेय, सुधीर, राजा, अभिजीत, अंकित,अविनाश सिंह के अलावे कमांडों फिजिकल एकेडमी के सीआरपीएफ सिंटू कुमार,बीएसएफ पीटीआई सुबोध कुमार,आर्मी नीतीश कुमार, ट्रेनर विक्रम कुमार, दीपक कुमार, विकास कुमार, सुशांत सिंह, दीपक रविदास, करण यादव, आर्यन,राजा, विशाल सिंह सिरदला समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

लकड़ी तस्करी का भंडाफोड़, ट्रक व बाइक जब्त, पांच तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रजौली (नवादा)। थाना क्षेत्र के बुढ़ियासाख गांव के आगे स्थित जंगल से शुक्रवार की देर रात्रि वन विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए खैर की लकड़ी की अवैध तस्करी का खुलासा किया है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में एक अशोक लीलैंड ट्रक (संख्या यूपी 32 यूएन 2609) पर लदी भारी मात्रा में खैर की लकड़ी जब्त की गई। साथ ही मौके से ट्रक चालक,उपचालक सहित कुल पांच तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई से वन माफिया में हड़कंप मच गया है। वनों के क्षेत्र पदाधिकारी नारायण लाल सेवक ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि बुढ़ियासाख के जंगलों से अवैध रूप से खैर के पेड़ों की कटाई कर लकड़ी को उत्तर प्रदेश नंबर के ट्रक

में लोड किया जा रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। इस टीम का नेतृत्व वनपाल आदर्श कुमार को सौंपा गया,जबकि अन्य वनकर्मियों को भी अलर्ट मोड पर रखा गया। रात में गठित टीम ने जंगल क्षेत्र में पहुंचकर रणनीति के तहत घेराबंदी की। जैसे ही तस्कर ट्रक में खैर की लकड़ी लोड कर रहे थे,उसी दौरान वन विभाग की टीम ने छापा मार दिया। छापेमारी के दौरान मौके से तीन तस्करों को रंगे हाथ पकड़ा गया एवं ट्रक चालक व उपचालक को भी हिरासत में ले लिया गया। साथ ही छापेमारी के दौरान तस्करी में प्रयुक्त एक बाइक भी जब्त की गई है, जिसका इस्तेमाल जंगल के अंदर आवाजाही के लिए किया जा रहा था। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान रजौली थाना क्षेत्र के फरकाबुजुर्ग गांव निवासी विवेकानंद राजवंशी, नवादा के शौकत अली खान व इस्लामनगर निवासी इंतखाब खान, उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ निवासी लतीफ अहमद तथा अमेठी निवासी ट्रक चालक पीर मोहम्मद के रूप में की गई है।
वनों के क्षेत्र पदाधिकारी ने बताया कि सभी आरोपितों को वन विभाग की हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।साथ ही बताया कि प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि खैर की लकड़ी जंगल से अवैध रूप से काटी गई थी और उसे बाहर ले जाकर बेचने की तैयारी चल रही थी।जब्त लकड़ी की मात्रा का आकलन किया जा रहा है।पूछताछ के दौरान तस्करी से जुड़े अन्य लोगों और नेटवर्क की जानकारी जुटाने का प्रयास किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि सभी पांचों गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध वन अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर शनिवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। इस छापेमारी दल में वनरक्षी रणवीर यादव, संजीव कुमार, प्रहलाद कुमार, रंजन कुमार, संजय कुमार समेत कई अन्य वनकर्मी शामिल थे।वन विभाग ने साफ किया है कि वन संपदा की अवैध कटाई और तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी सख्ती से जारी रहेगा।

ठंड को देखते हुए विद्यालयों के संचालन समय में परिवर्तन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। जिले में ठंड जारी है विशेष रूप से प्रातः एवं सायं के समय तापमान में निरंतर गिरावट देखी जा रही है, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य एवं जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की प्रबल संभावना है।
उक्त परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए रवि प्रकाश, भा० प्र० से०, जिला दण्डाधिकारी, नवादा द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा-163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश निर्गत किया गया है कि नवादा जिला के सभी निजी एवं सरकारी विद्यालयों (प्री-स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों सहित) के सभी कक्षाओं की शैक्षणिक गतिविधियों पर पूर्वाह्न 10:00 बजे से पहले तथा अपराह्न 03:00 बजे के पश्चात प्रतिबंध लगाया जाता है।
जिले के सभी संबंधित विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिया गया है कि उपर्युक्त आदेश के आलोक में

अपनी शैक्षणिक गतिविधियों का पुनर्निधारण सुनिश्चित करें। साथ ही प्री-बोर्ड/बोर्ड परीक्षा हेतु संचालित विशेष कक्षाओं अथवा परीक्षाओं का संचालन पूर्ण सावधानी एवं बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए किया जाए।
उक्त आदेश 20 दिसम्बर 2025 से प्रभावी होगा तथा 26 दिसम्बर 2025 तक लागू रहेगा।

कृषि मेले में किसानों ने जाना खेती का भविष्य, आधुनिक तकनीकों से बढ़ी उम्मीदें

बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो। राजगीर महोत्सव 2025 के दूसरे दिन आयोजित कृषि मेले में नालंदा जिले सहित आसपास के जिलों से आए हजारों किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मेले में किसानों ने परंपरा से आधुनिकता तक की खेती की यात्रा को नज़दीक से देखा और नई तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सात निश्चय पार्ट-3 और कृषि रोडमैप के अंतर्गत किसानों की आय बढ़ाने और उत्पादन में वृद्धि के उद्देश्य से, जिलाधिकारी कुंदन कुमार के मार्गदर्शन में जिला कृषि पदाधिकारी डॉ. नितेश कुमार द्वारा इस भव्य कृषि मेले का आयोजन किया गया है। मेले में "हल से हाईटेक तक" की जीवंत प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें पत्थर के औजारों से लेकर आधुनिक कृषि यंत्र, ड्रोन, स्मार्ट खेती और आईटी आधारित प्रणालियों तक का प्रदर्शन किया गया। यह प्रस्तुति किसानों और युवाओं के लिए ज्ञानवर्धक साबित हुई। जैविक कोरिडोर योजना के तहत जिले के 12 प्रखंडों में 2117 किसान 2000 एकड़ में जैविक खेती कर रहे हैं। वहीं प्राकृतिक खेती के लिए 1875 किसानों के 15 क्लस्टर गठित किए गए हैं। प्रदर्शनी-सह-प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले किसानों को सम्मानित किया गया, जिसमें विनीत राज भारती और रामलाल कुमार प्रमुख रहे।

एससी-एसटी अत्याचार निवारण व मैनुअल स्कैवेंजिंग मामलों की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। जिलाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम, 1989 के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति तथा मैनुअल स्कैवेन्जर रोजगार निषेध एवं पुनर्वास अधिनियम, 2013 के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित कि गई। बैठक में दोनों अधिनियमों के अंतर्गत जिले में दर्ज मामलों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश

दिया गया कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति से संबंधित मामलों में त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा पीड़ितों को सरकार द्वारा निर्धारित सभी प्रकार की सहायता एवं मुआवजा समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराया जाए। पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत दर्ज मामलों में अनुसंधान की प्रगति की सतत निगरानी की जा रही है तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही संवेदनशील मामलों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। मैनुअल स्कैवेन्जर रोजगार निषेध एवं पुनर्वास अधिनियम, 2013 के अंतर्गत जिले में मैनुअल स्कैवेन्जिंग की स्थिति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिले में किसी भी परिस्थिति में मैनुअल स्कैवेन्जिंग की प्रथा स्वीकार्य नहीं है। यदि कहीं ऐसी गतिविधि पाई जाती है तो संबंधित व्यक्तियों के पुनर्वास की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा दोषी नियोजकों के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जाए।बैठक में पुलिस अधीक्षक, नालन्दा, पुलिस उपाधीक्षक (मु०), नालन्दा, जिला कल्याण पदाधिकारी, नालन्दा, विशेष लोक अभियोजक, अनु० जाति एवं अनु० जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, जिला नालन्दा, थानाध्यक्ष, अनु० जाति एवं अनु० जनजाति थाना, नालन्दा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहें।

जिले में चला सघन वाहन जांच अभियान

50 से अधिक वाहनों पर 3.50 लाख से अधिक का जुर्माना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। जिला परिवहन पदाधिकारी नवीन कुमार पांडेय के निर्देश के आलोक में आज समाहरणालय गेट, हिसुआ, नारदीगंज रोड सहित जिले के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर संबंधित पदाधिकारियों द्वारा सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया।
इस अभियान के दौरान दोपहिया वाहनों में हेलमेट एवं ड्राइविंग लाइसेंस की अनिवार्यता, ट्रिपल लोडिंग, भारी वाहनों का फिटनेस, बीमा (इंश्योरेंस), प्रदूषण, परमिट इत्यादि कागजातों की वैधता, वाहन पर हाई-सिक्योरिटी नंबर प्लेट सहित अन्य यातायात नियमों की गहन जांच की गई। जाँच के क्रम में यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले 50 से अधिक वाहनों को चिन्हित करते हुए कुल 3.50 लाख से अधिक का दण्ड अधिरोपित किया गया।
जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया

कि सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इस प्रकार का जाँच अभियान आगे भी नियमित रूप से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित किया जाएगा। आमजनों से अपील की गई है कि वे वाहन चलाते समय सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखें तथा यातायात नियमों का पालन कर स्वयं एवं दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि दुपहिया वाहनों के परिचालन में हेलमेट की अनिवार्यता सुनिश्चित करने हेतु "नो हेलमेट, नो पेट्रोल" की नीति को सख्ती से लागू किया जाएगा। सभी पेट्रोल पंप मालिक/ संचालक नो हेलमेट, नो पेट्रोल" की नीति को सख्ती से लागू करें।

अंतर्राष्ट्रीय सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र की रेत कला बनी राजगीर महोत्सव का केंद्रबिंदु

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। विश्व की प्राचीनतम ज्ञानभूमि नालंदा जिले के ऐतिहासिक राजगीर में आयोजित तीन दिवसीय राजगीर महोत्सव के उद्घाटन अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र कुमार की रेत कला ने देश-विदेश से आए पर्यटकों का मन मोह लिया। बीते दो दशकों से लगातार राजगीर महोत्सव में अपनी सृजनात्मक उपस्थिति दर्ज कराते आ रहे मधुरेंद्र कुमार की यह नवीनतम कृति इस वर्ष भी महोत्सव का सबसे बड़ा आकर्षण बनकर उभरी है। शुक्रवार को उद्घाटन समारोह के दौरान मुख्य पंडाल के प्रवेश द्वार के दाहिनी ओर, कड़ाके की ठंड के बावजूद लगभग 12 घंटे की अथक मेहनत के बाद मधुरेंद्र कुमार ने 100 टन बालू से 10 फीट ऊंची

और 20 फीट लंबी भव्य रेत प्रतिमा का निर्माण किया। यह कलाकृति 'विकसित बिहार' के संकल्प के तहत लागू सात निश्चय-3 योजना पर आधारित है, जिसे पहली बार रेत कला के माध्यम से जन-जागरूकता के उद्देश्य से प्रस्तुत किया गया। रेत पर उकेरी गई इस कलाकृति में बिहार सरकार की प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावशाली और जीवंत रूप में दर्शाया गया है। इसमें दोगुना रोजगार और दोगुनी आय के लिए आर्थिक सशक्तिकरण, निवेश और औद्योगिक विस्तार से समृद्ध उद्योग व सशक्त बिहार, कृषि में प्रगति और किसानों की आय में वृद्धि, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से उज्ज्वल भविष्य, सुलभ स्वास्थ्य सेवाओं से सुरक्षित जीवन, सड़क-ऊर्जा-शहर-पर्यटन के आधुनिक विस्तार से मजबूत आधार, तथा तकनीक आधारित सुशासन के माध्यम से सबका सम्मान और आसान जीवन जैसे विषयों को कलात्मक ढंग से प्रस्तुत किया गया है।

महिला महोत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। राजगीर महोत्सव के अवसर पर महिला महोत्सव में नालन्दा जिला अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया।
कार्यक्रम में लोकगीत, शास्त्रीय गीत, मेहंदी प्रतियोगिता, मेकअप एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाया गया। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने अपनी कला और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। मेकअप और मेहंदी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रतिभागी के नाम आकृति कुमारी, प्रथम स्थान, प्रकृति कुमारी द्वितीय स्थान,सान्या एवं आफिइन तृतीय स्थान प्राप्त किए।
मेकअप प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रतिभागी के नाम में मोनिका

कुमारी, प्रथम स्थान, सुहाना श्रेया द्वितीय स्थान, भूमिका कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त किये। शास्त्रीय संगीत में प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रतिभागी के नाम में चैतन्य घोष प्रथम स्थान, प्रियंका कुमारी द्वितीय स्थान, स्नेहा कुमारी तृतीय स्थान। लोक गीत में प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रतिभागी के नाम में प्रियंका कुमारी प्रथम स्थान, कुमारी संजना सिंह द्वितीय स्थान।
लोक नृत्य समूह में प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रतिभागी के नाम में संत जेवियर्स गर्ल्स स्कूल ईशा परवीन, आसमी बिहू नृत्य, में प्रथम स्थान। रानी कुमारी एवं रिया प्रियांशु, कथक नृत्य में द्वितीय स्थान। आदिरा नारायण एवं गणेश वंदना तृतीय स्थान।
एकल शास्त्रीय नृत्य में प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रतिभागी के नाम मुस्कान कुमारी, रॉक्सी नृत्य, प्रथम स्थान लक्ष्मी श्री, रॉक्सी नृत्य, द्वितीय स्थान रितिका आर्या लावणी, तृतीय स्थान लोक नृत्य में प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रतिभागी के नाम परी कुमारी, प्रथम स्थान। ओपेन माइक प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रतिभागी के नाम वैष्णवी कुमारी, प्रथम स्थान, संगम कुमारी द्वितीय स्थान। छात्र-छात्राओं की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। महोत्सव का उद्देश्य युवाओं को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना तथा उनकी रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन से राजगीर महोत्सव 2025 की गरिमा और भी बढ़ गई।

स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु टीम गठित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हिसुआ। प्रखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 शैलेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में प्रखण्ड स्तरीय टीम का गठन किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा जामनकारी देते हुए बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान कार्यक्रम चलाई जा रही है जिसका मुख्य उद्देश्य पूरे गर्भकाल में कम से कम एक बार संस्थान में विस्तृत प्रसव पूर्व जॉच को सुनिश्चित किया जा सके। एवं दूसरी और तीसरी तिमाही की सभी गर्भवती महिलाओं को प्रत्येक माह की 9वी तारीख को प्रसव पूर्व जॉच के लिए बुलाया जाता है इस दौरान उन सभी गर्भवती महिलाओं में से कुछ ऐसी गर्भवती महिलाएं होती हैं जो अत्यधिक एनीमिक रहती हैं या उच्च रक्तचाप आदि रहने पर उनका अलग लाइन लिस्ट बनाकर फॉलो अप करके उनका सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित कर मातृ मृत्यु दर की संभावना को और कम किया जा सकता है। इस फॉलोअप प्रकिया को और सुदृढ़ीकरण करने के लिए प्रखण्ड स्तरीय टीम का गठन किया गया है जिसका मुख्य कार्य उच्च जोख़िम वाली गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना है। बैठक में पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि नीरज कुमार द्वारा बताया गया कि प्रायः देखा जा रहा था कि उच्च जोख़िम वाली गर्भवती महिलाओं की सूचना समय पर आशा तक नहीं पहुंच पा रही थी एवं प्राथमिकता के आधार पर फॉलोअप प्रकिया को सुनिश्चित करने के लिए आपसी सहयोग के साथ कार्य करने की आवश्यकता पर ध्यान देने की जरूरत है।

हजारों कार्यकर्ता करेंगे नितिन नवीन का जोरदार स्वागत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन के आगामी 23 दिसंबर को पटना के मिलर हाई स्कूल मैदान में भव्य स्वागत समारोह 12 बजे दिन मे आयोजन रखा गया है। नवादा जिले से हजारों कार्यकर्ता उनके भव्य स्वागत के लिए पटना पहुँचेंगे। इसको लेकर नवादा भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए नवादा भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल मेहता ने तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी।जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल एक औपचारिक स्वागत नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं की भावना, विश्वास और संगठन के प्रति अटूट समर्पण का प्रतीक होगा। उन्होंने कहा कि नितिन नवीन का संघर्ष, समर्पण और नेतृत्व हर कार्यकर्ता के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने से बिहार सहित पूरे देश के कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार हुआ है।
उन्होंने गर्व के साथ कहा कि नितिन नवीन का पैतृक गांव रजौली प्रखंड के अमावा में होना नवादा जिले के लिए गौरव की बात है। जिससे जिले के कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। नवादा का हर कार्यकर्ता उनके स्वागत को अपना सौभाग्य मान रहा है। उन्होंने बताया कि जिले के सभी मंडलों से कार्यकर्ता पूरे उत्साह, अनुशासन और एकजुटता के साथ पटना रवाना होंगे। यह स्वागत कार्यक्रम संगठन की एकता, मजबूती और कार्यकर्ताओं के अपार प्रेम को दर्शाएगा। प्रेस वार्ता मे प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रताप रंजन, जिला महामंत्री अरविंद गुप्ता, नंदकिशोर चौरसिया, कोषाध्यक्ष विश्वास सिंह विशु, नवादा विधानसभा संयोजक अभिजीत कुमार सिन्हा, प्रवक्ता कुंदन प्रभाकर मीडिया प्रभारी गुलशन कुमार, युवा मोर्चा अध्यक्ष अजित शंकर, सोशल मीडिया संयोजक संदीप कुमार उपस्थित थे।

दिव्यांगों के लिए नियोजन-सह-करियर एवं व्यावसायिक मार्गदर्शन शिविर आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। शनिवार को जिला नियोजन पदाधिकारी, नवादा सुनील कुमार सुमन, सीनियर डिप्टी कलेक्टर अमरनाथ कुमार एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दिव्यांगजनों हेतु एक दिवसीय नियोजन-सह-करियर एवं व्यावसायिक मार्गदर्शन शिविर का शुभारंभ संयुक्त श्रम भवन परिसर, नवादा में दीप प्रज्वलित कर किया गया। उक्त शिविर में आठ नियोजकों द्वारा भाग लिया गया, जिनमें फ्रीडम एम्प्लॉयबिलिटी अकादमी, नई दिल्ली, धरमशीला देवी मल्टी-स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नवादा, भारतीय जीवन बीमा निगम (एल०आई०सी०), नवादा, स्तुति सोशल वेलफेयर फाउंडेशन, डोमिनो'स, नवादा, टाटा मोटर्स (मां मुंडेश्वरी टाटा मोटर्स), नवादा, भारत गैस एजेंसी, नवादा तथा शर्मा एंटरप्राइजेज लिमिटेड शामिल हैं।इस नियोजन कैम्प में नन-मैट्रिक से स्नातक, आइटीआइ एवं डिप्लोमा उत्तीर्ण दिव्यांग अभ्यर्थियों ने भाग लिया। अभ्यर्थियों के लिए आयु सीमा 18 से 50 वर्ष निर्धारित थी। चयनित अभ्यर्थियों के लिए कार्य-स्थल नवादा, हाजीपुर (बिहार) एवं बावल (हरियाणा) निर्धार

बीडीसी की बैठक में योजनाओं की समीक्षा

अनुपस्थित अधिकारियों पर कार्रवाई की अनुशंसा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

शेरघाटी। प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को पंचायत समिति की बैठक प्रखंड प्रमुख नरेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड क्षेत्र के सभी विभागों के विभागीय प्रधान एवं संबंधित कर्मी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था के अंतर्गत सूचीबद्ध विषयों की समीक्षा करना और जनहित से जुड़ी योजनाओं की प्रगति का आंकलन करना रहा।बैठक की शुरूआत सर्वप्रथम गत बैठक की कार्यवाही की संपुष्टि के साथ की गई। इसके उपरांत विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यों की बारी-बारी से समीक्षा की गई। सदस्यों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, स्वच्छता, मनरेगा, आपूर्ति, कृषि सहित अन्य विभागों की कार्यप्रणाली पर विस्तार से चर्चा की। प्रखंड प्रमुख ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से आम जनता तक पहुंचे, इसके लिए कार्यप्रणाली में और अधिक चुस्ती एवं जवाबदेही लाई जाए।

बैठक के दौरान यह भी उल्लेख किया गया कि अंचलाधिकारी अवकाश पर होने के कारण बैठक में उपस्थित नहीं हो सके, जबकि सहायक गोदाम प्रबंधक विभागीय बैठक में व्यस्त रहने के कारण अनुपस्थित रहे। हालांकि, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी बिना किसी पूर्व सूचना के बैठक से अनुपस्थित पाए गए, जिस पर पंचायत

समिति के सदस्यों ने नाराजगी जताई। सदन ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी की बिना सूचना अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए उनके विरुद्ध जिला पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई की अनुशंसा भेजी जाए। सदस्यों ने कहा कि पंचायत समिति की बैठकें जनहित से जुड़ी होती हैं और विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य है।

बैठक के अंत में प्रखंड प्रमुख ने सभी उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करने, जनप्रतिनिधियों की बातों को गंभीरता से लेने और क्षेत्र की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने का निर्देश दिया। बैठक में बीडीओ स्नेहिल आनंद, एमओ,पीओ, कृषि पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी आदि शामिल रहे।

शराब की दो भट्ठियां ध्वस्त

गयाजी। रौशनगंज थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के नवादा गांव में अवैध शराब निर्माण के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए दो शराब भट्ठियों को ध्वस्त किया है। इस कार्रवाई से गांव सहित आसपास के इलाकों में हड़कंप मच गया है। रौशनगंज थाना अध्यक्ष अन्नू राजा ने शनिवार बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नवादा गांव में बड़े पैमाने पर देसी शराब का निर्माण किया जा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम का गठन किया गया और तत्काल नवादा गांव में छापेमारी की गई।छापेमारी के दौरान पुलिस ने जंगलनुमा इलाके में संचालित दो अवैध शराब भट्ठियों का पता लगाया। मौके से भारी मात्रा में अर्धनिर्मित शराब, जावा महुआ तथा शराब बनाने के उपकरण बरामद किए गए। पुलिस टीम ने सभी भट्ठियों को मौके पर ही नष्ट कर दिया। हालांकि, छापेमारी की भनक लगते ही शराब कारोबारी फरार हो गए।

थाना अध्यक्ष ने बताया कि अवैध शराब कारोबार में संलिप्त लोगों की पहचान की जा रही है और उनके खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

अमीनों के गलत प्रतिवेदन से बढ़ रहा विवाद, सीओ मौन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गुरारू । प्रखण्ड क्षेत्र में दर्जनों भूमि विवाद अमीनों की जानबुझ लापरवाही, लालफीताशाही से अधर में लटका हुआ है। पक्ष-विपक्ष कपरफोडौवल करने को मजबुर हैं । इस संबंध में बाजार के विनोद लाल श्रीवास्तव, बालकृष्ण पाठक अधिवक्ता, महेश यादव (तिलकुट व्यवसायी), विनय प्रसाद (घड़ी दुकान) सहित कई लोगों ने बताया कि अंचल में पदस्थापित अमीनों द्वारा वर्षों से विरोधी पक्षों से पैसा लेकर गलत नापी प्रतिवेदन दिया जाता रहा है। साथ ही साथ जब तक पैसा नहीं दिया जाता है तबतक प्रतिवेदन नहीं दिया जाता है। इस संबंध में अंचल अधिकारियों से शिकायत करने पर किसी भी प्रकार का कोई कार्रवाई नहीं किया जाता है। ऐसी स्थिति में विवाद बरकरार रहता है। इस संबंध में विनोद श्रीवास्तव ने बताया कि अमीन की लापरवाही से मुझे भाई भाई में मारपीट हो गया और मामला न्यायालय में लंबित है। वहीं लालकृष्ण पाठक अधिवक्ता ने बताया की अमीन द्वारा मेरी जमीन का बगैर नापी रिपोर्ट देकर मेरी हत्या का साजिश रच दिया गया है । विनय प्रसाद ने कहा कि बगैर नापी किए अमीन द्वारा रिपोर्ट दे दिया गया , जिससे भयंकर झगड़ा की संभावना है। विरोध एवं शिकायत करने पर अंचल अधिकारी ने रिपोर्ट लेकर उपर जाने का सलाह दिया। गौरतलब है कि बाजार के तिलकुट व्यवसायी महेश यादव से अमीन द्वारा रिपोर्ट देने के ऐवज में हजारों रूपए लेते विडियो वायरल हुआ था और तत्कालीन जिलाधिकारी डॉ.त्यागराजन द्वारा उक्त आमीन को निलंबित कर दिया गया है। ज्ञात हो कि अमीनों द्वारा गलत प्रतिवेदन देने पर इनपर सरकार द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है ऐसी स्थिति में इनका मनोबल बढ़ा रह रहा है। अधिवक्ता सह पत्रकार बालकृष्ण पाठक ने उप मुख्यमंत्री सह भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा से ऐसे विवादित अमीनों द्वारा देय रिपोर्ट को पुनः नापी कराकर इन्हें सेवा से बर्खास्त करने का मांग किया है।

रोजगार मेला का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अरवल। जिले के कलेर प्रखंड में जीविका द्वारा मार्गदर्शन शह रोजगार मेला का आयोजन किया गया। मेले में 17 कंपनियों द्वारा जिले के युवाओं को प्रशिक्षण और रोजगार हेतु निबंधन किया गया। प्रखंड जीवका के प्रबंधक रागिनी कुमारी ने बताया कि जिले में 1437 युवाओं द्वारा रोजगार और प्रशिक्षण के लिए निबंधन किया गया । इनमें से 234 युवाओं को रोजगार के लिए निबंधन किया गया और 103 युवाओं को मेला में रोजगार हेतु ऑफर लेटर दिया गया । इस अवसर पर क्षेत्रीय रोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा युवाओं को प्रशिक्षण के लिए निबंधन किया गया। इस तरह के मार्गदर्शन सह स्वरोजगार मेला के आयोजन से युवाओं को काफी लाभ हो रहा है। और मेले में काफी भीड़ देखी गई।

श्रमदान दिवस के अवसर पर अनुग्रह स्कूल के उपस्कर किए गए ठीक

फेविकोल चैंपियनशिप क्लब के दर्जनों कारपेंटरों को प्रधानाध्यापक ने किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय में श्रमदान दिवस के दिन फेविकोल चैंपियनशिप क्लब के दर्जनों कारपेंटर्स ने विद्यालय के सभी टूटे फूटे लकड़ी के उपस्करों को ठीक कर दिए एवं छोटे मोटे मरम्मति को सरल तरीके से ठीक करने के तकनीक भी सिखाया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह ने किया।

प्रधानाध्यापक ने कहा कि बीस दिसंबर को पिडिलाइट कंपनी लिमिटेड के बैनर तले प्रत्येक वर्ष अनुग्रह स्कूल में दर्जनों कारपेंटर्स आकर सभी उपस्करों की मरम्मती कर दिया करते हैं जो कंपनी द्वारा सोशल कॉरपोरेट रिस्पांसिबिलिटी का एक अच्छा नजीर है। प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह को फेविकोल कंपनी के बाहर से आए प्रतिनिधि सौरभ झा एवं सुमीत कुमार ने फेविकोल के कई प्रोडक्ट्स उपहार में दिए और साथ ही विश्वास दिलाया कि पूरे वर्ष चैंपियन क्लब के मिस्त्री विद्यालय की मांग पर टूटे बेंच डेस्क आदि को ठीक करते रहेंगे। प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह के नेतृत्व में पूरा विद्यालय परिवार ने आए सभी कारपेंटर्स को हार्दिक विदाई दिया।

अंतर्राष्ट्रीय काव्य कुंभ में डॉ अम्बे कुमारी का काव्य पाठ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बोधगया। हिंदी विभाग, मगध विश्वविद्यालय की सहायक आचार्या डॉ अम्बे कुमारी ने 16, 17 और 18 दिसंबर 2025 को बोधगया में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय काव्य कुंभ में प्रभावशाली काव्य पाठ किया। यह तीन दिवसीय कवि सम्मेलन बोधगया से लगभग पांच किलोमीटर दूर आचार्य कुल बोधी ट्री स्कूल, श्रीपुर परिसर में संपन्न हुआ। सम्मेलन संत विनोबा भावे के विचारों पर केंद्रित रहा, जिसमें देश-विदेश से आए कवियों और विद्वानों ने अपने विचार और रचनाएं प्रस्तुत कीं। इस अंतर्राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में विश्व के विभिन्न देशों से लगभग तीन सौ कवियों ने भाग लिया। वाशिंगटन, लंदन और यूनाइटेड किंगडम से आए विद्वानों की उपस्थिति ने आयोजन को वैश्विक स्वरूप प्रदान किया। सम्मेलन का आयोजन वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा के पूर्व कुलपति आचार्य धर्मेंद्र शास्त्री और रायबरेली काव्य मंच के संस्थापक शिवनाथ सिंह शिव के संयुक्त संयोजन में किया गया। डॉ अम्बे कुमारी ने सम्मेलन में अपनी चर्चित भोजपुरी कविता ह्यबेटी के पढ़ाव अउरी बेटी के बचावह्ल का काव्य पाठ किया, जिसे श्रोताओं ने खूब सराहा।

कविता के माध्यम से उन्होंने बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा के महत्व को रेखांकित किया। इसके साथ ही उन्होंने स्त्री सशक्तीकरण पर अपने विचार रखते हुए कहा कि समाज के समग्र विकास के लिए महिलाओं को शिक्षा, सम्मान और समान अवसर मिलना आवश्यक है। डॉ अम्बे कुमारी की साहित्यिक साधना और सामाजिक सरोकारों को देखते हुए उन्हें सम्मेलन के दौरान सारस्वत कर्मयोगी सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके साहित्यिक योगदान और समाज को सकारात्मक दिशा देने वाले रचनात्मक प्रयासों का प्रतीक माना गया। आयोजकों के अनुसार अंतर्राष्ट्रीय काव्य कुंभ का उद्देश्य साहित्य के माध्यम से मानवीय मूल्यों, सामाजिक चेतना और संत विनोबा भावे के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना रहा, जिसमें डॉ अम्बे कुमारी की प्रस्तुति विशेष रूप से प्रभावी रही।

बाइक की टक्कर से टोटो सवार दो लोग जख्मी

औरंगाबाद। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग - 139 पर चतरा मोड़ के स्थित जैविक उद्यान के समीप शनिवार की शाम अनियंत्रित बाइक सवार ने टोटो में टक्कर मार दी। इस हादसे में टोटो सवार दो लोग जख्मी हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने दोनों जख्मियों को उठाया और इसकी सूचना डॉयल 112 वाहन को दी। सूचना मिलते ही डॉयल 112 वहां के पुलिसकर्मियों द्वारा उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। जहां चिकित्सकों के द्वारा उनका इलाज किया गया। घायलों की पहचान घेउरा माली बिगहा निवासी ओमप्रकाश मालाकार तथा सोहागिया बिगहा निवासी बंधु पासवान के रूप में की गई है। बताया जाता है कि बंधु पासवान रिसियप से सब्जी लेकर अपने गांव आ रहे थे। जबकि ओमप्रकाश मालाकार फूल माला लेने रिसियप से औरंगाबाद आ रहे थे। हादसे के बाद ऑटो चालक एवं बाइक चालक अपने अपने वाहनों को लेकर फरार हो गए।

खेल से खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मिलता है अवसर : सोमप्रकाश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मदनपुर(औरंगाबाद)। प्रखंड क्षेत्र के बेरी खेल के मैदान में शनिवार को गांधी युवा क्लब खिरियावां के द्वारा क्रिकेट टूनार्मेंट मैच का आयोजन किया गया। क्रिकेट मैच का उद्घाटन ओबरा के पूर्व विधायक सोमप्रकाश यादव, मदनपुर थानाध्यक्ष राजेश कुमार एवं सलैया थानाध्यक्ष कन्हैया शर्मा मुखिया धनंजय यादव, डॉ. रामानंद रविदास एवं टुनटुन सिह के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। यह टूनार्मेंट बेरी और बरडी के बीच खेला गया जिसमें बेरी ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया। बरडी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 5 विकेट खोकर विशाल स्कोर 212 रन बनाएं। लक्ष्य को प्राप्त करने उतरी बेरी की टीम ने 15 ओवर में सभा विकेट खोकर 176 रन बनाएं। इस दौरान बरडी ने 36 रन से मैच अपने नाम किया और क्वाटर फाईनल में प्रवेश किया। विजेता टीम की खिलाडी ऋषभ कुमार ने 68 रन बनाकर 1 विकेट लिया जिसे मैन ऑफ द मैच रहे। इस अवसर पर ओबरा के पूर्व विधायक सोमप्रकाश यादव ने खिलाड़ियों को ट्राफी प्रदान कर उत्साहवर्धन किया। साथ ही उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल से भाईचारे की प्रेम बढ़ता है और खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका मिलता है। खेल ही एकमात्र ऐसा साधन नहीं है जिससे कोई व्यक्ति खुद को आगे बढ़ा सकता है। टूनार्मेंट का आयोजक उदय कुमार शिकारी, खिरियावां पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रंजीत कुमार यादव, अभय कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंपायर की भूमिका रौशन कुमार, प्रिंस कुमार, गुड्डू कुमार पासवान, स्कोरिग अनुज कुमार, विपुल कुमार, विशाल मेहता, कमेंट्री मो. कलीम, मो. इम्तेयाज, मो. राजन ने किया। इस अवसर पर गजेंद्र ठाकुर, राहुल कुमार, टुनटुन कुमार सहित अन्य लोग शामिल रहें।

नगर पंचायत में वार्ड पार्षद संघ का गठन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

खिजरसराय। खिजरसराय नगर पंचायत में शनिवार को वार्ड पार्षदों की एक अहम बैठक आयोजीत कि गई। जिसमें नगर पंचायत के समग्र विकास, पार्षदों की एकजुटता एवं जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने के उद्देश्य से सर्वसम्मति से वार्ड पार्षद संघ का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता वार्ड पार्षद कुमारी अनिता रानी ने की।

बैठक में नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों से उपस्थित 10 वार्ड पार्षदों ने आपसी सहमति से वार्ड संख्या 12 के पार्षद संदीप कुमार को नगर पंचायत खिजरसराय वार्ड पार्षद संघ का अध्यक्ष तथा वार्ड संख्या 3 के पार्षद सत्यजीत चन्द्र सैनिक को उपाध्यक्ष चुना। वहीं कार्यकारिणी समिति के सदस्य में कुमारी अनिता रानी, शीला देवी, संगीता देवी को बनाई गई। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के चयन पर उपस्थित पार्षदों ने हर्ष व्यक्त किया और उन्हें बधाई दी। बैठक में पार्षद संघ के गठन के उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि संघ के माध्यम से नगर पंचायत क्षेत्र के सभी वार्डों की मूलभूत समस्याओं सड़क, नाली, बिजली, पेयजल, स्ट्रीट लाइट आदि नागरिक सुविधाओं को संगठित रूप से नगर प्रशासन एवं संबंधित विभागों के समक्ष उठाया जाएगा। साथ ही पार्षदों के संवैधानिक अधिकारों एवं दायित्वों की रक्षा करते हुए नगर पंचायत की जन-उपयोगी एवं विकास योजनाओं को पारदर्शिता के साथ आम जनता तक पहुँचाने का कार्य किया जाएगा। नवनिर्वाचित अध्यक्ष संदीप कुमार ने कहा कि पार्षद संघ सभी पार्षदों को साथ लेकर नगर पंचायत खिजरसराय के विकास के लिए सकारात्मक एवं रचनात्मक भूमिका निभाएगा। उपाध्यक्ष सत्यजीत चन्द्र सैनिक ने भरोसा दिलाया कि संघ जनसमस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देगा और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेगा। बैठक में पिंकी देवी, कुमारी दीपमाला, शीला देवी, संगीता देवी, अंजनी देवी, जितेन्द्र कुमार, कुमारी अनिता रानी , संगीता देवी सहित अन्य वार्ड पार्षद उपस्थित थे।

शिविर में 603 आवेदनों का निष्पादन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अरवल। जिले में सुशासन सप्ताह 2025 के अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर राष्ट्रीय अभियान के तहत प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग भारत सरकार द्वारा 19 दिसंबर से 25 दिसंबर तक ₹प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम 2025 ₹का आयोजन किया जा रहा है।

इसके तहत आज अरवल जिले के कलेर प्रखंड के बलिदाद मध्य विद्यालय के प्रांगण में शिविर का आयोजन किया गया और 603 आवेदकों के आवेदन का तुरंत त्वरित निष्पादन किया गया। शिविर का उद्घाटन जिला स्तरीय पदाधिकारी, और प्रखंड विकास पदाधिकारी, स्थानीय मुखिया और जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया ।इस तरह के कार्यक्रम जिले में 25 दिसंबर तक चलाया जाएगा ।जिसमें शिविर के माध्यम से लोगों के आवेदन का त्वरित निष्पादन किया जायेगा ।

दो दिवसीय किसान मेला-सह-प्रदर्शनी का समापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अरवल। कृषकों को आधुनिक कृषि तकनीकों से अवगत कराने, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने एवं कृषि क्षेत्र में नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा), अरवल द्वारा संयुक्त कृषि भवन, अरवल के प्रांगण में आयोजित दो दिवसीय किसान मेला-सह-प्रदर्शनी का समापन आज किया गया।

कार्यक्रम के अंतिम दिन की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी अरवल अमृषा बैंस के निदेर्शानुसार जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक, आत्मा, अरवल रणजीत कुमार झा द्वारा की गई। अपने संबोधन में उन्होंने किसानों को उन्नत कृषि पद्धतियों को अपनाने, फसल उत्पादन बढ़ाने एवं वैज्ञानिक तकनीक के माध्यम से खेती को लाभकारी बनाने पर बल दिया।इस अवसर पर उप परियोजना निदेशक, आत्मा, अरवल अजीत कुमार पासवान द्वारा कृषकों को आत्मा के माध्यम से संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों, नवीन तकनीकों तथा प्राकृतिक खेती की उपयोगिता की जानकारी दी गई। उन्होंने कृषकों से आत्मा की योजनाओं का लाभ लेकर टिकाऊ खेती अपनाने का आह्वान किया।

सहायक निदेशक (शष्य), भूमि संरक्षण, अरवल द्वारा भूमि संरक्षण विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई तथा मृदा एवं जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

किसान मेला-सह-प्रदर्शनी में सब्जी एवं फूलों की खेती के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्श लगाने वाले कृषकों को सम्मानित किया गया। जिसमें प्रथम पुरस्कार संजीत कुमार, द्वितीय पुरस्कार अनिता कुमारी, तृतीय पुरस्कार (संयुक्त) विमल कुमार एवं अनिल कुमार को दिया गया। जबकि अन्य प्रदर्शनी लगाने वाले कृषकों को प्रशस्ति-पत्र एवं सांत्वना पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

अभाविप शेरघाटी नगर इकाई का पुनर्गठन

डॉ. अमरेंद्र वर्मा अध्यक्ष व सचिन कुमार बने नगर मंत्री

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

शेरघाटी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) शेरघाटी नगर इकाई का पुनर्गठन किया गया। नगर इकाई की घोषणा जिला सहसंयोजक अमित कुमार सिन्हा द्वारा की गई। इस अवसर पर डॉ. अमरेंद्र कुमार वर्मा को नगर अध्यक्ष एवं सचिन कुमार को नगर मंत्री मनोनीत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमित कुमार सिन्हा ने कहा कि विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही छात्र हित एवं राष्ट्रहित में निरंतर कार्य करती आ रही है। उन्हीं उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए शेरघाटी नगर इकाई का गठन किया गया है।

प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हर्ष सिंह ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्रों को न्याय दिलाने के लिए सड़क से सदन तक आंदोलन करती रही है और आगे भी छात्रों की समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष जारी रहेगा। जिला कोषाध्यक्ष निखिल कुमार ने कहा कि नई नगर इकाई छात्रों के हितों की रक्षा के लिए और अधिक मजबूती के साथ कार्य करेगी।

कार्यक्रम का मंच संचालन रवि कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर रंजन कुमार सिंह, रवि कुमार, मुकेश जी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

नगर इकाई की घोषणा के बाद नई कार्यकारिणी में डॉ. अमरेंद्र कुमार वर्मा को अध्यक्ष, सचिन कुमार को नगर मंत्री, सुबोध चौधरी शाह को मंत्री, शशि ठाकुर, मनीष कुमार एवं सौरभ कुमार को सह मंत्री, प्रियंका कुमारी को नगर छात्रा प्रमुख, सचिन चौधरी को सोशल मीडिया प्रमुख, प्रकाश कुमार को राष्ट्रीय कला मंच प्रमुख, विवेक कुमार को एसएफडी प्रमुख, उदय कुमार को एसएफएस प्रमुख, प्रिंस कुमार को खेलो भारत प्रमुख बनाया गया। इसके साथ ही अंकुश, अरविंद, मनीष, आकाश, शिवराज, अभिषेक, उत्कर्ष आदि कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शामिल रहे।

गया में सशस्त्र सीमा बल का 62वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गयाजी। 29वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया परिसर में शनिवार को सशस्त्र सीमा बल का 62वां स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उप महानिरीक्षक विशेष प्रचालन मानवेन्द्र ने सभी बलकर्मियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं और महानिदेशक सशस्त्र सीमा बल का संदेश पढ़कर सुनाया। अपने संबोधन में उन्होंने बताया कि सशस्त्र सीमा बल की स्थापना वर्ष 1962 के भारत-चीन युद्ध के बाद की गई थी। बल की तैनाती का मुख्य उद्देश्य भारत की संवेदनशील सीमावर्ती क्षेत्रों, विशेषकर नेपाल और भूटान से लगी अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर पूर्ण सुरक्षा और सतर्कता सुनिश्चित करना है। साथ ही सीमावर्ती आबादी में राष्ट्रवाद की भावना जागृत करना भी बल की

अहम जिम्मेदारी रही है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में स्थानीय लोग देश की सहायता के लिए आगे आ सकें।

उन्होंने कहा कि भारत-नेपाल और भारत-भूटान अंतरराष्ट्रीय सीमाओं की रखवाली करते हुए घुसपैठ और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को रोकना, सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा की भावना पैदा करना तथा राष्ट्रीय एकता कार्यक्रमों के माध्यम से जन समर्थन जुटाना सशस्त्र सीमा बल की प्रमुख भूमिकाओं में शामिल है। इसके साथ ही सीमा पार से होने वाली तस्करी, नकली नोटों के प्रसार और अन्य अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण भी बल की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के साथ बेहतर संबंध स्थापित करना, उनकी संस्कृति और लोकाचार को समझना तथा उन्हें प्रेरित करना भी बल के कार्यों का अहम हिस्सा बताया गया।

कार्यक्रम के बाद उप महानिरीक्षक मानवेन्द्र जवानों के साथ बड़ाखाना में शामिल हुए और इस दौरान बलकर्मियों के साथ अनौपचारिक बातचीत भी की।

समारोह में क्षेत्रक मुख्यालय विशेष प्रचालन सशस्त्र सीमा बल गया के द्वितीय कमान अधिकारी अंजय रजक, 29वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल गया के द्वितीय कमान अधिकारी रविशंकर कुमार सहित क्षेत्रक मुख्यालय और 29वीं वाहिनी के अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी और बड़ी संख्या में बलकर्मी उपस्थित रहे। स्थापना दिवस समारोह के माध्यम से बलकर्मियों में उत्साह और कर्तव्यबोध का संचार देखा गया।

अभाविप की बैठक

गयाजी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दक्षिण बिहार का 67 वां प्रांतीय अधिवेशन 28 से 31 दिसंबर 2025 तक गया कॉलेज में आयोजित होगा। अधिवेशन के सफल आयोजन की मनसा के साथ शुक्रवार को वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच विधिवत भूमि पूजन किया गया है, इसके साथ ही चार दिवसीय महा अधिवेशन की तैयारी ने औपचारिक रूप से रफ्तार पकड़ लिया। भूमि पूजन कार्यक्रम का शुभारंभ बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार और एबीवीपी के क्षेत्रीय संगठन मंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने संयुक्त रूप से किया,गया कॉलेज के पूरे परिसर में धार्मिक वातावरण संगठनात्मक अनुशासन और उत्साह साफ नजर आया। भूमि पूजन के बाद डॉक्टर प्रेम कुमार ने अधिवेशन की सफलता के लिए शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि एबीवीपी से जुड़ा हर कार्यकर्ता किसी न किसी कालखंड में संगठन की तपस्या से गुजरता है संगठन से मिली राष्ट्रभक्ति सेवा और मानवीय संवेदना जीवन भर साथ रहती है, यह अधिवेशन केवल बैठक नहीं बल्कि दिशा तय करने का मंच है। इस संगठन के माध्यम से युवाओं की भूमिका क्या हो, बिहार के भविष्य कैसा हो, इन विषयों पर ठोस रोड मैप तैयार किया जाएगा।

जमीन विवाद में चली गोलियां, तीन गंभीर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गयाजी। सरेआम गोलीबारी की घटना ने स्थानीय लोगों में दहशत मचा दी। इस वारदात का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें दिनदहाड़े हुई अंधाधुंध फायरिंग दिखाई दे रही है। गोलीबारी के दौरान तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं। पुलिस फिलहाल मामले की जांच में जुटी हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार यह घटना गयाजी के बुनियादगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत मानपुर स्थित जोड़ा मस्जिद के पास हुई। बीते दिनों जमीनी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और एक पक्ष की ओर से गोली चल गई। गोलीबारी के बाद दोनों पक्षों के बीच जमकर झड़प हुई।

इस घटना में गंभीर रूप से घायल हुए तीन लोगों की पहचान राजू अहमद उर्फ परवेज आलम, शिवम सिंह और संतोष सहनी के रूप में हुई है।

स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत इलाज के लिए जेपीएन सदर अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों की टीम ने घायलों का उपचार शुरू किया और उनकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

बाद में घायलों को बेहतर इलाज के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने घायल शिवम सिंह और संतोष सहनी की सेहत सुधारने के लिए गोली निकाली।

स्थानीय लोगों ने बताया कि दोनों पक्ष लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद में शामिल थे और यह झड़प इसी पुराने विवाद का नतीजा है।

संपादकीय

हिजाब खींचने पर उठे सवाल

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा राज्य में डॉक्टरों को नियुक्तिपत्र देने के कार्यक्रम में एक मुस्लिम महिला डॉक्टर का हिजाब खींचने का मामला अब राजनीतिक और सामाजिक तूल पकड़ता जा रहा है। यह वीडियो पूरी दुनिया में वायरल हो चुका है। विपक्ष और मुस्लिम संगठनों ने इसके लिए नीतीश को यह कहकर घेरना शुरू कर दिया है कि इस घटना से उनका असली चेहरा सामने आ गया है। यह एक महिला की गरिमा पर हमला है। जबकि सत्तारूढ़ जद यू और भाजपा नीतीश का बचाव करने में लगे हैं। समाजवादी पार्टी केक नेता ने इस मामले में पुलिस में रिपोर्ट कराई है। इस घटना से घबराई और व्यथित मुस्लिम महिला डॉक्टर ने बिहार में सरकारी नौकरी ज्वाइन करने से इंकार कर दिया है और कोलकाता जाने का फैसला किया है। उसके परिवार का कहना है कि इस घटना के लिए नीतीश कुमार ही जिम्मेदार हैं। इस घटना की तीव्र प्रतिक्रिया पाकिस्तान और अन्य मुस्लिम देशों में हुई है। यूपी में सपा नेत्री सुमैया राणा ने नीतीश कुमार के खिलाफ शिकायत दर्ज कर मांग की है कि नीतीश कुमार पर महिला की गरिमा भंग करने के लिए धारा 354 और निषाद पर धार्मिक भावनाएं भड़काने के लिए धारा 153 के तहत एफआईआर दर्ज की जाए। बीते 15 दिसंबर को जब पटना में आयुष डॉक्टरों को नियुक्ति पत्र बांटे किए जा रहे थे, तभी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक महिला डॉ. नुसरत परवीन से हिजाब हटाने का इशारा करते हैं और फिर खुद इसे नीचे खींच देते हैं, जिससे उनका चेहरा सामने आ जाता है। इस पर मौके पर मौजूद कुछ लोग हंसते दिखे, जबकि डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने उन्हें रोकने की कोशिश भी की। इससे भी हैरान करने वाला बयान यूपी के कैबिनेट मंत्री संजय निषाद का था। उन्होंने एक न्यूज चैनल से कहा कि नकाब छू दिया तो इतना हल्ला... कहीं और छू देते तो क्या हो जाता? हालांकि बाद में उन्होंने इस पर सफाई भी दी। यहां सवाल है कि नीतीश कुमार ने यह सब जानबूझकर किया अथवा यह उनके बिगड़ते मानसिक स्वास्थ्य का एक और उदाहरण है। यानी वो करना कुछ चाहते हैं, कर कुछ जाते हैं। उधर बीजेपी सांसद अपराजिता सारंगी ने नीतीश कुमार का बचाव करते हुए कहा कि यह 'निर्दोष' हरकत थी और इसमें कोई दुर्भावना नहीं थी। यह पिता जैसा स्नेह था, ताकि शिक्षित महिला का चेहरा दुनिया देख सके। इससे किसी को नुकसान नहीं पहुंचा। नीतीश कुमार का यह व्यवहार भारत के मीडिया तक ही सीमित नहीं रहा बल्कि अंतरराष्ट्रीय मीडिया और खास कर मुस्लिम बहुल देशों में भी चर्चा का विषय बन गया है। तुर्की से लेकर कतर के मीडिया में नीतीश कुमार के इस व्यवहार की आलोचना हुई। पाकिस्तान में भी लोग कहने लगे कि भारत में मुसलमान होना आसान नहीं है। अहम बात यह है कि यह घटना तब हुई जब प्रधानमंत्री तीन मुस्लिम देशों के दौरे पर थे। यह घटना किसी और ने की होती तो शायद उस पर अलग तरह से हंगामा होता या फिर उसे अनदेखा कर दिया जाता। लेकिन नीतीश कुमार राज्य के बीस वर्षों से मुख्यमंत्री हैं। अखबार 'अल जज़ीरा' ने लिखा कि इस घटना ने भारत में मुसलमानों के खिलाफ़ व्याप्त नस्लवाद की बहस को फिर से सामने ला दिया है। हालांकि जो घटना घटी है, वह निश्चित रूप से दुर्भाग्यपूर्ण है। भारत में मुस्लिम महिलाओं को हिजाब पहनना अनिवार्य नहीं है। प्रगतिशील मुस्लिम महिलाएं भी नहीं इसे नहीं पहनती। लेकिन यह व्यक्तिगत और धार्मिक आस्था से जुड़ा सवाल है। अगर डॉ. परवीन हिजाब पहनने में ही अपनी धार्मिक आस्था की सुरक्षा देखती है तो उसका सम्मान होना चाहिए। कम से कम एक मुख्यसमंत्री को तो ऐसी हरकत से बचना चाहिए।

'टच-स्क्रीन' से टूटते बच्चे

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में नौवीं कक्षा की एक लड़की ने मोबाइल चलाने से रोके जाने पर नदी में कूदकर जान दे दी। थाणे में मोबाइल छीनने पर 16 वर्षीय लड़के ने आत्महत्या कर ली। यूपी के आजमगढ़ के एक गांव में 14 साल का किशोर मात्र इस वजह से फंदे पर झूल गया कि उसे गेम खेलने के लिए फोन नहीं मिला। पिछले साल जयपुर में एक महिला ने बेटी का मोबाइल छिपा दिया। इस बात पर मां-बेटी का झगड़ा हो गया। इसी दौरान मां ने रॉड उठाकर दे मारी, जिससे बेटी की जान चली गई। मोबाइल फोन की वजह से ऐसे मामले अब हर महीने, हर जिले और हर शहर में सामने आ रहे हैं। स्मार्टफोन अब एक उपकरण मात्र नहीं रहा, बल्कि वह बच्चों के दिमाग का मालिक बनकर उनके दिमागों को बदल रहा है। इसकी वजह से बच्चों में शारीरिक समस्याएं भी बढ़ रही हैं।

अमरपाल सिंह वर्मा

राजस्थान के धौलपुर जिले के कुरेंद्रा गांव में 13 साल के विष्णु ने पिता की मामूली डांट के बाद आत्महत्या कर ली। वजह सिर्फ इतनी थी कि वह मोबाइल गेम खेल रहा था और पिता ने टोक दिया। गुस्से में वह अपने कमरे में चला गया और इहलीला समाप्त कर ली। इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि भारत के घरों में मोबाइल केवल एक उपकरण नहीं रहा है, बल्कि यह रिश्तों के बीच खड़ी एक खाई बनता जा रहा है।

धौलपुर की यह घटना अपनी तरह की अकेली नहीं है। हाल ही में उत्तरप्रदेश के झांसी में एक महिला ने अपने आठवीं में पढ़ने वाले बेटे की मोबाइल गेम की लत से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। मोबाइल में उलझा बच्चा पढ़ाई नहीं करता था, जिससे उसकी मां अवसाद में थी। उसने पति से भी कहा था मगर उन्होंने अनसुना कर दिया। नतीजा, महिला की खुदकुशी के रूप में सामने आया।

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में नौवीं कक्षा की एक लड़की ने मोबाइल चलाने से रोके जाने पर नदी में कूदकर जान दे दी। थाणे में मोबाइल छीनने पर 16 वर्षीय लड़के ने आत्महत्या कर ली। यूपी के आजमगढ़ के एक गांव में 14 साल का किशोर मात्र इस वजह से फंदे पर झूल गया कि उसे गेम खेलने के लिए फोन नहीं मिला। पिछले साल जयपुर में एक महिला ने बेटी का मोबाइल छिपा दिया। इस बात पर मां-बेटी का झगड़ा हो गया। इसी दौरान मां ने रॉड उठाकर दे मारी, जिससे बेटी की जान चली गई। मोबाइल फोन की वजह से ऐसे मामले अब हर महीने, हर जिले और हर शहर में सामने आ रहे हैं। स्मार्टफोन अब एक उपकरण मात्र नहीं रहा, बल्कि वह बच्चों के दिमाग का मालिक बनकर उनके दिमागों को बदल रहा है। इसकी वजह से बच्चों में शारीरिक समस्याएं भी बढ़ रही हैं। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर के एक अध्ययन के मुताबिक भारत में पांच साल से कम उम्र के बच्चे औसतन 2.22 घंटे रोज 'स्क्रीन' पर बिताते हैं। ये समय 'विश्व स्वास्थ्य संगठन' और 'इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स' के सुझाए समय से दोगुना है। यह भी चिंताजनक है कि दो साल से कम उम्र के बच्चे भी 'स्क्रीन' पर रोज 1.23 घंटे बिता रहे हैं, जबकि इस उम्र के बच्चों के लिए डॉक्टर पूरी तरह 'नो स्क्रीन' के पक्ष में हैं।

विशेषज्ञों का कहना है कि पांच साल से कम उम्र के बच्चों में रोज 1-1.5 घंटे से ज्यादा 'स्क्रीन टाइम' उनके दिमाग के विकास को धीमा कर देता है। इससे भाषा सीखने की गति कम होती है, ध्यान और समझने की क्षमता घटती है, सामाजिक कौशल कमजोर पड़ते हैं और मोटापा और नींद आने की दिक्कतें बढ़ती हैं। 'भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद' (आईसीएमआर) के सहयोग से दिल्ली के दो प्राइवेट स्कूलों के छात्रों पर दो वर्ष तक किए गए अध्ययन की ताजा रिपोर्ट के अनुसार बच्चे और किशोर झुककर घंटों मोबाइल या टैबलेट चला रहे हैं। क्लास रूम में भी छह से सात घंटे बैठने और शारीरिक व्यायाम न के बराबर होने से 'पॉस्चर' (मुद्रा), मांसपेशियों और हड्डियों की समस्याएं आ रही हैं।

मोबाइल-जनित समस्याएं किस कदर बढ़ रही हैं, इसे लखनऊ में 'उत्तरप्रदेश महिला आयोग' की जन-सुनवाई के उदाहरण से समझा जा सकता है। इस सुनवाई में अब किशोरवय बेटियों की मोबाइल लत से परेशान माएं मदद के लिए पहुंच रही हैं। आयोग की हर सुनवाई में 3-4 मामले ऐसे आते हैं जिनमें महिलाओं का कहना है कि उनकी किशोरवय बेटियां फोन का अत्यधिक इस्तेमाल करती हैं और रोकने पर उनसे झगड़ा, बदसलूकी या हिंसक व्यवहार करती हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार स्मार्टफोन के कारण केवल पढ़ाई नहीं बिगड़ रही। व्यवहार में आक्रामकता, एकाकीपन, देर रात तक जागना, ऑनलाइन चैटिंग और वर्चुअल दुनिया में जीना अब 'सामान्य' बनता जा रहा है। मनोवैज्ञानिकों के अनुसार मोबाइल दिमाग में वही प्रतिक्रिया पैदा करता है जो नशे में होता है। बार-बार 'डोपामाइन रिलीज' होने से बच्चा वास्तविक दुनिया से कटने लगता है। इस लत का पहला लक्षण मां-बाप से चिड़चिड़ापन होता है। दूसरा लक्षण फोन छीने जाने पर हिंसक प्रतिक्रिया या खुद को नुकसान पहुंचाने की धमकी है। तीसरे लक्षण में पढ़ाई, दोस्ती, परिवार, नींद सबमें कमी होने लगती है।

दरअसल, मानसिक रूप से अपरिपक्व होने के कारण बच्चे इतनी छोटी उम्र में खुद को संभाल नहीं पाते। वे सोचते हैं कि फोन ही उनकी आजादी है। इसलिए जैसे ही ये छिनता है, वे नियंत्रण खो देते हैं। इस मामले में माता-पिता गलती कर रहे हैं। पहले तो माता-पिता ही बच्चे को फोन पकड़ा देते हैं, ताकि वह चुप रहे। बाद में जब बच्चे इसी में उलझे रहते हैं तो वे अचानक सख्ती करते हैं, पर तब तक स्थिति हाथ से निकल चुकी होती है।

बच्चों के फोन इस्तेमाल को नियंत्रित करने के लिए जल्दीबाजी से नहीं, योजनाबद्ध तरीके से काम करने की जरूरत है। सबसे जरूरी है कि परिवार मिलकर स्पष्ट नियम तय करे कि कितने घंटे 'स्क्रीन टाइम' हो, कौन-कौन से ऐप चलें और रात में फोन कहां रखा जाए। ये नियम बच्चों के साथ बातचीत करके बनाए जाएं, न कि उन पर थोपे जाएं।

फोन चलाने की पाबंदी मात्र से समस्या का समाधान नहीं हो सकता। इसके बजाय बच्चों को खेल, आर्ट, दोस्तों के साथ समय बिताने और घर के छोटे-मोटे काम जैसे विकल्प दिए जा सकते हैं। माता-पिता को खुद को बदलना होगा क्योंकि अगर वे लगातार मोबाइल में व्यस्त रहेंगे तो बच्चा स्वाभाविक रूप से उसी रास्ते पर जाएगा।

इसके साथ-साथ बच्चों की भावनाओं को समझना भी जरूरी है। मनोवैज्ञानिकों के अनुसार कई बार बच्चे सामाजिक दबाव, अकेलेपन से बचने के लिए 'स्क्रीन' की दुनिया में शरण लेते हैं। फोन को एकदम से छीन लेने की जगह उपयोग को धीरे-धीरे कम करना बेहतर होगा, ताकि बच्चा मानसिक झटका महसूस न करे। यह केवल मोबाइल की लत का मामला नहीं है बल्कि एक सामाजिक संकट है जो नई पीढ़ी के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है। यह पीढ़ी देश का भविष्य बनने के बजाय मोबाइल फोन के 'स्क्रीन' के भविष्य में उलझती जा रही है। धौलपुर के बच्चे विष्णु, जान देने वाली झांसी की महिला, बिलासपुर की लड़की और थाणे व आजमगढ़ के किशोर भौगोलिक रूप से भले ही अलग-अलग हैं, मगर इनसे समाज को साझा चेतावनी मिल रही है। अगर इस चेतावनी को अनसुना किया जाता रहा, तो आने वाले समय में यह समस्या और भी भयावह हो जाएगी। ऐसे में आज से ही घरों में एक नया अनुशासन शुरू करने की आवश्यकता है।

अध्यात्म

एक न एक दिन प्रभु की कृपा आपके ऊपर अवश्य ही होगी

एक लड़के ने एक बार एक बहुत ही धनवान व्यक्ति को देखकर धनवान बनने का निश्चय किया। वह धन कमाने के लिए कई दिनों तक मेहनत कर धन कमाने के पीछे पड़ा रहा और बहुत सारा पैसा कमा लिया।

इसी बीच उसकी मुलाकात एक विद्वान से हो गई। विद्वान के ऐश्वर्य को देखकर वह आश्चर्यचकित हो गया और अब उसने विद्वान बनने का निश्चय कर लिया और अगले ही दिन से धन कमाने को छोड़कर पढने-लिखने में लग गया।

वह अभी अक्षर ज्ञान ही सिख पाया था, की इसी बीच उसकी मुलाकात एक संगीतज्ञ से हो गई। उसको संगीत में अधिक आकर्षण दिखाई दिया, इसीलिए उसी दिन से उसने पढाई बंद कर दी और संगीत सिखने में लग गया।

इसी तरह काफी उम्र बित गई, न वह धनी हो सका ना विद्वान और ना ही एक अच्छा संगीतज्ञ बन पाया। तब उसे बड़ा दुख हुआ। एक दिन उसकी मुलाकात एक बहुत बड़े महात्मा से हुई। उसने महात्मन को अपने दुःख का कारण बताया।

महात्मा ने उसकी परेशानी सुनी और मुस्कुराकर बोले- बेटा, दुनिया बड़ी ही चिकनी है, जहाँ भी जाओगे कोई ना कोई आकर्षण अवश्य दिखाई देगा। जीवन में एक दृढ़ निश्चय कर लो और फिर आजीवन उसी पर प्रयासरत रहो तो तुम्हें सफलता की प्राप्ति अवश्य हो जाएगी, नहीं तो दुनियाँ के झमेलों-झंझटों में यूँ ही चक्कर खाते रहोगे। बार-बार रूचि बदलते रहने से कोई भी कुछ प्राप्त नहीं कर पाओगे।

युवक को महात्मा की बात समझ आगई और एक लक्ष्य निश्चित कर उसी का अभ्यास करने लगा, अंततः उसे अपना लक्ष्य मिल ही गया। इसी प्रकार प्रभु भक्ति में भी निरंतरता से लगे रहना चाहिए। एक न एक दिन प्रभु की कृपा आपके ऊपर अवश्य ही होगी।

तमिलनाडु में 2026 के चुनावों के लिए भाजपा ने बिछाई चौसर

तमिलनाडु में भाजपा की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह खुद को केवल अन्नाद्रमुक की 'जूनियर पार्टनर' छवि से बाहर निकाले। अधिक सीटों की मांग और अलग पहचान बनाने की कोशिश इसी दिशा में उठाया गया कदम है। यदि भाजपा ओपीएस और टीटीवी जैसे नेताओं को एनडीए में बनाए रखने में सफल होती है, तो यह न केवल सामाजिक संतुलन को साधेगा बल्कि डीएमके के खिलाफ एक व्यापक मोर्चा भी तैयार करेगा। बहरहाल, भविष्य की राजनीति के लिहाज़ से देखें तो भाजपा तमिलनाडु में धीरे-धीरे एक वैकल्पिक ध्रुव बनाना चाहती है। संगठनात्मक विस्तार, नेतृत्व में विविधता और राष्ट्रीय स्तर की जीतों, जैसे बिहार में एनडीए की हालिया सफलता, का हवाला देकर पार्टी यह संदेश देना चाहती है कि वह केवल उत्तर भारत की पार्टी नहीं रही।

नीरज कुमार दुबे

तमिलनाडु में 2026 के विधानसभा चुनावों को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी तैयारियों को तेज़ कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही में कहा था कि भाजपा का अगला लक्ष्य तमिलनाडु है। इसके बाद पार्टी ने राज्य में संगठनात्मक और राजनीतिक दोनों स्तरों पर सक्रियता बढ़ा दी है। इसी क्रम में भाजपा ने वरिष्ठ केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को एक बार फिर तमिलनाडु का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। उनके साथ केंद्रीय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और मुरलीधर मोहोल को सह-प्रभारी बनाया गया है। यह नियुक्तियाँ इस बात का संकेत हैं कि भाजपा राज्य में आगामी चुनाव को बेहद गंभीरता से ले रही है। हम आपको याद दिला दें कि पीयूष गोयल पहले भी 2019 के लोकसभा चुनावों में तमिलनाडु के प्रभारी रह चुके हैं और उस समय उन्होंने भाजपा तथा अन्नाद्रमुक के बीच गठबंधन को आकार देने में अहम भूमिका निभाई थी। अन्नाद्रमुक के महासचिव और पूर्व मुख्यमंत्री एडप्पादी के. पलानीस्वामी (ईपीएस) को एक सख्त और कुशल वार्ताकार माना जाता है और ऐसे में गोयल का अनुभव भाजपा के लिए उपयोगी माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, गोयल सीट बंटवारे के साथ-साथ गठबंधन से जुड़े अन्य संवेदनशील मुद्दों पर भी ईपीएस से बातचीत करेंगे।

हम आपको यह भी बता दें कि भाजपा इस समय अन्नाद्रमुक पर यह दबाव बना रही है कि वह ओ. पन्नीरसेल्वम (ओपीएस) और टी.टी.वी. दिनाकरन जैसे विद्रोही नेताओं को कम से कम एनडीए के सहयोगी के रूप में स्वीकार करे। ईपीएस इन नेताओं को दोबारा अन्नाद्रमुक में शामिल करने के पक्ष में नहीं हैं, लेकिन भाजपा का मानना है कि इन्हें एनडीए से बाहर रखना मुकुलथोर समुदाय के मतदाताओं को दूर कर सकता है, जिसका नुकसान सीधे-सीधे भाजपा-अन्नाद्रमुक गठबंधन को होगा।

सूत्रों के मुताबिक, ओपीएस ने हाल की बैठकों में भाजपा नेतृत्व को यह भरोसा दिलाया है कि वह फरवरी तक किसी अन्य राजनीतिक विकल्प की ओर नहीं जाएंगे। वहीं टीटीवी दिनाकरन का रुख अधिक आक्रामक माना जा रहा है, क्योंकि वह ईपीएस के नेतृत्व को स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। भाजपा नेतृत्व आने वाले हफ्तों में दिनाकरन से भी संपर्क साधने की योजना बना रहा है, ताकि मुकुलथोर वोटों का विभाजन रोका जा सके।

भाजपा ने यह भी स्पष्ट किया है कि वह 2026 के विधानसभा चुनाव में पहले की तुलना में अधिक सीटों की मांग करेगी। पार्टी का दावा है कि 2024 के लोकसभा चुनावों में उसे लगभग 11 प्रतिशत वोट शेयर मिला था और पूरे एनडीए को करीब 18 प्रतिशत मत प्राप्त हुए। ऐसे में भाजपा 2021 की तरह 20 सीटों पर संतोष नहीं करेगी। पार्टी ने लगभग 50 सीटें अपने लिए और 15 सीटें 'मैत्रीपूर्ण सहयोगियों' के लिए चिन्हित की हैं, जिन पर कमल के चुनाव चिह्न पर उम्मीदवार उतारे जा सकते हैं।

इसी बीच, भाजपा ने असम के लिए भी संगठनात्मक नियुक्तियाँ की हैं। वरिष्ठ नेता बैजयंत पांडा को असम का चुनाव प्रभारी बनाया गया है। पांडा इससे पहले 2021 के असम विधानसभा चुनावों में भाजपा को सत्ता में वापस लाने में अहम भूमिका निभा चुके हैं। यह नियुक्तियाँ यह दर्शाती हैं कि भाजपा चुनावी प्रबंधन में अनुभवी और भरोसेमंद नेताओं पर दांव लगा रही है।

देखा जाये तो तमिलनाडु लंबे समय से भाजपा के लिए एक कठिन राजनीतिक मैदान रहा है। द्रविड़ राजनीति की गहरी जड़ें, भाषा और सांस्कृतिक पहचान का सवाल तथा डीएमके-अन्नाद्रमुक की पारंपरिक पकड़, इन सबके बीच भाजपा को अब तक सीमित सफलता ही मिली है। लेकिन हालिया घटनाक्रम यह संकेत देता है कि भाजपा इस बार केवल 'सहयोगी की भूमिका' में नहीं रहना चाहती, बल्कि राज्य की राजनीति में निर्णायक हस्तक्षेप करने की रणनीति पर काम कर रही है। पीयूष गोयल की पुनर्नियुक्ति महज़ सामान्य राजनीतिक फैसला नहीं है, बल्कि यह भाजपा की रणनीतिक सोच को दर्शाता है। पीयूष गोयल न केवल एक अनुभवी मंत्री हैं, बल्कि जटिल गठबंधनों को संभालने में भी माहिर माने जाते हैं। उनकी शांत लेकिन दृढ़ कार्यशैली ईपीएस जैसे नेताओं से बातचीत में संतुलन बना सकती है। वहीं अर्जुन मेघवाल का संगठनात्मक अनुभव और संसदीय समझ तथा मुरलीधर मोहोल की युवा ऊर्जा और जमीनी संपर्क क्षमता इस टीम को और मज़बूत बनाती है।

वहीं असम में बैजयंत पांडा की भूमिका भाजपा की उस रणनीति का उदाहरण है, जिसमें चुनावी प्रबंधन को एक पेशेवर कौशल के रूप में देखा जाता है। हम आपको याद दिला दें कि पांडा ने पहले भी साबित किया है कि वह संगठन, सरकार और सहयोगी दलों के बीच समन्वय स्थापित करने में सक्षम हैं। यह मॉडल अब तमिलनाडु में भी लागू किया जा रहा है।

तमिलनाडु में भाजपा की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह खुद को केवल अन्नाद्रमुक की 'जूनियर पार्टनर' छवि से बाहर निकाले। अधिक सीटों की मांग और अलग पहचान बनाने की कोशिश इसी दिशा में उठाया गया कदम है। यदि भाजपा ओपीएस और टीटीवी जैसे नेताओं को एनडीए में बनाए रखने में सफल होती है, तो यह न केवल सामाजिक संतुलन को साधेगा बल्कि डीएमके के खिलाफ एक व्यापक मोर्चा भी तैयार करेगा।

बहरहाल, भविष्य की राजनीति के लिहाज़ से देखें तो भाजपा तमिलनाडु में धीरे-धीरे एक वैकल्पिक ध्रुव बनाना चाहती है। संगठनात्मक विस्तार, नेतृत्व में विविधता और राष्ट्रीय स्तर की जीतों, जैसे बिहार में एनडीए की हालिया सफलता, का हवाला देकर पार्टी यह संदेश देना चाहती है कि वह केवल उत्तर भारत की पार्टी नहीं रही। यदि यह रणनीति ज़मीन पर असर दिखाती है, तो आने वाले वर्षों में तमिलनाडु की राजनीति एक नए दौर में प्रवेश कर सकती है, जहां भाजपा केवल दर्शक नहीं, बल्कि निर्णायक खिलाड़ी होगी।

आज का कार्टून

राशिफल

मेष
कार्यक्षेत्र में सारे कार्य अपनी जिम्मेदारी पर करें। आज आपको अचानक कुछ अवरोधों का सामना करना पड़ेगा। प्रेम सम्बन्धों में धोखा मिल सकता है।

वृषभ
आज व्यवसाय में नये तरीके की योजना अपनानी पड़ेगी। कार्यक्षेत्र में लोग आपका अत्यधिक सहयोग करेंगे। रिटेल कारोबारियों की आय बढ़ सकती है।

मिथुन
आज आपको जीवनसाथी की सलाह लेनी चाहिये, इससे आपको लाभ मिलेगा। किसी रिश्तेदार की आपको मदद करनी पड़ सकती है।

कर्क
कोई महत्वपूर्ण काम अचानक आपको करना पड़ सकता है। सोशल मीडिया पर सम्वेदनशील और भ्रामक पोस्टों को लाइक शेयर करने से बचें।

सिंह
आज काम का अतिरिक्त बोझ आने के कारण आप कुछ परेशान रहेंगे। लोग मीठा बोलकर आपसे अपने काम करवाने का प्रयास करेंगे।

कन्या
पारिवारिक जीवन में सुख-सन्तोष का भाव बढ़ेगा। अधिकारी वर्ग आपके ऊपर अत्यधिक निर्भर रहने वाला है। प्रभावशाली लोगों से सम्बन्ध मजबूत होंगे।

तुला
आज कुछ निजी समस्याओं के कारण मन विचलित रह सकता है। आँखों में जलन जैसी समस्या हो सकती है। अपने प्रेमी को प्रपोज कर सकते हैं।

वृश्चिक
नया मकान खरीदने का विचार बना सकते हैं। रियल एस्टेट व्यापारियों को बड़ा लाभ हो सकता है। परिजनों के साथ मौज व मनोरञ्जन का आनन्द लेंगे।

धनु
कार्यक्षेत्र में आपका अपमान हो सकता है। अपने विचारों व निर्णयों को सदैव पहली प्राथमिकता दें। कब्ज और गैस की समस्या बढ़ सकती है। घर के कार्यों में आपका मन नहीं लगेगा।

मकर
नयी नौकरी खोज रहे हैं तो सफलता मिलने की पूरी सम्भावना है। आज अटके मामलों को धीरे-धीरे सुलझा लेंगे। समाज में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। अचानक धन लाभ भी हो सकता है।

कुंभ
अपने शारीरिक सौन्दर्य और फिटनेस को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं। आप समय का बेहतरीन सदुपयोग करेंगे। छूटे हुये कार्य पूरा होने की सम्भावना बन रही है।

मीन
अपनी मानसिक स्थिति सकारात्मक बनाकर रखें। लोग आपकी आदतों की आलोचना कर सकते हैं। पुराने सम्बन्धों का लाभ आपको मिल सकता है।

संक्षिप्त समाचार

सीओ के जनता दरबार में आए आठ मामले

अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बाढ़ अनुमंडल अंतर्गत अथमलगोला अंचल परिसर में भूमि विवाद निष्पादन के लिए आयोजित जनता दरबार में सुनवाई हेतु कुल आठ मामले आए। इस संबंध में जानकारी देते हुए अंचलाधिकारी अपर्णा कुमारी ने बताया कि प्रत्येक शनिवार की तरह आज भी अंचल कार्यालय परिसर में भूमि विवाद निष्पादन के लिए जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें कुल आठ मामले पर सुनवाई हुई। जिनमें से आपसी सहमति के उपरान्त तीन मामले को निष्पादित कर दिया गया। वहीं पांच मामले की सुनवाई के लिए अगली तिथि मुकर्रर की गई है।

भगवानगंज थाने में लगाया जनता दरबार,

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। पटना पुलिस के द्वारा पीपूल फ्रेंडली के तहत पब्लिक और पुलिस के बीच आपसी सामंजस्य बनाने और पुलिस के प्रति विश्वास पैदा करने के उद्देश्य को लेकर हर थानों में वरीय पुलिस अधिकारियों के द्वारा क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान जनता दरबार लगाकर आमजन की शिकायतें सुनकर उनके समाधान करने की कोशिश की जा रही है ऐसे में मसौढ़ी के भगवानगंज थाना पर परिचय कुमार, नगर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी), पटना के द्वारा भगवानगंज थाना का निरीक्षण करते हुए थाना परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया गया।इस दौरान आम जनता की समस्याओं/शिकायतों को सीधे सुना गया और त्वरित एवं विधि-सम्मत कार्रवाई हेतु संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस पहल का उद्देश्य पुलिसझजनता संबंधों को मजबूत करना और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभावी पुलिसिंग सुनिश्चित करना है।कार्यक्रम में नागरिकों ने अपनी समस्याएँ और सुझाव सीधे वरीय पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए। इसके अलावा थाना के सभी पुलिस पदाधिकारी को साफ तौर पर निर्देश दिया गया है, थाने थाना में शिकायत दर्ज करने वाले पीड़ित लोगों से अच्छा व्यवहार रखें उनकी शिकायतों को ठीक ढंग से समझे और निष्पादित करें।

लूट व फायरिंग मामले का अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा जेल

मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। एक वर्ष पूर्व टाटा कॉलोनी ब्लॉक के पास एक वर्ष पूर्व व्यापारी से हुए 13 लाख 58 हजार लूट व फायरिंग मामले में फरार चल रहे अभियुक्त बिहटा आनन्दपुर निवासी बिजली राय का पुत्र धनंजय यादव को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसे गिरफ्तारी के बाद पुलिस में कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। इस संबंध में दानापुर डीएसपी टू अमरेंद्र कुमार झा ने बताया कि पिछले साल 1 जनवरी को ब्यापुर गांव के रहने वाले व्यापारी संजीत कुमार से हथियार के बल पर बाइक सवार करीब 5 की संख्या में रहे अपराधियों ने 13 लाख 98 हजार रुपए हथियार के बल पर लूट कर फायरिंग करते हुए फरार हो गए थे। इस मामले में पीड़ित संजीत कुमार ने मनेर थाने में लिखित शिकायत करते हुए मामला दर्ज कराया था। कार्रवाई कर उक्त मामले में चार अभियुक्त को पहले ही गिरफ्तार की जा चुकी है। इस मामले में सूचना मिलते ही छापेमारी कर धनंजय यादव को गिरफ्तार किया गया है। कारवार के बाद माननीय न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेजा गया है।

आपसी विवाद को लेकर गोलीबारी, दो खोखा बरामद

दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। शुक्रवार को देर शाम मखदुमपुर गांव में दो पड़ोसी के बीच आपसी विवाद को लेकर गोलीबारी हुई है. गोलीबारी से अफरा तफरी मच गई. सूचना पर पहुंची पुलिस ने दो खोखा बरामद किया गया है. बताया जाता है कि आपसी विवाद को लेकर सुशील उर्फ पहलवान के भतीजा ने चार राउंड फायरिंग किया गया है और गोलीबारी में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है. गोलीबारी के बाद दोनों के बीच तनाव बना हुआ है. सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से दो खोखा बरामद किया है और छानबीन शुरू कर दिया गया है. मामले की छानबीन किया जा रहा है. थानाध्यक्ष ने बताया कि मामला की छानबीन किया जा रहा है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है. अभी तक कोई लिखित आवेदन नहीं दिया है.

पुलिस पर हमले के मामले में दो नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। विशेष समकालीन अभियान के तहत पुलिस पर हमले से जुड़े एक पुराने मामले में गौरीचक थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो नामजद अभियुक्तों को विधिवत गिरफ्तार कर लिया है. यह कार्रवाई गौरीचक थाना कांड संख्या 546/22, दिनांक 21 अगस्त 2022 से संबंधित है. पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों में नवल राम, पिता स्वर्गीय तपेश्वर राम, और अखिलेश राम, पिता कृष्णा राम शामिल हैं. दोनों अभियुक्त ग्राम सोहगी, थाना गौरीचक, जिला पटना के निवासी बताए जा रहे हैं. पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों से पूछताछ की जा रही है और आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है. पुलिस मामले से जुड़े अन्य तथ्यों की भी जांच कर रही है.

फरार भू-माफिया रवि राज सिंह उर्फ सत्येन्द्र यादव गिरफ्तार

दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। जमीन पर कब्जा करने वाले फरार भू माफिया रवि राज सिंह उर्फ सत्येंद्र यादव को पुलिस ने मैनपुरा उसके घर से गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार रवि राज पर बेमानी तरीके से जमीन की खरीद फरोख्त में अकूत संपत्ति अर्जित किया है. सिटी एसपी पश्चिम भानु प्रताप सिंह ने पत्रकारों को बताया कि प्राथमिक अभियुक्त रविराज सिंह उर्फ सत्येंद्र यादव दानापुर मैनपुरा वार्ड संख्या 11 का निवासी है. काफी लंबे समय से फरार चल रहा था. सिटीएसपी ने बताया कि इसकी गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई थी. इसका अपराधिक इतिहास रहा है. दानापुर क्षेत्र में यह जमीनों पर कब्जे करवाने के साथ ही साथ जमीनों को विवादित करवा देना और जो वादी है उनको डराना धमका कर जमीन पर कब्जा करता था. उन्होंने बताया कि इस पर दानापुर थाना में मामला दर्ज था. इसके अलावा वर्ष 2017 में इस पर हत्या का मुकदमा दर्ज था. और रुपसपुर थाना में भी मामला दर्ज है. गिरफ्तार रवि राज से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेजा गया है. इसके अलावा अवैध रूप से जो संपत्ति अर्जित की गई है और एक अलग से प्रस्ताव तैयार करके न्यायालय को भेजा जाएगा.

पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में 6 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के अंतर्गत पोल्ट्री रिसर्च एंड ट्रेनिंग सेंटर द्वारा बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय, पटना में संचालित किसानों/उद्यमियों के लिए आयोजित 6 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम (वाणिज्यिक पोल्ट्री उत्पादन) का सफल समापन 20 दिसंबर 2025 को हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 15 दिसंबर से 20 दिसंबर 2025 तक चतुर्थ कृषि रोडमैप परियोजना के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें बिहार के छह विभिन्न जिलों से कुल 30 किसानों एवं उद्यमियों ने भाग लिया। जिसमें प्रतिभागियों को वाणिज्यिक पोल्ट्री उत्पादन एवं वैज्ञानिक एवं लाभकारी कुक्कुट पालन से संबंधित नवीन वैज्ञानिक तकनीकों पर सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। समापन समारोह के अवसर पर निदेशक अनुसंधान, डॉ. एन. के. सिंह, निदेशक प्रसार शिक्षा, डॉ. एन. एस. दहिया, डीन, बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय, पटना, डॉ. जे. के. प्रसाद एवं प्रभारी पोल्ट्री रिसर्च एंड ट्रेनिंग सेंटर , डॉ. कौशलेंद्र कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के माननीय कुलपति डॉ. इंदरजीत सिंह के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में किया गया। अपने संबोधन में अतिथियों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण किसानों एवं उद्यमियों को वैज्ञानिक एवं लाभकारी कुक्कुट पालन से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों से आग्रह किया कि प्रशिक्षण के दौरान अर्जित ज्ञान एवं तकनीकों का अपने क्षेत्र में प्रभावी रूप से उपयोग कर उत्पादन, उत्पादकता एवं आय में वृद्धि करें।

हुजूर.. हमें सरकार ने बासगित पर्चा देकर बसाया था, कुछ दबंग घर तोड़ने की दे रहे हैं धमकी

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। जिस जमीन पर सरकार ने भूमिहीनों को बासगित पर्चा देकर बसाने की कवायत की थी, उसी जमीन पर अब स्कूल बनाने के नाम पर उन सभी परचाधारियों को हटाने की कोशिश की जा रही है। यह मामला मसौढ़ी प्रखंड के डोरी पर गांव की है। पीड़ित परिवारों की माने तो कुछ दिनों से कुछ दबंग लोग हम सभी घर को तोड़ने की धमकी दे रहे हैं। बताइए इस ठंड में अपने परिवार को लेकर कहां जाएंगे। यह गुहार उन पीड़ितों की है जिन्हें सरकार ने बीते 15-7-2025 को बासगित पर्चा देकर उन पचार्धारियों को बसाया था। डोरी पर गांव के तकरीबन 5 भूमिहीनों को बासगित पर्चा दिया गया था,जो तकरीबन 40 वर्षों से उसी जमीन पर बसे हुए हैं। जिसका खाता संख्या 70 ,खेसरा संख्या 872 है। ऐसे में अब कुछ दबंग लोग स्कूल बनाने के नाम पर मकान तोड़कर हटाने की कोशिश मे लगे है। जिसको लेकर शुक्रवार को सभी पीड़ित लोगों ने अंचलाधिकारी को आवेदन देकर गुहार लगाया है। जिसमें बबीता देवी पति भुवनेश्वरी बिंद, कौशल्या देवी नन्हक बिंद, माधुरी कुमारी रामईश्वर चौहान, बसंती देवी पति सिकंदर बिंद ,और पटसिया देवी रामवृक्ष बिंद है इन सबों ने इस जानलेवा ठंड में ठेकेदार के द्वारा दी जा रही धमकी से आहत होकर अंचलाधिकारी से गुहार लगा रहे हैं। वहीं खेमस के जिला सचिव नागेश्वर पासवान और किसान नेता शशि यादव ने भी इसका विरोध जताते हुए उनके ठेकेदारों के खिलाफ अंचलाधिकारी को पत्र लिखकर पीड़ित परिवारों को बसाने की मांग की है। इस पूरे मामले में अंचलाधिकारी प्रभात रंजन ने बताया की बासगित पचार्धारियों कोई हटा नहीं सकता है।जो जहाँ बसे है वहीं रहेगें। जमीन की मापी की जाएगी।

पीड़ितों ने अंचलाधिकारी से लगाई गुहार

धनरूआ के रमनी बीघा में असहाय गरीबों के बीच कंबल वितरण

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। पिछले दो दिनों से तापमान में आई गिरावट से मौसम का मिजाज काफी सर्द हो गया है। पूरे इलाके में ठंड की ठिठुरन बढ़ गयी है। ऐसे में शुक्रवार को धनरूआ प्रखंड के रमनी विगहा गांव में समाजसेवी सुधीर कुमार ने उन लाचार, गरीब असहयों के बीच निस्वार्थ भाव से कंबल का वितरण किया है। ताकि उन गरीबों को ठंड से निजात मिल सके। समाजसेवी सुधीर कुमार ने बताया कि हम अपने निजी पैसों से उन गरीबों को मदद करने के लिए उनके बीच जाकर गांव में कई लोगों कंबल का वितरण किया। ताकि उन्हें ठंड से निजात मिले। यह हमारी एक छोटी सी पहल है कि उन गरीबों आसहयों के बीच कुछ मदद पहुंचाई जाए। ठंड में सबसे ज्यादा गरीब लोग आहत होते हैं। क्योंकि उनके पास हम जैसे रजाई और अन्य गर्म कपडे नहीं होते हैं।खासकर मजदूर वर्ग के लोगों में रिक्शा, ठेला चलाने वाले को काफी फजीहत होती हैं। इन सभी चीजों को देखते हुए हम अपने निजी फंड से उन सभी गरीब असहाय के बीच कंबल देकर मदद पहुंचाने के लिए अपना हाथ आगे बढ़ाये हैं इसके साथ ही हम उन तमाम लोगों से अपील करेंगे कि बढ़ते हुए ठंड में अपने आसपास के लाचार असहाय लोगों को आप भी मदद पहुंचाइये।

किसानों की समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय किसान मजदूर संगठन की बैठक

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। अखिल भारतीय किसान मजदूर विकास संगठन के बैनर तले शुक्रवार को गांधी मैदान के दक्षिणी बगीचा में एक विशेष बैठक आहूत की गई जिसमें मसौढ़ी प्रखंड के तकरीबन विभिन्न पंचायत से तकरीबन 35 किसान बैठक में शामिल हुए। जहां सबसे पहले सर्वसम्मति से राकेश कुमार को इस संगठन का अध्यक्ष चुना गया, नवनिर्वाचित अध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि शुक्रवार को हुई बैठक में किसानों के साथ हो रही खाद की समस्या एवं अंचल कार्यालय में दाखिल खारिज में परेशानी को लेकर बैठक आहूत की गई थी और इस बैठक में कई मुद्दों पर विचार विमर्श करते हुए कई अहम निर्णय लिए गए हैं आगामी आने वाले दिनों में किसानों की समस्या को लेकर अंचल कार्यालय में विरोध प्रदर्शन भी किया जाएगा। बहरहाल अभी खेती किसानी का वक्त चल रहा है, जहां निर्धारित मूल्य से अधिक दामों पर यूरिया खाद मिल रही है, खाद विक्रेताओं की मनमानी के कारण खाद की कालाबाजारी की जा रही है। जिसको लेकर किसान परेशान है। इसके अलावा यूरिया खाद के जगह पर नैनो यूरिया भी उसे जबरदस्ती दी जा रही है। बैठक में रामानुज शर्मा, वीरेंद्र कुमार, राम लखन यादव, कृष्णा पासवान, महेंद्र प्रसाद, रामजीवन पासवान, संजय सिंह, अरविंद कुमार ,बृजनंदन यादव, मृत्युंजय कुमार, बैजू प्रसाद, सत्येंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह समेत दो दर्जन से अधिक किसान शामिल हुए।

विशेष समकालीन अभियान के तहत मसौढी अनुमंडल में कुल 15 फरार वारंटी गिरफ्तार

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। विभिन्न कांडों में फरार चल रहे अपराधियों की धर पकड़ को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे में बीते शुक्रवार की देर शाम से लेकर शनिवार की शाम तक कुल 15 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें मसौढ़ी थाना में कुल चार फरार अपराधी को गिरफ्तार किया गया है,गिरफ्तार अपराधियों में राजबल्लभ सिंह, पिता स्व यदु सिंह, मिरापुर, रामजन्म मांझी पिता स्व धारी माझी खरांट, विकास कुमार पिता शिवशंकर सिंह बैरीचक,राजेश कुमार पिता अर्जुन प्रसाद, बैरीचक है। इसके अलावा धनरूआ थाना में भी तीन फरार अपराधियों की गिरफ्तारी की गई है। इसके अलावा भगवानगंज में तीन, पुनपुन थाना में दो, लहसुना थाना में दो और कादरीगंज थाना में शराब पीकर हंगामा करने के मामले में एक को गिरफ्तार किया गया है।

नगर पुलिस अधीक्षक पूर्वी ने भगवानगंज थाने में लगाया जनता दरबार, सुनी शिकायतें, किया सामाधान

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। पटना पुलिस के द्वारा पीपूल फ्रेंडली के तहत पब्लिक और पुलिस के बीच आपसी सामंजस्य बनाने और पुलिस के प्रति विश्वास पैदा करने के उद्देश्य को लेकर हर थानों में वरीय पुलिस अधिकारियों के द्वारा क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान जनता दरबार लगाकर आमजन की शिकायतें सुनकर उनके समाधान करने की कोशिश की जा रही है ऐसे में मसौढ़ी के भगवानगंज थाना पर परिचय कुमार, नगर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी), पटना के द्वारा भगवानगंज थाना का निरीक्षण करते हुए थाना परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया गया।इस दौरान आम जनता की समस्याओं/शिकायतों को सीधे सुना गया और त्वरित एवं विधि-सम्मत कार्रवाई हेतु संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस पहल का उद्देश्य पुलिस-जनता संबंधों को मजबूत करना और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभावी पुलिसिंग सुनिश्चित करना है।कार्यक्रम में नागरिकों ने अपनी समस्याएँ और सुझाव सीधे वरीय पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए। इसके अलावा थाना के सभी पुलिस पदाधिकारी को साफ तौर पर निर्देश दिया गया है, थाने थाना में शिकायत दर्ज करने वाले पीड़ित लोगों से अच्छा व्यवहार रखें उनकी शिकायतों को ठीक ढंग से समझे और निष्पादित करें।

आंगनबाड़ी केंद्रों की सेवाओं को प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने के लिए सभी केंद्रों पर हुआ सामाजिक अंकेक्षण

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बाल विकास परियोजना के अंतर्गत मसौढ़ी के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर शनिवार को सामाजिक अंकेक्षण का आयोजन किया गया। सीडीपीओ अनिता कुमारी ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर दी जाने वाली सेवाओं को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने के लिए सामाजिक अंकेक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों एवं माताओं को दी जाने वाली सुविधाओं की गुणवत्ता की जांच की गई। प्रखंड क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर सेविका के नेतृत्व में आयोजित सामाजिक अंकेक्षण में पोषक क्षेत्र के अभिभावक, वार्ड सदस्य एवं सामाजिक अंकेक्षण कमेटी के सदस्य उपस्थित थे। वहीं, महिला पर्यवेक्षिकाओं ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर आयोजित सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया।सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों, वार्ड सदस्यों एवं समाजिक अंकेक्षण कमेटी के सदस्यों ने आंगनवाड़ी केंद्र की आधारभूत संरचना, स्वच्छ पेयजल, स्कूल पूर्व शिक्षा कीट्स, पोषाहार के वितरण, बच्चों एवं माताओं को दिए जाने वाले टीकाकरण, कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों की समीक्षा की गई। आंगनबाड़ी केंद्रों पर संचालित योजनाओं में आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करने एवं सरकार के कार्यों में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से केंद्रों पर सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन के निर्देश के आलोक में किया गया। वहीं सामाजिक अंकेक्षण के माध्यम से आमजन को आंगनवाड़ी केंद्र के तहत संचालित योजनाओं की जानकारी देने एवं जागरूक किया गया। बताया गया कि आंगनबाड़ी केंद्रों के सामाजिक अंकेक्षण के लिए विभाग ने पूर्व से ही सामाजिक अंकेक्षण कमेटी का गठन किया था। इसी के तहत प्रखंड क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर आंगनवाड़ी सेविका के नेतृत्व में सामाजिक अंकेक्षण का आयोजन किया गया।

पटना गया फोरलेन पर कई गाड़ियां आपस में टकराई, चार लोग जख्मी

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। पटना गया डोभी नेशनल हाईवे 28 पर शनिवार की सुबह उस वक्त सड़क जाम जैसा स्थिति बन गई जब कई गाड़ियां आपस में टकरा गई जिसमें कई लोग जख्मी हुए हैं ।दरअसल बताया जाता है की केवड़ा थाना क्षेत्र के बसुहार गांव के समीप एक कंटेनर उत्पाद पुलिस की गाड़ी में पीछे से ठोकर मार दि, उसके बाद उस गाड़ी से आगे वाले स्कॉर्पियो में ठोकर लग गई, ठोकर लगते ही जब गाड़ियों में ब्रेक अचानक लगी तो सबसे पीछे आ रहे हैं कि सफेद रंग की कार भी टकरा गई। जिसमें कई लोग मामूली रूप से जख्मी हुए हैं। सूचना मिलते ही केवड़ा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची जहां पर सभी गाड़ियों को लाइनअप करते हुए सड़क से हटाया गया, ताकि जाम की स्थिति न बन सके। केवड़ा ओपी के थानाध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि शनिवार की सुबह में कई गाड़ियों में आपस में भिड़ंत हो गई थी, जिसमें कई लोगों को मामले रूप से जख्मी हुए हैं। यातायात सुदृढ कर दी गई है ।औरंगाबाद के मध निषेध पुलिस की गाड़ी में एक कंटेनर ने धक्का मार दिया था, उसी के बाद दो-तीन गाड़ियों में आपस में टकराव हो गया था फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।

मसौढ़ी में राशन कार्डधारी 30 तक करा लें इ-केवाइसी, सभी जनवितरण दुकानों लगा रहीं कैंप

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मसौढ़ी प्रखंड में इन दिनों खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की ओर से जारी निर्धारित तिथी 17 से 30 दिसंबर तक सभी राशनकार्ड धारियों के लिए विशेष कैंप लगाकर आधार सीडिंग (इ-केवाइसी) कराया जा रहा है। मसौढी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी वीरेंद्र भारती ने बताया कि राशन के लिए अपनी पात्रता सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत राशन पाने वाले सभी लाभुकों को 30 दिसंबर से पहले आधार सीडिंग (इ-केवाइसी) कराना जरूरी है. इससे सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी. मसौढ़ी प्रखंड के वैसे राशन कार्डधारी जो आजीविका या अन्य कारणों से राज्य से बाहर निवास कर रहें हैं, उन्हें लौटने की जरूरत नहीं है, क्योंकि राशन कार्डधारियों के लिए इ-केवाइसी करने की सुविधा अब पूरे देश में उपलब्ध है. वर्तमान में वे अपने निवास स्थान पर ही अपने निकटतम उचित मूल्य की दुकान या जनवितरण प्रणाली की दुकान पर इ-केवाइसी करा सकते हैं.

लगातार बढ़ रही ठंड को देखते हुए नगर परिषद की ओर से शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। लगातार बढ़ रही ठंड को देखते हुए नगर परिषद की ओर से आम लोगों के बचाव के लिए मसौढ़ी शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। शाम ढलते ही चौक-चौराहों पर अलाव जलाया गया, ताकि देर रात सड़कों पर काम करने वाले मजदूर, रिक्शा एवं ठेला चालक, फुटकर व्यवसायी, राहगीर और अन्य जरूरतमंद नागरिकों को ठंड से राहत मिल सके. मालूम हो कि पिछले कुछ दिनों से मौसम में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है. ठंड से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी के निर्देश पर टीम ने शहर के प्रमुख चौराहों, बाजार क्षेत्रों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन मार्ग, भीड़भाड़ वाले इलाकों तथा उन स्थानों की पहचान की है, जहां देर रात अधिक लोग मौजूद रहते हैं. इन स्थानों पर प्राथमिकता के आधार पर अलाव की व्यवस्था की गयी है. उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था पूरे शीतकालीन मौसम भर जारी रहेगी.वहीं नगर प्रबंधक शेखर कुमार प्रसाद ने कहा कि नगर परिषद का कर्तव्य है कि शहर में कोई भी नागरिक ठंड से परेशान न हो, इस दिशा में हर संभव कदम उठाया जाएगा।नगर परिषद के अधिकारियों ने बताया कि टीम को नियमित रूप से शहर का निरीक्षण करने, अलाव की स्थिति की मॉनिटरिंग करने और जरूरत पड़ने पर नए स्थानों पर अलाव की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है. कहा कि नागरिकों से प्राप्त सूचना और सुझावों को गंभीरता से लिया जाएगा. जहां भी आवश्यकता होगी, वहां तुरंत अलाव की व्यवस्था की जाएगी। टीम का नेतृत्व कर रहे हैं अमीन रामाधार कुमार यादव, शिव प्रकाश, रोहित कुमार एवं अन्य कर्मी शामिल हैं।

फुलवारी शरीफ महिला मौत मामला : दूसरे दिन बड़ा खुलासा, प्रेम प्रसंग में हत्या की आशंका

युवक फरार, छापेमारी जारी

फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। ईसापुर इलाके में महिला की संदिग्ध मौत के मामले में दूसरे दिन पुलिस जांच में अहम तथ्य सामने आए हैं. पुलिस सूत्रों के अनुसार यह मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ प्रतीत हो रहा है और हत्या की आशंका और गहरी हो गई है. मृतका रूबी खातून (26) का पति विदेश में काम करता था, जबकि वह फुलवारी शरीफ में अपने चार वर्षीय बच्चे के साथ अकेले रह रही थी. पुलिस जांच में सामने आया है कि मृतका का एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था. इस बात की जानकारी मृतका के परिवार वालों ने पुलिस को दी है. परिजनों ने पुलिस को एक युवक का नाम भी बताया है, हालांकि पुलिस फिलहाल उसका नाम सार्वजनिक नहीं कर रही है. पुलिस का कहना है कि मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पहचान उजागर नहीं की जा रही है. फुलवारी शरीफ थाना अध्यक्ष मोहम्मद गुलाम शाहबाज आलम ने बताया कि परिजनों द्वारा बताए गए युवक के खिलाफ प्राथमिक जांच के आधार पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है. उन्होंने स्वीकार किया कि प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग में हत्या से जुड़ा हो सकता है. पुलिस हर बिंदु पर गंभीरता से तहकीकात कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है. थाना अध्यक्ष ने बताया कि जिस युवक का नाम सामने आया है वह घटना के बाद से फरार है. उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है. कॉल डिटेल, मोबाइल लोकेशन, घटनास्थल के आसपास की गतिविधियों और अस्पताल से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है. पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों पर पूरी तरह से स्थिति स्पष्ट हो सकेगी. वहीं मृतका के चार वर्षीय बच्चे से जुड़े पहलुओं को भी जांच में शामिल किया गया है.

क्रिसमस मिलन समारोह का आयोजन बच्चों ने मचाया धमाल

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। संत मेरीस विद्यालय में क्रिसमस मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के बच्चों में नृत्य एवं गायन के साथ ईसु मसीह के जन्म की अदभुत घटना का मनमोहन मंचन किया।इस अवसर पर पटना धर्मप्रांत के प्रोकेटर फादर अमल राज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि क्रिसमस मात्र सजावट या उपहारों के आदान-प्रदान का पर्व नहीं यह वह अदभुत अवर पर्व है, जिसमें भगवान मनुष्य रूप में मानव के बीच आये और मानवीय जीवन को जीते हुए समस्त मानव की गरीमा और समानता का संदेश दिया।विद्यालय के प्राचार्य फादर पी. बासकर ने ईसु मसीह के मानवता की सेवा और करुणा को अपनाने का संदेश दिया।सभी लोगों ने यीशु के प्रति आस्था व्यक्त किया। वहीं धर्म गुरु ने कहा कि यीशु ने जो मानवता के लिए संदेश दिया है उस पर अमल करने की जरूरत है। धर्म गुरु ने कहा कि तमाम हिंदुस्तान में रहने वाले लोगों को यह मालूम होना चाहिए कि हमारे यहां यीशु जैसे महान विभूतियों ने संदेश दिया। यहां तक की सभी धर्मगुरु ने यह माना कि परमात्मा के रूप में आकर मानवता का संदेश देकर चले गए जिससे हम लोग को सीखने की जरूरत है। यह क्रिसमस मिलन समारोह में आए हुए लोगों के द्वारा यह संदेश देता है कि हम एक है अनेक नहीं है हम एक रहे सभी को यह संदेश देने की जरूरत है। यीशु ने भी मानवता के लिए हंसते-हंसते सूली पर चढ़ने का काम किया।इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं उप प्रधानाचार्या सिस्टर मटिल्डा भी उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

जिलाधिकारी के जनता दरबार में 60 आवेदकों की समस्याएं सुनी

छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में कुल 60 आवेदकों की समस्याएं सुनीं। इनमें से अधिकांश मामले राजस्व विभाग से संबंधित रहे। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनता दरबार में राजस्व विभाग से जुड़े 26 मामले आए। इसके अलावा शिक्षा विभाग से संबंधित 7, विकास से 5, भू-अर्जन से 3, पंचायत से 1, आपूर्ति से 1, आईसीडीएस से 2, आपदा से 1, सेवांत लाभ से 2, विद्युत से 1 तथा अन्य श्रेणी के 11 मामले शामिल थे। जिलाधिकारी ने सभी मामलों के समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण के लिए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से युवक घायल

मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मशरक थाना क्षेत्र के देवरिया बाजार में अनियंत्रित तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर जुटे स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया। घायल युवक की पहचान भगवानपुर थाना क्षेत्र के माघर गांव निवासी हंटा नट के 25 वर्षीय पुत्र अनुप कुमार के रूप में की गई है। बताया गया कि अनुप कुमार किसी कार्य से बाइक से मशरक बाजार की ओर जा रहा था, तभी देवरिया बाजार के समीप एक तेज रफ्तार वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया।

चौक-चौराहों पर अंचल कार्यालय ने जलवाया अलाव

तरैया (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। शहर एवं ग्रामीण इलाकों में बढ़ती कड़ाके की ठंड और शीतलहर को देखते हुए अंचल कार्यालय तरैया की ओर से राहत व्यवस्था शुरू कर दी गई है। इसके तहत तरैया बाजार के प्रमुख चौक-चौराहों पर अलाव की समुचित व्यवस्था की गई है, जिससे आम लोगों को ठंड से राहत मिल सके। चौक-चौराहों पर अलाव जलने से विशेष रूप से गरीब, वृद्ध, मजदूर और राहगीरों को काफी सहूलियत मिल रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि हर वर्ष ठंड के मौसम में अंचल कार्यालय द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की जाती रही है, लेकिन इस वर्ष ठंड की शुरूआत के साथ ही यह व्यवस्था कर दी गई, जो सराहनीय कदम है। मौके पर राजस्व कर्मचारी बद्री विशाल मिश्र, अंचल कर्मी संजय कुमार सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। स्थानीय नागरिकों ने ठंड से राहत के लिए की गई इस पहल पर अंचल प्रशासन के प्रति आभार जताया।

किसान मोबाइल प्रचार वाहन से प्रखंड के विभिन्न गांवों मे किसानों को दी जा रही है जानकारी

मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। गन्ना उद्योग विभाग बिहार, पटना एवं सहायक निदेशक ईख विकास, मोतिहारी के सौजन्य से विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं एवं अधिक से अधिक गन्ना किसानों को इसका लाभ पहुंचने के उद्देश्य से मोबाइल प्रचार वाहन को पूर्वी चंपारण के विभिन्न प्रखंड जैसे सुगौली, रामगढ़वा, हरसिद्धि, मझौलिया, रक्सौल, आदापुर एवं अन्य महत्वपूर्ण गन्ना क्षेत्रों के विभिन्न ग्राम में भ्रमण कराया जा रहा है जिससे स्थानीय गन्ना किसानो में बहुत उत्साह है। किसान मोबाइल प्रचार वाहन से जानकारी प्राप्त कर रहे है विभाग के क्षेत्रीय पदाधिकारी एवं जनसेवक भी गन्ना किसानो को जानकारी हेतु पंपलेट एवं पत्रक से जानकारी दे रहे है। सहायक निदेशक ईख विकास अजित कुमार प्रसाद द्वारा बताया गया कि विभाग योजनाओं का लाभ लेने हेतु गन्ना किसान पंजीकरण का कार्य किया जा रहा है जिसे किसानों को करवाना अनिवार्य है तभी वे योजनाओं के लाभ लेने हेतु आवेदन कर पाएंगे इसके लिए किसान सुगौली चीनी मिल के कर्मचारी या गन्ना विभाग के पदाधिकारी एवं क्षेत्रीय जनसेवक से संपर्क कर सकते हैं।

मरीजों के लिए उपलब्ध है हीटर व कंबल की सुविधा

डीएम के आदेश पर सीएस व डीपीएम ने किया वार्ड का निरिक्षण

मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। सदर अस्पताल मोतिहारी में बढ़ते ठंढ को देखते हुए जिलाधिकारी श्री सौरभ जोरवाल ने सदर अस्पताल मोतिहारी में भर्ती मरीजों के लिए हीटर व गर्म कंबल की सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है जिसपर अमल करते हुए सिविल सर्जन डॉ रविभूषण श्रीवास्तव व डीपीएम ठाकुर विश्वमोहन ने सदर अस्पताल मोतिहारी के वार्ड का निरिक्षण किया एवं भर्ती मरीजों से व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए बताया कि कम्बल और हीटर उपलब्ध है। कुछ नए कम्बल की आवश्यकता है। सिविल सर्जन के द्वारा कर्मियों को कंबल व हीटर की व्यवस्था पर ध्यान देने का निर्देश दिया गया है।

डीआईजी ने किया रामनगर थाने का निरीक्षण

रामनगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। पश्चिम चंपारण के डीआईजी हरि किशोर राय शनिवार को रामनगर थाने का औचक निरीक्षण किया,निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना की कार्यप्रणाली का जायजा लिया और लंबित कांडों की गहन समीक्षा के दौरान डीआईजी ने निर्देश दिया कि सभी मामलों की फाइलें समय पर अपडेट रखी जाएं और अनुसंधान में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। उन्होंने थाना परिसर की साफ-सफाई, अभिलेख संधारण, मालखाना व्यवस्था और आगंतुकों की सुविधा पर विशेष ध्यान देने को कहा ।साथ ही पुलिसकर्मियों को जनता के साथ बेहतर व्यवहार बनाए रखने और शिकायतों का त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया । निरीक्षण के समय एस पी निर्मला कुमारी,एसडीपीओ रागिनी कुमारी, इंस्पेक्टर अभय कुमार, थानाध्यक्ष दीपक कुमार, राजकुमार राय, अखिलेश राय, राजीव कुमार, राजेश यादव समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी व जवान मौजूद रहे । इस दौरान थाना क्षेत्र की समस्याओं, अपराध नियंत्रण और विधि-व्यवस्था को लेकर चर्चा की । डीआईजी ने कहा कि शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है और इसके लिए सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ।

लूट कांड में अभियुक्त गिरफ्तार

कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। थाना कांड संख्या 357/25 के तहत दर्ज लूट मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। इस कांड के अभियुक्त पिपरा कोठी थाना क्षेत्र के सिरसिया गांव निवासी सुधीर राय के पुत्र सिकंदर कुमार बताया गया है। पुलिस द्वारा की गई प्रारंभिक जांच में अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। जांच के दौरान यह पाया गया कि सिकेन्द्र कुमार के विरुद्ध पूर्व में भी कोटवा थाना कांड संख्या 394/23 के तहत आर्म्स एक्ट एवं भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं में प्राथमिक दर्ज है। थानाध्यक्ष कारण सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ की जा रही है, ताकि लूट कांड से जुड़े अन्य पहलुओं और संभावित सहयोगियों का भी पता लगाया जा सके। पुलिस ने इस गिरफ्तारी को अपराध नियंत्रण की दिशा में एक अहम कदम बताया है और आम लोगों से सहयोग की अपील की है।

नगर थानाध्यक्ष की हर जगह हो रही है चर्चा

मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। नगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन ने मानवता की एक बड़ी मिसाल पेश करते हुए समाज के सामने एक प्रेरणादायक उदाहरण रखा है। शरण नर्सिंग होम के बाहर ब्लड कैंसर से पीड़ित अपनी मासूम बच्ची को गोद में लिए बिलखती एक नेपाली महिला की मदद कर उन्होंने यह साबित कर दिया कि पुलिस केवल कानून की रक्षक ही नहीं, बल्कि जरूरतमंदों की सहारा भी होती है। बताया जाता है कि नगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन गश्त के दौरान शरण नर्सिंग होम के पास से गुजर रहे थे। इसी दौरान उनकी नजर सड़क किनारे बैठी एक महिला पर पड़ी, जो अपनी बच्ची को गोद में लिए रो रही थी। थानाध्यक्ष को महिला की हालत संदिग्ध लगी, जिसके बाद वे खुद उसके पास पहुंचे और उससे बातचीत की। महिला ने बताया कि उसकी बच्ची ब्लड कैंसर से पीड़ित है। इलाज के लिए न तो उसके पास पैसे हैं और न ही खाने की कोई व्यवस्था। वह नेपाल से इलाज की उम्मीद लेकर आई थी, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण पूरी तरह टूट चुकी थी। महिला की आपबीती सुनकर थानाध्यक्ष राजीव रंजन भावुक हो उठे। उन्होंने तत्काल महिला और उसकी बच्ची को अपनी गाड़ी में बैठाया और पहले उन्हें भोजन कराया।

ऊर्जा विभाग में चयनित होकर अंजलि ने परिजनों व क्षेत्र का बढ़ाया मान- सम्मान

मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री ने पटना आयोजित कार्यक्रम में अंजलि को सौंपा नियुक्ति पत्र

एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। सारण जिले के एकमा प्रखंड के परसागढ़ गांव की बेटी अंजलि कुमारी ने बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड में चयनित होकर परिवार, गांव के साथ-साथ क्षेत्र का नाम रोशन कर मान-सम्मान बढ़ाया है। अंजलि ने प्रथम प्रयास में ही पत्राचार लिपिक पद की परीक्षा उत्तीर्ण करते हुए बालिकाओं के बैच में सर्वाधिक अंक प्राप्त किए हैं। अंजलि कुमारी, परसागढ़ बाजार निवासी रामजी प्रसाद कुशवाहा की नतिनी व ज्ञान प्रकाश कुशवाहा की पुत्री हैं। उनकी इस सफलता से गांव में खुशी का माहौल है। परिजनों सहित ग्रामीण उन्हें बधाईयां दे रहे हैं। बताया गया है कि अंजलि के पिता ज्ञान प्रकाश कुशवाहा, परसागढ़ बाजार में फोटो स्टूडियो की दुकान संचालित करते हैं। पटना स्थित विद्युत भवन में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व उपमुख्यमंत्री क्रमशः विजय कुमार सिन्हा व सम्राट चौधरी द्वारा संयुक्त रूप से अंजलि कुमारी को ज्वाइनिंग लेटर प्रदान किया गया। अपनी सफलता का श्रेय देते हुए अंजलि ने कहा कि उन्होंने घर पर रहकर नियमित अध्ययन किया। इस दौरान माता-पिता के सहयोग व मार्गदर्शन से यह मुकाम हासिल कर सकीं। अंजलि की यह उपलब्धि क्षेत्र की अन्य छात्राओं के लिए प्रेरणास्रोत बन गई है।

रक्सौल में ऐतिहासिक विजय के उपलक्ष्य में भव्य कार्यकर्ता परिवार सम्मान समारोह

सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने किया कार्यकर्ताओं का सम्मान, एयरपोर्ट शिलान्यास का दिलाया भरोसा

रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बिहार में प्रचंड जीत एवं रक्सौल विधानसभा की ऐतिहासिक विजय के उपलक्ष्य में शनिवार को रक्सौल विधानसभा क्षेत्र के हरैया में भव्य कार्यकर्ता परिवार सम्मान समारोह का आयोजन पूरे उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम में माननीय सांसद डॉ. संजय जायसवाल की उपस्थिति ने आयोजन को और विशेष बना दिया। समारोह की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अशोक पांडेय ने की, जबकि कार्यक्रम का कुशल संचालन अजय पटेल ने किया। अपरिहार्य कारणों से उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके, लेकिन उन्होंने टेलीफोन के माध्यम से कार्यकर्ताओं और जनता को संबोधित करते हुए सभी को धन्यवाद दिया। अपने संबोधन में उन्होंने रक्सौल की जनता को भरोसा दिलाया कि शीघ्र ही एयरपोर्ट का शिलान्यास किया जाएगा, जिससे क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि यह जीत संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की निष्ठा और जनता के अटूट विश्वास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ होते हैं और उनके सम्मान से संगठन को नई ऊर्जा मिलती है।

तालाब से मासूम बच्चे का शव बरामद, इलाके में दहशत

लहलादपुर (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। जनता बाजार थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव स्थित एक तालाब से पुलिस ने एक मासूम बच्चे का शव बरामद किया है। एक सप्ताह के भीतर उसी तालाब से दूसरा शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। स्थानीय लोगों के अनुसार बरामद शव लगभग तीन वर्षीय बच्चे का प्रतीत हो रहा है। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि यह शव बीते रविवार को इसी तालाब से बरामद लगभग 30 वर्षीय महिला के शव से जुड़ा हो सकता है और मृत बच्चा उसी महिला का पुत्र हो। हालांकि, पुलिस ने अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। सूचना मिलने पर जनता बाजार थाना के थानाध्यक्ष जयहिंद यादव पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, छपरा भेज दिया है। एक ही तालाब से लगातार दो शव मिलने के बाद इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि तालाब का इलाका काफी एकांत में है, जिससे असामाजिक तत्वों द्वारा इसे आपराधिक गतिविधियों के लिए सुरक्षित स्थान के रूप में इस्तेमाल किए जाने की आशंका बनी हुई है। पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी है।

भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई का जन्म शताब्दी दिवस मानने को लेकर बैठक

24 से 31 दिसंबर तक अटल जी की राजनीति यात्रा एवं सुशासन में उनके योगदान के लिए उत्सव मनाया जाएगा

मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष पवन राज की अध्यक्षता में सर्किट हाउस के सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी 25 दिसंबर के आयोजन को लेकर चर्चा हुई। अटल जन्म शताब्दी स्मृति समारोह को लेकर राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के मद्देनजर सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने कहा कि 24 दिसंबर से 31 दिसंबर तक निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अटल जी की राजनीतिक यात्रा एवं सुशासन में उनके योगदान का उत्सव मनायेंगे। श्री सिंह ने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से अटल जी के राष्ट्र-प्रथम के मूल्यों को उजागर करके उनकी विरासत को विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए राष्ट्रव्यापी सहभागिता पूर्ण गतिविधियों का संचालन करके नागरिकों एवं युवाओं को प्रेरित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि 24 दिसंबर को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में सभी प्रतिमाओं एवं स्मारकों की सफाई एवं रखरखाव के साथ 24 दिसंबर की शाम को अटल जी की प्रतिमाओं एवं उन से जुड़े स्मृति स्थलों और भाजपा कार्यालयों में दीपोत्सव का आयोजन किया जायेगा। सभी विधानसभा क्षेत्रों में अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन होगा, जिसमें वक्तागण भारत रत्न अटल जी के व्यक्तित्व एवं उपलब्धियों के विभिन्न पहलुओं को प्रस्तुत करेंगे। साथ ही पार्टी कार्यालयों, स्थानीय निकाय कार्यालयों और सार्वजनिक स्थानों पर सात दिवसीय अटल स्मृति प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा। जिला एवं विधानसभा स्तर पर कवि सम्मेलन, चित्रकला प्रतियोगिता, ग्राफिक्स एवं रील प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएग। बैठक में मोतिहारी मोतिहारी विधायक पूर्व मंत्री प्रमोद कुमार, हरसिद्धि विधायक कृष्णनंदन पासवान, कल्याणपुर विधायक सचिन्द्र प्रसाद सिंह, पिपरा विधायक श्यामबाबू यादव, मछुआरा आयोग के अध्यक्ष ललन सहनी, पूर्व विधायक गोविंदगंज सुनील मणि तिवारी, उप महापौर डॉ. लालबाबू प्रसाद, एनडीए के संयोजक प्रकाश अस्थाना, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र गुप्ता, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश सिंह, उपाध्यक्ष मीना मिश्रा, सुधांशु रंजन एवं राकेश गुप्ता, महामंत्री त्रय योगेंद्र प्रसाद, मार्तण्ड नारायण सिंह एवं संजय चौधरी, प्रदेश महामंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा मोहिब्बुल हक, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा नीता शर्मा, मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद, सोशल मीडिया प्रभारी पंकज सिन्हा, आईटी सेल प्रभारी ऋषभ झा, सियावर सिंह, सूरज पांडेय, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष बबलू पासवान, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष हरेंद्र कुशवाहा, मोतिहारी विधानसभा संयोजक ओमप्रकाश सिंह, डॉ. अरुण कुमार, अनिल वर्मा, धर्मेंद्र कुमार, रोहित सिंह, वकील सहनी सहित बड़ी संख्या लोग शामिल थे।

चिरैया विधायक लालबाबू प्रसाद गुप्ता ने एनडीए कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। प्रखंड के परतापुर स्थित भाजपा कार्यालय में शनिवार को चिरैया विधानसभा क्षेत्र के एनडीए कार्यकर्ताओं का सम्मान व धन्यवाद समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चिरैया विधायक लालबाबू प्रसाद गुप्ता ने एनडीए कार्यकर्ताओं को अंग वस्त्र व माला पहनाकर सम्मानित किया। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के सामूहिक गायन से हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिकारगंज मंडल अध्यक्ष गांधी यादव ने की। वहीं मंच का संचालन संजय सिंह ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री गुप्ता ने कहा कि इस चुनाव में एनडीए कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम ने इतनी बड़ी जीत दिलाई है। उन्हें ऐतिहासिक व तीसरी बार जीत दिलाने के लिए चिरैया विधानसभा क्षेत्र की जनता का खासकर महिलाओ के प्रति विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपने इस चुनाव में पुरुषों की अपेक्षा बढ़ चढ़कर मतदान किया। जिसका परिणाम हम सभी के समक्ष है। भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और कार्यकर्ताओं की मेहनत के कारण आज पार्टी देश और प्रदेश में लगातार मजबूत हो रही है। भाजपा संगठन जिला ढाका के महामंत्री राकेश यादव ने हैट्रिक जीत के लिए विधायक लालबाबू प्रसाद गुप्ता को बधाई देते हुए कहा कि आपने अपनी सहजता, सरलता व सर्व सुलभता की बदौलत हैट्रिक बनाई है। कार्यक्रम को विधायक प्रतिनिधि संजय प्रसाद, जिला महामंत्री अशोक सिंह चौहान, भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष चिंता देवी, जिला मंत्री जयराम प्रसाद निषाद आदि ने भी संबोधित किया।

चलती कार में लगी भीषण आग, परिवार सुरक्षित

मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अमवा मझार कोठी के समीप शनिवार को उस समय अफरातफरी मच गई, जब एक चलती कार में अचानक भीषण आग लग गई। गनीमत यह रही कि कार में सवार शिक्षिका सहित परिवार के सभी सदस्य समय रहते बाहर निकल गए, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। हालांकि कुछ ही मिनटों में कार पूरी तरह जलकर राख हो गई। अमवा मझार में कार्यरत शिक्षिका विजेता कुमारी शनिवार सुबह करीब 10 बजे अपने परिवार के साथ विद्यालय जा रही थीं।

भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर बिहार का बढ़ा गौरव : राधा मोहन सिंह

मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने कहा कि हम बिहार के लोग सौभाग्यशाली हैं कि बिहार का एक बेटा को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। उनके अध्यक्ष बनने से प्रधानमंत्री के विकसित भारत और विकसित बिहार के अभियान को गति मिलेगी। मोतिहारी के विकास में नितिन नवीन का बड़ा योगदान है।उन्होंने कहा कि नितिन नवीन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार पटना आगमन पर उनके स्वागत में आयोजित विशाल और ऐतिहासिक कार्यक्रम में प्रत्येक विधानसभा से वहां के विधायक एवं वरीय नेताओं के नेतृत्व में बड़ी संख्या में उत्साही कार्यकर्ता शामिल होंगे। श्री सिंह ने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष है।

किसानों के बीच जैविक किट का वितरण

मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। किसानों को दलहन और तिलहन फसलों की खेती करने के लिए कृषि विभाग मैनाटांड़ द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया । ताकि किसान रासायनिक खेती से हटकर मिट्टी की सेहत सुधारें, उत्पादन लागत घटाएं और अपनी आय बढ़ाएं। इसके लिए सरकार किसानों को मुफ्त बीज, वित्तीय सहायता और प्रशिक्षण दे रही है। इधर प्रखंड के 10 पंचायत में 230 किसानों को जैविक किट का भी वितरण किया गया। पदाधिकारी रमेश कुमार गुप्ता ने बताया कि जैविक खेती को अपनाकर किसान अपनी आय और पर्यावरण दोनों में सुधार ला सकते हैं।

सोनपुर के भारत वंदना घाट पर भव्य गंगा महाआरती का आयोजन

छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। पौष मास अमावस्या के पावन अवसर पर सोनपुर स्थित भारत वंदना घाट पर भव्य गंगा महाआरती का आयोजन किया गया। माँ तारा सेवा निधि, कौनहारा महातीर्थ हरिपुर (वैशाली) की ओर से आयोजित त्रिवेणी महाआरती में विद्वान पंडितों द्वारा शंखध्वनि, झाल-नगाड़ों व वैदिक मंत्रोच्चार के बीच माँ गंगा की आरती संपन्न हुई। आयोजकों ने बताया कि यह महाआरती विगत कई वर्षों से परंपरागत रूप से प्रत्येक पूर्णिमा को कौनहारा घाट महातीर्थ हरिपुर तथा प्रत्येक अमावस्या को भारत वंदना घाट सोनपुर में आयोजित की जाती रही है। हरि और हर की पावन भूमि हरिहरक्षेत्र की महिमा वेदों और पुराणों में वर्णित है। हरिहर क्षेत्र की पुण्य भूमि के सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक उत्थान के उद्देश्य से माँ तारा सेवा निधि द्वारा संरक्षक महाकाल बाबा के नेतृत्व में निरंतर धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर त्रिवेणी संगम की महत्ता से जनमानस को अवगत कराया जा रहा है। महाआरती के दौरान सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। शंखध्वनि और वैदिक मंत्रों की गूंज से संपूर्ण हरिहर क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूब गया। गंगा आरती का दृश्य काशी और हरिद्वार की आरती जैसा प्रतीत हो रहा था। कार्यक्रम की सफलता में स्थानीय जनमानस की भूमिका सराहनीय रही। साथ ही आचार्य अनिल, अर्जुन, अविनाश, किशन, कुंदन, राजा, मुकेश, रौशन, विपिन, आदित्य तथा समाजसेवी लाल बाबू पटेल ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। महाआरती का समापन ह्लधर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, हरिहर क्षेत्र का उद्धार होह्व जैसे ओजस्वी जयघोष के साथ हुआ।

प्रो. देवदत्त चतुर्वेदी अंतरराष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित

मोतीहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। रसायन विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट, मौलिक तथा वैश्विक स्तर पर प्रशंसनीय योगदान के लिए महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, बिहार के वरिष्ठ शिक्षाविद एवं रसायन विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) देवदत्त चतुवेर्दी को एएससीबी अवार्ड - 2025 से सम्मानित किया गया है । यह प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सम्मान 31वें एएससीबी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र के दौरान 19 से 21 दिसंबर 2025 के बीच केआईआईटी, भुवनेश्वर (ओडिशा) में प्रदान किया गया। एएससीबी अर्थात इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ केमिकल बायोलॉजी द्वारा जारी आधिकारिक आमंत्रण पत्र में प्रो. चतुवेर्दी के रसायन विज्ञान में उल्लेखनीय अनुसंधान, उच्चकोटि के शिक्षण कार्य तथा प्रभावशाली अकादमिक नेतृत्व की विशेष रूप से सराहना की गई है। यह सम्मान उनके नवोन्मेषी वैज्ञानिक अनुसंधान, निरंतर शैक्षणिक योगदान एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित प्रभाव की सशक्त स्वीकृति है। गौरतलब है कि इससे पूर्व भी प्रो. (डॉ.) देवदत्त चतुवेर्दी को भारतीय रसायनज्ञ परिषद द्वारा प्रो. डब्ल्यू. यू. मलिक मेमोरियल पुरस्कार से अलंकृत किया जा चुका है। वर्तमान में वे महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में रसायन विज्ञान संकाय के विभागाध्यक्ष होने के साथ - साथ संस्था परिषद के अध्यक्ष के दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं तथा वे तीसरी बार रसायन विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। प्रो. चतुवेर्दी ने सी एस आई आर - औषधि अनुसंधान संस्थान, लखनऊ से औषधीय रसायन विज्ञान में पीएचडी उपाधि प्राप्त की। इसके पश्चात उन्होंने जॉर्जिया विश्वविद्यालय, अमेरिका तथा गोएटिंगेन विश्वविद्यालय, जर्मनी में पोस्टडॉक्टोरल फेलो के रूप में उच्चस्तरीय शोध कार्य किया। उनके नाम प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में 100 से अधिक शोध प्रकाशन (2500 से अधिक उद्धरण) तथा 13 पेटेंट पंजीकृत हैं। उन्हें सर्वाधिक उद्धृत शोधपत्र पुरस्कार, युवा वैज्ञानिक पुरस्कार, फास्ट ट्रैक यंग साइंटिस्ट अवार्ड सहित अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने अब तक 60 से अधिक आमंत्रित व्याख्यान देश-विदेश में प्रस्तुत किए हैं तथा अनेक शोधार्थियों का सफलतापूर्वक मार्गदर्शन किया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने प्रो. चतुवेर्दी को हार्दिक बधाई देते हुए कहा, प्रो. देवदत्त चतुवेर्दी को प्राप्त यह अंतरराष्ट्रीय सम्मान उनके उत्कृष्ट वैज्ञानिक योगदान की पहचान होने के साथ-साथ महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय की अकादमिक उत्कृष्टता और वैश्विक प्रतिष्ठा को भी नई ऊँचाइयाँ प्रदान करता है।

एटीएम से 25 लाख की चोरी मामले में पुलिस ने गठित की विशेष टीम

राजस्थान-हरियाणा भेजा जा रहा जांच दल

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। जिले में दो अलग-अलग स्थानों पर एसबीआई के ए टी एम मशीनों को गैस कटर से काटकर अपराधियों ने बड़ी रकम की चोरी मामले में घटना के उद्भेदन के लिये पुलिस ने एसआईटी का गठन किया है।घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी है। सदर एसडीपीओ विवेक दीप के नेतृत्व में अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग विशेष टीमों का गठन किया गया है। एक टीम राजस्थान और हरियाणा भेजी जा रही है, क्योंकि संदेह है कि वारदात में बाहरी राज्यों के अपराधी शामिल हो सकते हैं। पुलिस अन्य जिलों की पुलिस के साथ भी समन्वय स्थापित कर रही है।अपराधियों की पहचान और पकड़ के लिए पुलिस हर संभव कोण से जांच कर रही है। अपराधी नौतन से बेतिया की ओर आए और वारदात के बाद बसवरिया की दिशा में फरार हो गए। भागने के संभावित रास्तों पर लगे सभी सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। नौतन से बेतिया आने वाले मार्ग के साथ-साथ बेतिया से बसवरिया जाने वाले इलाके के कैमरों की रिकॉर्डिंग की बारीकी से जांच की जा रही है।पुलिस का मानना है कि यह वारदात किसी संगठित गिरोह की हो सकती है, क्योंकि दोनों ए टी एम में अलार्म सिस्टम और सीसीटीवी कैमरे को पहले निष्क्रिय किया गया और फिर गैस कटर से मशीन काटी गई। अन्य राज्यों और जिलों में हाल के दिनों में हुई इसी तरह की चोरी की घटनाओं से भी तार जोड़ने की कोशिश की जा रही है।

एक नजर

अपार आइडी का हेडमास्टर को दिया प्रशिक्षण

हसपुरा (औरंगाबाद)। समग्र शिक्षा विभाग का प्रयास है कि विद्यालयों में नामांकन के अनुसार उपस्थिति शतप्रतिशत हो जिसे लेकर अपार आईडी जरूरी हो गया है। बताया जाता है कि बच्चों को उपस्थिति टैब से बनेगा। जिसे नामांकित छात्र - छात्राओं का अपार आईडी जरूरी है। जिसे लेकर प्लस - टू कन्या हाईस्कूल हसपुरा के सभाकक्ष में प्राथमिक , मध्य तथा हाईस्कूल के हेडमास्टरों को यू - डायस पोर्टल पर अपार आईडी बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक प्रिंस कुमार ने प्रशिक्षण में शामिल सभी हेडमास्टरों को एलसीडी के माध्यम से अपार आईडी जेनरेट संबंधी जानकारी दी। कहा कि बगैर अपार आईडी का बच्चों को उपस्थिति नहीं पाएगा। बीईओ दीपक कुमार ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि शिक्षा विभाग के पत्र के अवलोकन में कहा गया है अपार आइडी कार्ड नामांकित बच्चों को आधार कार्ड के अनुसार ही बनाएंगे ताकि आगे उन्हें किसी तरह का परेशानी नहीं हो। प्रशिक्षण मे हेडमास्टर शशि रंजन, मो. आशिफ, मुकेश कुमार, समुंदर सिंह, अवधेश कुमार,अर्जुन कुमार , रवि कुमार,कमलेश कुमार सहित सभी हेडमास्टरों ने प्रशिक्षण में हिस्सा लिया।

अतिक्रमण के खिलाफ सीओ से मिले ग्रामीण

हसपुरा (औरंगाबाद)। प्रखंड के डिण्डीर पंचायत अंतर्गत विसुनपुरा गांव के ग्रामीणों ने हसपुरा सीओ कौशल्या कुमारी से मिलकर विसुनपुरा गांव स्थित खेल मैदान को अतिक्रमण के खिलाफ सामुहिक रूप से आवेदन दिया है। सीओ को दिया गया आवेदन में ग्रामीणों ने बताया है कि अरवल जिला के भोगापुर गांव निवासी कामेश्वर यादव द्वारा खेल मैदान को जबरन कब्जा किया जा रहा है। विसुनपुरा गांव के शैलेन्द्र बिहारी,नीतीश कुमार, अशोक कुमार, जितेन्द्र कुमार, फुलेन्द्र महतो, संजय महतो,वार्ड सदस्य धर्मेंद्र कुमार, सुधीर कुमार सहित दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि बच्चे जब खजल मैदान में खेलने जाते हैं तो कामेश्वर यादव द्वारा बच्चों को भगा दिया जाता है। इधर विसुनपुरा गांव के ग्रामीणों ने बताया की अरवल जिला के वासिलपुर गांव निवासी अनंत राम द्वारा हसपुरा थाना में इसी खेल मैदान को अपना बता कर पैसा छिनने व मारपीट का मामला एक दर्जन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया है। ग्रामीणों द्वारा सीओ को दिए गए आवेदन पर जांच करने का आश्वासन दिया गया है।

वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

रफीगंज (औरंगाबाद)। रफीगंज पुलिस ने पोगर गांव से एक वारंटी उपेन्द्र प्रजापति को न्यायालय द्वारा वारंट के आलोक पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। प्रशिक्षु डीएसपी सह अभिषेक कुमार ने बताया कि औरंगाबाद न्यायालय द्वारा वारंट निर्गत हुई थी, उसी का आलोक में उपेन्द्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत किशोरियों को किया गया जागरूक

रफीगंज (औरंगाबाद)। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत संचालित 100 दिवसीय कार्यक्रम के तहत रफीगंज आइसीडीएस प्रखंड सभा कक्ष कार्यालय में दीप ज्योति कल्याण संस्थान के द्वारा किशोरियों के लिए बाल विवाह की रोकथाम एवं बाल अधिकारों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जो मुख्य अतिथि प्रखंड कल्याण पदाधिकारी प्रीति कुमारी के अध्यक्षता में संचालित किया गया।इस कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों को बाल विवाह के दुष्प्रभावों, कानूनी प्रावधानों तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं द्वारा बताया गया कि बाल विवाह न केवल कानून अपराध है, बल्कि यह किशोरियों के स्वास्थ्य, शिक्षा एवं समग्र विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। उन्हें बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006, शिक्षा का अधिकार, स्वास्थ्य सेवाएं, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, तथा किसी भी प्रकार के शोषण की स्थिति में सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान 50 किशोरियों को बैग वितरण किया गया| कार्यक्रम के सफल आयोजन में आईसीडीएस, महिला एवं बाल विकास विभाग, मंजीत कुमार बाल अधिकार एसोसिएट औरंगाबाद, सरिता कुमारी एवं बिन्दु कुमार दीप ज्योति कल्याण संस्थान की सक्रिय भागीदारी रही और मौजूद सभी अधिकारियों, विकास मित्रों एवं किशोरीयो ने अंत में बाल विवाह मुक्त भारत के निर्माण हेतु सामूहिक संकल्प लिया।

चैलेंजर कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

मखदुमपुर (जहानाबाद)। जहानाबाद जिले के मखदुमपुर बाजार स्थित गांधी मैदान में पलेया क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के द्वारा आयोजित चैलेंजर कोस्को क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष रानी कुमारी मखदूमपुर सीओ रंजीत कुमार उपाध्याय, बीडीओ मृत्युंजय कुमार, मखदुमपुर थाना अध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा समेत कई अतिथि मौजूद रहे। मौजूद लोगों ने रिबन काटकर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया, साथ ही खिलाड़ियों से परिचय भी प्राप्त किया। इस बाबत पलेया क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सदस्य अंशु कुमार, मुकेश कुमार, निखिल कुमार, सुजीत कुमार, संतु कुमार, राहुल कुमार ने बताया कि इस बार टूर्नामेंट में 16 टीम भाग ली है। वही उद्घाटन मैच सुप्पी एवं मोगल विगहा के बीच खेला गया। जिसमें सुप्पी की टीम को तीन विकेट से विजेता घोषित किया गया। कार्यक्रम में हम नेता पंपी शर्मा, मुखिया संघ की अध्यक्ष अजीत कुमार उर्फ खट्टू यादव समेत काफी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

पेड़ से गिरकर व्यक्ति की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हसपुरा (औरंगाबाद)। प्रखंड अंतर्गत पंचायत अमझर शरीफ के ग्राम अमझर शरीफ निवासी लगभग 50 वर्षीय रामप्रवेश चौधरी की ताड़ के पेड़ से गिरने से मौत हो गई। यह हादसा ग्राम करण बिगहा में उस समय हुआ, जब वे रोज़ी-रोटी के लिए ताड़ी उतारने के काम में लगे थे। अचानक संतुलन बिगड़ने से वे ऊंचाई से नीचे गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों और परिजनों ने उन्हें आनन-फानन में रेफरल अस्पताल, हसपुरा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया। जैसे ही इस दुखद घटना की सूचना गांव में फैली, पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। हर आंख नम थी, हर दिल भारी—क्योंकि चला गया एक मेहनतकश इंसान, जो अपने पसीने से परिवार का चूल्हा जलाता था।

रामप्रवेश चौधरी अत्यंत गरीब परिवार से ताल्लुक रखते थे और ताड़ी व्यवसाय ही उनकी आजीविका का एकमात्र साधन था। उनके असमय निधन से परिवार पर मानो दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वे अपने पीछे पत्नी कोशीला देवी, पुत्र सुभाष चौधरी तथा तीन पुत्रियां—पूजा देवी, पूनम देवी और सीमा कुमारी—को छोड़ गए हैं। इनमें से दो पुत्रियों का विवाह हो चुका है, जबकि सबसे छोटी पुत्री सीमा कुमारी अभी अविवाहित है। परिवार में मृतक के अलावा कोई अन्य कमाने वाला सदस्य नहीं है, जिससे आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही डुमरा पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि श्याम किशोर यादव शोक संतप्त परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाया और दाह संस्कार में शामिल होकर अपनी संवेदना व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की कि मृतक के परिजनों को आपदा राहत योजना के तहत मिलने वाली सहायता राशि शीघ्र उपलब्ध कराई जाए, ताकि इस कठिन समय में परिवार को कुछ सहारा मिल सके। सरपंच प्रतिनिधि ने कहा कि रामप्रवेश चौधरी एक ईमानदार और परिश्रमी व्यक्ति थे। उनके निधन से न केवल परिवार, बल्कि पूरा गांव गहरे शोक में है। अंत में उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को यह असहनीय दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

खड़े ट्रैक्टर से बाइक टकराई, तीन घायल

गोह (औरंगाबाद)। कोसड़ीहरा मोड़ के समीप शनिवार की सुबह एक बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। खड़े ट्रैक्टर से टकराने के कारण बाइक सवार तीन किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया गया कि बाजार बर्मा गांव निवासी रणजीत पासवान के 15 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार, उपेंद्र पासवान के 16 वर्षीय पुत्र अभी कुमार एव अरविंद पासवान के 17 वर्षीय पुत्र पवन कुमार एक ही बाइक से गोह बाजार गए थे। लौटने के दौरान कोसड़ीहरा मोड़ के पास उनकी बाइक खड़े ट्रैक्टर से जा टकराई। हादसे में तीनों युवक घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें पीएचसी गोह पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज गया रेफर कर दिया।

डॉ. चन्द्रिका बाबू स्मृति खेल महोत्सव के दूसरे दिन दिखा जोश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। स्वर्गीय प्रो० (डॉ०) चन्द्रिका प्रसाद यादव की स्मृति में आयोजित डॉ. चन्द्रिका बाबू स्मृति खेल महोत्सव–2025 के दूसरे दिन कशियावा हुलासगंज स्थित खेल अकादमी परिसर में उत्साह, उमंग और खेल भावना का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। पूरे दिन चले मुकाबलों में दर्शकों की भारी उपस्थिति रही और खिलाड़ियों का उत्साह चरम पर दिखाई दिया। दूसरे दिन खेल महोत्सव के अंतर्गत कबड्डी, हैंडबॉल, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल एवं फुटबॉल सहित सभी निर्धारित खेल प्रतियोगिताओं का सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन किया गया, जिसमें खिलाड़ियों ने अनुशासन और खेल भावना का परिचय देते हुए शानदार प्रदर्शन किया और दर्शकों का मन मोह लिया। प्रतियोगिताओं के दौरान आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ०संजय कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने खिलाड़ियों से मिलकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर महासचिव, बिहार हैंडबॉल संघ बृजकिशोर शर्मा, कोषाध्यक्ष, बिहार हैंडबॉल संघ त्रिपुरारी प्रसाद, तथा सचिव, जिला हैंडबॉल संघ सह खेल महोत्सव के आयोजक सचिव आलोक कुमार उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों ने खेलों को युवाओं के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास के लिए आवश्यक बताते हुए आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना की। प्रतियोगिताओं के सफल, निष्पक्ष एवं तकनीकी रूप से सुदृढ़ संचालन में नेशनल रेफरी चंदन कुमार, मोहम्मद इमरान, तथा प्राचार्य डॉ० खालिद की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

ग्रामीण क्षेत्रों में कृषक प्रशिक्षण का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। जिला कृषि कार्यालय, जहानाबाद के द्वारा केंद्र प्रायोजित राष्ट्रीय संधारणीय मिशन योजना के अंतर्गत रेनफेड एरिया डेवलपमेंट योजना के तहत ग्राम-सकरौढ़ा एवं ग्राम साइस्ताबाद में कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए जिला कृषि पदाधिकारी- संभावना के बताया गया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थान विशिष्ट मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, वर्षा जल उपयोग दक्षता में वृद्धि, रसायनों का विवेकपूर्ण उपयोग, फसल विविधीकरण और फसल-पशुधन-वृक्ष खेती प्रणालियों को एकीकृत रूप से अपनाते हुए कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना है। मौके पर सहायक निदेशक प्रक्षेत्र- राम लखन ठाकुर, सहायक निदेशक, रसायन-श्वेता प्रिया, सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण- जावेद आलम, सहायक निदेशक बीज उत्पादन-वर्षा, सहायक निदेशक, बीज विश्लेषण- सत्यजीत कुमार, उप परियोजना निदेशक आत्मा- राकेश कुमार, जिला मत्स्य पदाधिकारी, भ्रमणशील पशु चिकित्सक एवं लघु सिंचाई प्रमंडल के अभियंता आदि उपस्थित थे। उक्त सभी के द्वारा किसानों को कम लागत एवं कम संसाधन में अधिक उपज प्राप्त कर लाभप्रद कृषि अपनाने पर जोर दिया गया।

राजगीर के लिए रवाना हुई एसएस कॉलेज की छात्र- छात्राएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। स्वामी सहजानंद सरस्वती कॉलेज, जहानाबाद के स्नातकोत्तर भूगोल विभाग के तत्वावधान में विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय शैक्षणिक परिभ्रमण का सफल आयोजन किया गया।

इस अवसर पर छात्र -छात्राओं के दल को, ऐतिहासिक, पौराणिक, पर्यावरणीय एवं सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध स्थल राजगीर का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। परिभ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने राजगीर स्थित जू सफ़ारी सहित क्षेत्र के प्रमुख ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं दर्शनीय स्थलों का गहन अवलोकन किया। इस शैक्षणिक यात्रा का मुख्य उद्देश्य कक्षा-कक्ष में अर्जित सैद्धांतिक ज्ञान को स्थल-आधारित अध्ययन के माध्यम से व्यवहारिक रूप प्रदान करना था, जिससे विद्यार्थियों में भौगोलिक दृष्टिकोण का विकास हो तथा पर्यावरणीय चेतना एवं सांस्कृतिक समझ को सुदृढ़ किया जा सके। इस शैक्षणिक परिभ्रमण का कुशल, अनुशासित एवं मार्गदर्शक नेतृत्व भूगोल विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. स्नेहा स्वरूप द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शैक्षणिक परिभ्रमण विद्यार्थियों के लिए जीवंत प्रयोगशाला के समान होता है। इसके माध्यम से भौगोलिक अवधारणाएँ अधिक स्पष्ट होती हैं तथा पर्यावरण, पर्यटन, ऐतिहासिक विरासत एवं मानव–प्रकृति संबंधों को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर प्राप्त होता है।उन्होंने आगे कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, तथा उनमें अध्ययन के प्रति जिज्ञासा, रुचि और विश्लेषणात्मक क्षमता को बढ़ावा देती हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. दीपक कुमार ने अपने संदेश में भूगोल विभाग की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि शैक्षणिक परिभ्रमण आधुनिक शिक्षा प्रणाली का एक अभिन्न अंग है। इससे विद्यार्थी पुस्तकीय ज्ञान की सीमाओं से बाहर निकलकर वास्तविक परिस्थितियों एवं भौगोलिक यथार्थ को समझते हैं। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के बौद्धिक, सामाजिक एवं व्यावहारिक विकास में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं।उन्होंने भविष्य में भी इस प्रकार के शैक्षणिक एवं नवाचारी कार्यक्रमों के आयोजन हेतु विभाग को शुभकामनाएं प्रेषित कीं।इस शैक्षणिक परिभ्रमण में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए। इस अवसर पर परिभ्रमण पर गए छात्रों ने इस शैक्षणिक परिभ्रमण यात्रा को विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक, अनुभवात्मक एवं स्मरणीय बताया।

सार्वजनिक सड़क पर अतिक्रमण से आवागमन हो रहा प्रभावित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। जिले के नवीनगर-बारूण रोड से कोयल नहर तक जाने वाली प्रमुख सार्वजनिक सड़क पर अवैध अतिक्रमण का मामला सामने आया है। ओबीपुर निवासी धीरेंद्र कुमार पांडेय ने इस संबंध में डीएम को लिखित शिकायत देकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता के अनुसार ओबीपुर से गुजरने वाली यह सड़क क्षेत्र के लोगों के लिए एकमात्र प्रमुख आवागमन मार्ग है, जिससे ग्रामीणों का नबीनगर, बारूण और आसपास के क्षेत्रों से सीधा संपर्क होता है। आरोप है कि ओबीपुर गांव के ही निवासी रमेश पांडेय द्वारा उक्त सार्वजनिक सड़क पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर लिया गया है। अतिक्रमण के कारण सड़क की चौड़ाई काफी कम हो गई है, जिससे आम लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अतिक्रमण से सड़क संकरी हो जाने के कारण आए दिन राहगीरों, वाहन चालकों और स्थानीय लोगों के बीच विवाद की स्थिति उत्पन्न हो रही है। यदि समय रहते प्रशासनिक कार्रवाई नहीं की गई तो भविष्य में यह मामला कानून-व्यवस्था की गंभीर समस्या का रूप ले सकता है। शिकायत में भूमि का पूरा विवरण भी दिया गया है। संबंधित भूमि खाता संख्या 161, प्लॉट सं- 2846, मौजा कंकेर, थाना सं- 28 में स्थित है। इसकी चौहदी उत्तर में आम रास्ता, दक्षिण में रामाधार पांडेय, पूरब में मिथिलेश पांडेय, पश्चिम में सकल प्रजापति व नवीनगर-बारुण पथ बताई गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यह स्पष्ट रूप से सार्वजनिक रास्ता है जिस पर किसी भी प्रकार का निजी अतिक्रमण गैरकानूनी है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले की शीघ्र स्थलीय जांच कराई जाए और रमेश पांडेय के घर के पास से होकर गुजरने वाली नवीनगर-बारुण रोड से उत्तर कोयल नहर तक की सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए ताकि आम जनता को निर्बाध आवागमन की सुविधा मिल सके और संभावित विवादों से बचाव हो सके। वहीं इस मामले की प्रतिलिपि बिहार सरकार के उप मुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय सिन्हा व उप मुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी को भी भेजी गई है। अब देखना यह है कि जिला प्रशासन इस शिकायत पर कब और क्या कार्रवाई करता है, जिससे ओबीपुर और आसपास के लोगों को राहत मिल सके।

सद्भावना क्रिकेट टूर्नामेंट कप का लोकार्पण

हसपुरा (औरंगाबाद)। प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में हसपुरा बाजार के छोटी खेल मैदान में होने वाली सद्भावना क्रिकेट टूर्नामेंट कप का लोकार्पण शनिवार को बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी, सीओ कौशल्या कुमारी, एनएसएसटी नीजी शिक्षण संस्थान के राजू कुमार नै संयुक्त रूप से विजैता व उप विजैता कप का लोकार्पण किया। बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी ने कहा हसपुरा जैसे सुदूर इलाके में क्रिकेट मैच का आयोजन किया जाना शहर से कम नहीं है।

क्रिकेट का खेल पहले शहरों में देखने को मिलता था। अब गांव में भी देखने को मिल रहा है। इस तरह के आयोजन से गांव में खिलाड़ियों कै बीच छुपी प्रतिभा देखने को मिलेगा। क्रिकेट टूर्नामेंट मैच 26 दिसंबर से प्रारंभ होगा और 5 जनवरी को फाइनल संपन्न होगा। मौके पर उपस्थित सद्भावना क्रिकेट टूर्नामेंट मैच आयोजन समिति के संयोजक धर्मेंद्र कुमार लाला सहित दाउदनगर जदयू सह 20 सूत्री अध्यक्ष दीपक पटेल गुंजन, हसपुरा 20 सूत्री अध्यक्ष चन्द्रकांत मुन्ना, संगीत शिक्षक अरविंद कुमार वर्मा, राजद नेता निशांत कुमार, जदयू नेता गुड्डु पासवान, शाहबाज मिन्हाज, विपिन पटेल, राजकुमार नै लोकार्पण में सहयोग करने वाले आगुंतकों कै प्रति आभार जताते हुए कहा कि सद्भावना क्रिकेट टूर्नामेंट मैच में स्थानीय प्रतिनिधियों सहित पुलिस - प्रशासन का सहयोग भरपूर मिलता है।

गोह में प्रखंड स्तरीय विज्ञान व क्विज प्रतियोगिता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गोह। गोह प्रखंड मुख्यालय के विज्ञान प्रदर्शनी सह क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राजकीय मिडिल स्कूल प्रखंड कॉलोनी गोह में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता का उद्घटान बीइओ अशोक कुमार, सामुदायिक प्रशिक्षक अनिरुद्ध विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्र में छिपी हुई प्रतिभा को निखारने का काम कर रही है। गरीबी एवं अभाव में शिक्षण प्राप्त करने वाले बच्चो को सरकार प्रोत्साहित कर रही है। विज्ञान प्रदर्शनी में कन्या मध्य विद्यालय स्कूल गोह के छात्र आयुष कुमार को प्रथम स्थान दिया गया। द्वितीय राजकीय मध्य विद्यालय रुकुंदी के सूरज कुमार एवं तृतीय स्थान राजकीय मध्य विद्यालय रामपुर के छात्र प्रिंस कुमार प्राप्त किया। क्विज प्रतियोगिता दो संवर्ग में आयोजित किया गया। जिसमें नौंवी से दसवीं वर्ग में प्रथम उच्च विद्यालय महद्दीपुर के छात्र मनी प्रकाश, दूसरा स्थान गांधी स्मारक उच्च विद्यालय गोह के छात्र अमित कुमार एवं छठी से आठवीं वर्ग में प्रथम स्थान मिडिल स्कूल रामपुर-2 के ऋतु कुमारी, द्वितीय स्थान मिडिल स्कूल झिकटिया के छात्रा मुस्कान कुमारी एवं तृतीय स्थान मिडिल स्कूल रुकुंदी के खुशी कुमारी ने प्राप्त किया। सभी विजेता छात्र-छात्राओं को बीइओ ने पुरस्कृत किया। साथ ही अन्य बच्चो को भी प्रोत्साहित किया। पदाधिकारी ने बताया कि प्रखंड स्तर पर चयनित बच्चे जिला स्तर के आयोजित प्रतियोगिता के शामिल होंगे। इस मौके पर मास्टर ट्रेनर रंजीत कुमार सिह, प्रधानाध्यापक रवींद्रनाथ किशोर, मेनका कुमारी, उमेश प्रजापति, वरुण कुमार, अनिल कुमार, अंकित कुमार शर्मा, बीआरसी के लेखापाल अमरेंद्र कुमार समेत कई अन्य विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे। कड़ाके की ठंड के बीच भी बच्चो की उत्साहपूर्वक प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता में शामिल हुए। पहले यह प्रतियोगिता संकुल स्तर पर आयोजित की गई थी। जिसमें चयनित बच्चे प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में शिरकत किया।

जहानाबाद सदर अस्पताल में घायल अवस्था में युवक को कराया गया भर्ती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। स्थानीय सदर अस्पताल में शुक्रवार की देर रात पुलिस एक घायल युवक को लेकर पहुंची। युवक के चेहरे पर जख्म के निशान थे और खून बह रहा था। पुलिस के अनुसार पटना मुख्यालय से 112 नंबर पर सूचना मिली थी कि टेहटा थाना क्षेत्र के हबलीपुर गांव के पास किसी घटना में एक युवक घायल हो गया है। सूचना मिलते ही 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां ग्रामीणों द्वारा एक युवक को पकड़े हुए देखा गया। घायल अवस्था में युवक को तत्काल पुलिस टीम द्वारा इलाज के लिए जहानाबाद सदर अस्पताल पहुंचाया गया। घायल युवक की पहचान मणि कुमार के रूप में की गई है। अस्पताल पहुंचे परिजनों ने आरोप लगाया कि पुरानी रंजिश के कारण फायरिंग की गई है, जिसमें छर्रे युवक के चेहरे पर लगे हैं। हालांकि गोली लगने की पुष्टि न तो पुलिस और न ही अस्पताल प्रशासन की ओर से की गई है। इस संबंध में सदर अस्पताल के डॉक्टर अरविंद कुमार नंदा ने बताया कि युवक को गोली नहीं लगी है। यदि फायरिंग हुई भी है तो बारूद के छींटों से चेहरे पर हल्की चोटें आई हैं। उन्होंने बताया कि मरीज पूरी तरह खतरे से बाहर है, उसकी ड्रेसिंग कर दी गई है और हालत सामान्य है। युवक को कोई गंभीर चोट नहीं आई है और वह घर जाने की स्थिति में है।

मानस विद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने प्रदर्शित किया कौशल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। मानस विद्यालय, बभना, जहानाबाद में शनिवार को तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अरवल विधायक मनोज शर्मा, घोषी विधायक रितुराज कुमार, प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ गिरिजेश कुमार, डॉ0 अमरजीत कुमार, बैंक ऑफ इंडिया के मैनेजर रोहित कुमार, विद्यालय के चेयरमैन डॉ नवल किशोर एवं निदेशक अभिषेक आनन्द ने गुब्बारा उड़ा कर किया। इस दौरान चार हाउस में बंटे छात्रों ने बढ चढकर विभिन्न खेलों में हिस्सा लिया। सभी सदनों के बच्चों ने अपने-अपने दल के साथ मार्चपास्ट किया और अतिथियों ने शांति का प्रतीक खेल मशाल प्रज्वलित कर

सभी को खेल भावना की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि मनोज शर्मा ने छात्रों के समग्र विकास पर जोर दिया एवं विद्यालय प्रबंधन के व्यवस्था को साधूवाद दिया। घोसी विधायक रितुराज कुमार ने छात्रों को हौसला अफजाई करते हुए खेल के महत्ता पर खिलाड़ियों को विस्तार से जानकारी दी एवं अपने अनभवों को साझा किया। इस दौरान शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ गिरिजेश कुमार ने कहा कि खेल के बिना जीवन की अहमियत नहीं इसलिए खेल को अपने जीवन में अंगीकार करें।

आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए मानस विद्यालय के चेयरमैन डॉ नवल किशोर ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन को संवारने में खेल की भूमिका अनिवार्य है। खेल के मैदान से अनुशासन एवं एकता की भावना का मूलमंत्र मिलता है। वहीं निदेशक अभिषेक आनन्द ने कहा कि मानव जीवन में चुस्ती, फुर्ती, सजगता और आत्म अनुशासन के लिए खेल एक मनोवैज्ञानिक रुप से भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि यह मस्तिष्क की खुराक है तथा तन की स्फूर्ति और मस्तिष्क की उर्वरता खेल पर ही निर्भर करती है। उन्होंने माना कि छात्र जीवन में खेल और खेल भावना का महत्व सर्वाधिक है। कार्यक्रम में शिरकत करने वाले पतंजली के संचालक चंदन कुमार, समाजसेवी कृष्ण मुरारी शर्मा एवं उपस्थित अतिथिगण, अभिभावकों ने शानदार कार्यक्रम की भूरी-भूरी प्रशंसा की। प्राचार्य नीरज कुमार, शिक्षक दीपक कुमार, शशांक रंजन, मनीष कुमार चंदन वेदुआ, सुषमा कुमारी एवं मनीषा कुमारी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महती भूमिका निभाया।

चोरों ने शटर तोड़कर हजारों की नकदी उड़ाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हसपुरा (औरंगाबाद)। हसपुरा प्रखंड के पचरुखिया मोड़ पर बीती रात शातिर चोरों ने बेखौफ अंदाज़ में चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम देकर स्थानीय पुलिस व्यवस्था को खुली चुनौती दे दी। चोरों ने पंजाब नेशनल बैंक, पचरुखिया मोड़ के नीचे स्थित जय इंटरनेट वर्ल्ड ऑनलाइन तथा जय हार्डवेयर दुकान के शटर का ताला तोड़कर हजारों रुपये नकद और कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। हैरत की बात यह रही कि जिस समय चोरी की यह घटना हुई, उसी दौरान पचरुखिया मोड़ पर 112 नंबर पुलिस वाहन खड़ा था, इसके बावजूद चोर वारदात को अंजाम देकर आराम से फरार हो गए। घटना देर रात करीब 1:30 बजे की बताई जा रही है। इसी दौरान वाराणसी से प्रतियोगी परीक्षा देकर लौट रहे दो युवक पचरुखिया मोड़ पर उतरे और पैदल आगे बढ़ रहे थे। उनके पदचाप सुनते ही चोर चोरी किए गए सामान के साथ मौके से तेजी से भाग निकले। युवकों को शुरुआत में यह समझ नहीं आया कि भागने वाले लोग कौन हैं। कुछ ही देर बाद नेपाली मूल का एक पहरेदार वहां पहुंचा। युवकों ने उससे ठंड से बचने के लिए आग जलाने हेतु माचिस मांगी और भागते हुए दो संदिग्ध व्यक्तियों की जानकारी दी। संदेह होने पर पहरेदार ने टॉर्च की रोशनी दुकान की ओर डाली, जहां शटर आधा उठा हुआ दिखाई दिया। तत्काल उसने मकान मालिक जयराज को सूचना दी। मौके पर पहुंचकर जांच करने पर पाया गया कि काउंटर का ताला टूटा हुआ है तथा लगभग 10 से 12 हजार रुपये नकद और सीसीटीवी का हार्ड डिस्क गायब है। बताया गया कि चोर लैपटॉप और अन्य मशीनें भी ले जाने की फिराक में थे, लेकिन युवकों के पहुंच जाने से वे बड़ी चोरी करने में सफल नहीं हो सके। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक चोर फरार हो चुके थे।

गूंजा स्वदेशी का संकल्प, युवाओं ने भरी हुंकार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। शहर के डाक बंगला स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में शनिवार को दोपहर आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत हर घर स्वदेशी–घर घर स्वदेशी संकल्प यात्रा के तहत एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला मंत्री सुबोध कुमार सिंह एवं संचालन प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दीनानाथ विश्वकर्मा और मुखिया संजय कुमार ने किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को स्वदेशी अपनाने हेतु संकल्प पत्र भरवाया गया तथा दैनिक जीवन में स्वदेशी उत्पादों के उपयोग की शपथ दिलाई गई। भाजपा जिला मंत्री सुबोध कुमार सिंह ने युवाओं को संबोधित करते हुए स्वदेशी उत्पादों को अपनाने, पर्यावरण संरक्षण, स्थानीय भाषाओं के सम्मान, स्थानीय कारीगरों और किसानों को प्रोत्साहन देने का संकल्प दिलाया। वक्ताओं ने कहा कि स्वदेशी केवल एक विचार नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव है, जिसमें युवाओं की भूमिका सबसे अहम है। कार्यक्रम के अं

आपदा से निबटने के लिए एनटीपीसी ने किया अभ्यास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बेगूसराय। एनटीपीसी बरौनी में शनिवार को औद्योगिक सुरक्षा सह आपदा से निबटने का कर्मियों ने रिहल्सल किया। परियोजना प्रमुख जयदीप घोष के नेतृत्व में व्यापक अन-साइट फायर मक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान सीआईएसएफ फायर विंग के प्रशिक्षित कर्मियों ने आग लगने की आपातकालीन स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया, प्रभावी अग्निशमन तथा रेस्क्यू अपरेशन का उत्ष्ट प्रदर्शन किया। इस अभ्यास में परस्परिक सहयोग व्यवस्था के अंतर्गत आईओसीएल, एचयूआरएल तथा राज्य अग्निशमन सेवा का भी सहयोग प्राप्त हुआ, जिससे विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय

का प्रभावी प्रदर्शन देखने को मिला। कार्यक्रम में कारखाना निरीक्षक (बेगूसराय अंचल) प्रवीण कुमार प्रभात, एनटीपीसी बरौनी के परियोजना प्रमुख जयदीप घोष, जीएम (ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस) ए के त्रिपाठी, जीएम (मेंटेनेंस एंड एडीएम) देवकांत सरस्वत, एजीएम (सुरक्षा) बी एन गुप्ता, फ्यूल मैनेजमेंट विभागाध्यक्ष राकेश कुमार दुबे, एचओडी (मानव संसाधन) डी श्रीनिवास कुमार सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडेंट आकाश सक्सेना की उपस्थिति ने सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया। मक ड्रिल के दौरान आग लगने की एक यथार्थपरक आपातकालीन स्थिति का सृजन कर त्वरित प्रतिक्रिया, एजेंसियों के बीच समन्वय, आधुनिक अग्निशमन तकनीकों तथा बचाव एवं राहत कार्यों का व्यावहारिक अभ्यास किया गया। कड़ाके की ठंड और प्रतिकूल मौसम के बावजूद अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सहयोगी एजेंसियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।जो औद्योगिक सुरक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कार्यक्रम का समापन सभी सहभागी संस्थाओं, अग्निशमन दलों एवं सुरक्षा बलों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

महिलाओं की सुरक्षा है पुलिस की प्राथमिकता

पुलिस पब्लिक मीटिंग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नावकोठी। प्रखंड क्षेत्र में पुलिस-पब्लिक के बीच आपसी समन्वय मजबूत करने के उद्देश्य से एक पुलिस-पब्लिक मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक में समाज से जुड़े कई ज्वलंत मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिसमें महिला उत्पीड़न, युवाओं में बढ़ते नशे का प्रचलन, अपराध की बढ़ती घटनाएं तथा मोबाइल के दुरूपयोग से उत्पन्न अपराध प्रमुख रूप से शामिल रहे। मीटिंग में महिला उत्पीड़न के मामलों पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। पुलिस पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि महिलाओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ या हिंसा की घटना को गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने महिलाओं से निर्भीक होकर शिकायत दर्ज कराने की अपील की तथा त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिया। समाज में युवाओं के बीच बढ़ते नशे के चलन को गंभीर सामाजिक संकट बताते हुए वक्ताओं ने कहा कि यह न केवल युवाओं के भविष्य को बर्बाद कर रहा है, बल्कि अपराध को भी बढ़ावा दे रहा है। अभिभावकों, शिक्षकों और समाज के प्रबुद्ध लोगों से युवाओं पर विशेष निगरानी रखने और उन्हें सही दिशा देने का आग्रह किया गया। बैठक में मोबाइल फोन के बढ़ते उपयोग और इसके दुरूपयोग से होने वाले साइबर अपराध, ठगी और आपराधिक गतिविधियों पर भी चर्चा हुई। पुलिस ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि अनजान कॉल, लिंक और सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले अपराधों से सतर्क रहना आवश्यक है। ऐसे मामलों में तुरंत पुलिस को सूचना देने की सलाह दी गई।अंत में समाज में बिगड़ते सामाजिक सौहार्द पर चिंता व्यक्त की गई। पुलिस और पब्लिक ने एकजुट होकर भाईचारा, शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने का संकल्प लिया। पुलिस पदाधिकारियों ने कहा कि पुलिस और आम जनता की साझेदारी से ही सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण समाज का निर्माण संभव है।

विवेक बने निमचंद्रपुरा के थानाध्यक्ष

बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। डंडारी थाने के निवर्तमान थानाध्यक्ष विवेक कुमार का तबादला नीमा चांदपुरा में हो गया। जिसके बाद नीरज कुमार डंडारी के नए थानाध्यक्ष बनाए गए हैं। इसको लेकर थाना परिसर डंडारी में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान जहां निवर्तमान थानाध्यक्ष विवेक कुमार को थाना परिवार एवं क्षेत्र के लोगों ने अंग वस्त्र भेंटकर भावभीनी विदाई दी वहीं दूसरी ओर नव पदस्थापित थानाध्यक्ष नीरज कुमार को सम्मान लोगों ने किया। इस अवसर पर मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष मो. अहसन, प्रखंड प्रमुख तनवीर अहमद, पूर्व सरपंच राजाराम यादव, मुखिया अमरजीत सहनी, पूर्व मुखिया अशोक कुमार सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता बासुकीनाथ शर्मा, पंसस शनिचर रजक, रौशन झा, कन्हैया कुमार, ष्णमोहन सिंह आदि ने दोनों अधिकारियों को चादर, बुके भेंटकर एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान लोगों ने कहा कि निवर्तमान थानाध्यक्ष विवेक कुमार का कार्यकाल काफी अच्छा रहा है। क्योंकि वे अपराध से ताल्लुक रखने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई लगातार करते रहे। वहीं नव पदस्थापित थानाध्यक्ष नीरज कुमार से भी बेहतर पुलिसिंग की अपेक्षा की गई है। निवर्तमान थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने भावुक अंदाज में कहा कि मैने जो भी थाना क्षेत्र के नागरिकों के लिए किया है, वह सब आप सभी के सहयोग से ही संभव हो पाया है। वहीं नव पदस्थापित थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने लोगों को आश्वस्त किया कि वे हर हाल में क्षेत्र वासियों के भरोसे पर खड़ा उतड़ने का प्रयास करेंगे। इस दौरान कार्यक्रम का संचालन परमामांद कुमार ने की। मौके पर एसआई शंकर कुमार सिंह, फिरोज खान, जगमोहन राम, मुन्ना कुमार सिंह, अभयानंद सिंह, मुनीव भगत, उमेश मोंगिया, शुभम कुमार आदि मौजूद रहे।

रोसड़ा की टीम ने दरभंगा को 66 रनों से किया पराजित

अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बरौनी। एपीएसएम कॉलेज बरौनी के प्रांगण में मिथिला विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता पुरूष का शुभारंभ किया गया जिसके मुख्य अतिथि प्रो चंद्रभानु प्रसाद सिंह, पूर्व संकायाध्यक्ष मानवीकी, मिथिला विश्वविद्यालय थे। उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. चंद्रभानु प्रसाद ने खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को अध्ययन अध्यापन का तीसरा आयाम बताया। छात्रों के पूर्ण विकास में खेल की अग्रणी एवं महत्वपूर्ण भूमिका होती है। खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देने के लिए उन्होंने प्रधानाचार्य डा. मुकेश कुमार को बधाई दी। उन्होंने खेल में उत्ष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने और उन्हें उचित अवसर उपलब्ध कराने के लिए महाविद्यालय प्रशासन को बधाई दी। अपने अध्यक्षीय भाषण में महाविद्यालय प्रधानाचार्य ने जीवन में खेल के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने खेल के क्षेत्र में बढ़ती हुई उपलब्धियों पर प्रकाश डालने के साथ-साथ जीवन में खेल के महत्व को रेखांकित किया। इससे पहले अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ प्रतियोगिता की औपचारिक शुरूआत हुई। ज्ञात हो कि उक्त प्रतियोगिता में कुल दस महाविद्यालयों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का पहला मैच में यू आर कॉलेज रोसड़ा एवं के एस कॉलेज लहेरियासराय, दरभंगा के बीच खेला गया। के एस कॉलेज की टीम ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए यू. आर रोसड़ा की टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में चार विकेट के नुकसान पर 142 रन बनाये। यू आर रोसड़ा की ओर से रामनाथ ने सर्वाधिक 54 रन बनाये। के एस कॉलेज की ओर से सरफराज ने सर्वाधिक 2 विकेट लिए। निर्धारित लक्ष्य का पीछा करते हुए के. एस. कॉलेज की टीम निर्धारित 10 ओवरों में 78 रन ही बना सकी। इस प्रकार रोसड़ा की टीम 66 रनों से विजयी रही। रोसरा की ओर से सुमित ने 2 विकेट लिए व सरफराज ने 18 रन बनाये। उक्त प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय की ओर से मनीष राज तकनीकी पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे। चयन समिति के सदस्यों में अजित कुमार, सुजीत ठाकुर, आर अंकुर, व सुशील यादव की अहम भूमिका रही। महाविद्यालय आयोजन समिति में डा. नंन्दकिशोर पंडित, व डा. श्रवण कुमार की अहम एवं उल्लेखनीय भूमिका रही। इस अवसर पर महाविद्यालय की ओर से डा. सुशील कुमार, डा. विकास कुमार सोनू, डा. मोहन कुमार, चंदन कुमार आदि उपस्थित रहे।

लंबित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में करें पूर्ण : डीएम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

डीएम ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण

तेघड़ा। प्रखंड सह अंचल कार्यालय का शनिवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने निरीक्षण किया। निरीक्षण से पूर्व जिला पदाधिकारी ने सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों को अपने-अपने विभागों एवं योजनाओं की अद्यतन समीक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के उपरांत जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में सभी संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें निरीक्षण के दौरान पाई गई स्थिति एवं विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी ने सभी लंबित एवं प्रगतिरत कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने का स्पष्ट निर्देश दिया तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर बल दिया। इस संबंध में सभी पदाधिकारियो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिला पदाधिकारी ने बाल विकास परियोजना की समीक्षा करते हुए सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था करने का निर्देश कार्यपालक अभियंता विद्युत विभाग को दिया। साथ ही पीएचईडी विभाग को पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। राजस्व की समीक्षा करते हुए जिला पदाधिकारी ने रेन बसेरा फेज 2 के तहत भूमिहीनों के साथ लिए जमीन चिन्हित करने का निर्देश अंचलाधिकारी को दिया। इसके पश्चात प्रखंड के सभी जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न स्थानीय समस्याओं से जिला पदाधिकारी को अवगत कराया गया। दियारा क्षेत्र में व्याप्त विद्युत आपूर्ति की समस्या को गंभीरता से लेते हुए जिला पदाधिकारी ने विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रखण्ड अंतर्गत अयोध्या घाट तक पहुंचने वाली मुख्य सड़क के निर्माण का विषय भी बैठक में उठाया गया जिस पर जिला पदाधिकारी ने संबंधित विभाग के कनीय अभियंता को स्थल जांच कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इस अवसर पर विधायक रजनीश कुमार ने कहा कि तेघड़ा क्षेत्र में बहुत सारे नल-जल योजनाएं बंद पड़ी हैं। उन्होंने बताया कि योजनाओं के बंद रहने का मुख्य कारण विद्युत बिल का भुगतान लंबित रहना एवं ऑपरेटरों का मानदेय भुगतान न होना है। इस पर जिला पदाधिकारी ने जिला पंचायत राज पदाधिकारी एवं पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता को संयुक्त रूप से जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने तथा नल-जल योजनाओं की समुचित समीक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके उपरांत जिला पदाधिकारी ने आम नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। इस दौरान आम लोगों द्वारा अपनी-अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जिला पदाधिकारी को सौंपे गए। जिनके त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। जनसंवाद के दौरान जिला पदाधिकारी ने कहा कि जिला में वर्तमान में कई उद्योग एवं कारखाने स्थापित हैं तथा भविष्य में और भी उद्योगों की स्थापना की योजना है। इसके लिए जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ आम नागरिकों के सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना एवं उनकी आय में वृद्धि करना है। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर ही नागरिकों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। पंचायत सरकार भवन, स्वास्थ्य सुविधाएं, खेल मैदान एवं विवाह मंडप जैसे आधारभूत संरचनाओं का निर्माण पंचायतों में ही किया जा रहा है ताकि ग्रामीणों को सुविधाओं के लिए बाहर न जाना पड़े। साथ ही उन्होंने उपस्थित लोगों को सरकार द्वारा संचालित सात निश्चय पार्ट-3 की योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर विधायक तेघरा रजनीश कुमार, उप विकास आयुक्त आकाश चौधरी, अपर समाहर्ता बेगूसराय, अनुमंडल पदाधिकारी तेघड़ा, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखण्ड प्रमुख, प्रखंड विकास पदाधिकारी तेघड़ा, अंचल अधिकारी तेघड़ा सहित अन्य जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

डूबने से युवक की मौत

बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। मटिहानी थाना क्षेत्र के नायगांव गंगा घाट पर शनिवार को स्नान के क्रम में एक युवक की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के मनिअप्पा निवासी रजक टोला निवासी दिनेश रजक के रूप में हुई है। लोगो ने बताया कि मृतक अपने ग्रामीण रामस्वरूप रजक के अंतिम संस्कार में शामिल होकर गंगा घाट पहुचा था। अंतिम संस्कार के लिए जगह शुद्धि के लिए गंगा स्नान करने के लिए नदी में प्रवेश किया। गंगा की तेज धार उसे अपने साथ बहा ले गई। घटना से स्थल पर हाहाकार मच गया। शव की खोजबीन समाचार प्रेषण तक जारी था।

पशु स्वास्थ्य जागरुकता शिविर में 48 की जांच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

आरा। एक दिवसीय पशु स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन बड़हरा प्रखंड के बड़हरा गांव में जीविका परियोजना के द्वारा शनिवार को किया गया। आयोजन प्रखंड परियोजना प्रबंधक श्याम कुमार सिंह की अध्यक्षता में की गई। शिविर में लगभग 200 पशुपालकों का रजिस्ट्रेशन हुआ। मौके पर 48 पशुओं की जांच की गई। शिविर में पशुपालकों को सलाह और मुफ्त में दवा वितरण की गई। डॉ विनय कुमार व डॉ अमित कुमार के द्वारा बताया गया कि पशु का ध्यान कैसे रखे ताकि

पशुओं में होने वाले विभिन्न प्रकार के बीमारियों व ठंड से बचाया जा सके। साथ ही बकरी पालक को बताया गया कि जीविका में बकरियों के इलाज के लिए सभी पंचायत में पशु सखी कार्य करती है। उनसे संपर्क करके बकरियों का इलाज करवा सकते है। मौके पर प्रबंधक पशुधन गुंजन कुमार, प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विनय कुमार, पशु चिकित्सक डॉ अमित कुमार, प्रिंस कुमार, क्षेत्रीय समन्वयक नरेन्द्र कुमार सिंह, अशोक कुमार, अजय कुमार, जय प्रकाश, संदीप कुमार, विजय कुमार, संध्या कुमारी, अजित कुमार, रोहित कुमार, मौसम कुमार, जीविका कैडर, जीविका दीदी व ग्रामीण पशुपालक मौजूद थे।

सीएचसी में जन्मोत्सव सह कन्या रत्न सम्मान समारोह आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

आरा। सीएचसी बड़हरा में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के अंतर्गत बेटी जन्मोत्सव सह कन्या रत्न सम्मान समारोह का आयोजन शनिवार को हुआ। उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी बड़हरा डा अरविंद कुमार व सीडीपीओ बड़हरा के द्वारा फीता काटकर किया गया। समारोह में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में अहम भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान 30 बच्चियों व धातृ माताओं को

शुभकामना संदेश प्रमाण पत्र, माता के लिए फल एवं शिशु किट वितरण किया गया। किट मिलते ही माताओ के चेहरे पर खुशी झलक रही थी। इस पहल से अभिभावकों में बेटियों के प्रति गर्व और उत्साह का भाव देखने को मिला। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना है। उद्घाटन के बाद अतिथियों ने बेटियों के महत्व, उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और सशक्तिकरण पर अपना विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि बेटियां किसी भी मायने में बेटों से कम नहीं हैं, बल्कि आज के समय में वे हर क्षेत्र में सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। सम्मान समारोह में चिकित्सा पदाधिकारी जिया उल हक, एएनएम पिंकी कुमारी, मंजू कुमारी, कुसुम कुमारी, बीएचएम, बीसीएम सहित स्वास्थ्य विभाग कर्मी मौजूद थे वहीं आईसीडीएस की ओर से महिला पर्यवेक्षिकाओं की सक्रिय उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी सशक्त बनाया।

शंकरपुर पुल निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से एवं समय-सीमा में करें पूरा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

शिवाजीनगर। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत शंकरपुर पुल के निर्माण कार्य का चुनाव प्रभारी अशोक पटेल एवं सांसद प्रतिनिधि अशोक कुमार सिंह जी ने कार्यकर्ताओं के साथ संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों नेताओं ने निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता एवं तकनीकी मानकों का बारीकी से जायजा लिया। इस अवसर पर चुनाव प्रभारी ने कहा कि शंकरपुर पुल का निर्माण क्षेत्र के लोगों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। पुल के बन जाने से आवागमन सुगम होगा और आसपास के दर्जनों गांवों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कार्यदायी एजेंसी को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा किया जाए वहीं सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि जनहित से जुड़ी योजनाओं में पारदर्शिता और गुणवत्ता सर्वोपरि है। उन्होंने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता, पुल की मजबूती एवं सुरक्षा मानकों पर विशेष ध्यान देने की बात कही। साथ ही स्थानीय लोगों से संवाद कर उनकी समस्याओं को भी सुना और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय ग्रामीणों ने भी अपनी बात रखी और पुल निर्माण को लेकर खुशी जाहिर की। नेताओं ने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र के विकास कार्यों की लगातार निगरानी की जाएगी। ताकौके पर कई कार्यकर्ता स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

बढ़ती शीतलहर में बंद रहेगा विद्यालय : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बेगूसराय। जिले में बढ़ती शीतलहर को देखते हुए शनिवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने शैक्षणिक संस्थानों को आदेशित किया है। सुबह एवं शाम के समय तापमान में हो रहे अत्यधिक गिरावट को ध्यान में बच्चों के स्वास्थ्य एवं जीवन की सुरक्षा के दृष्टिगत महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। इस संबंध में जिला दंडाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा-163 के अंतर्गत जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में प्री-स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र सहित कक्षा 8वीं तक की सभी शैक्षणिक गतिविधियां सोमवार से 24 दिसंबर तक पूर्णतः प्रतिबंधित रखने का निर्देश दिया है। वहीं कक्षा 8वीं से ऊपर की कक्षाओं का संचालन शीतलहर को ध्यान में रखते हुए विशेष सावधानी के साथ पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 4:30 बजे तक करने का निर्देश दिया है। सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन मध्याह्न 12 बजे से अपराह्न 2 बजे के बीच केवल बच्चों को पका हुआ भोजन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी तथा जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आईसीडीएस), को उपरोक्त आदेश को सख्ती से पालन कराने का निर्देश दिया। मिशन दक्ष एवं प्री-बोर्ड तथा बोर्ड परीक्षाओं के लिए आयोजित की जाने वाली विशेष कक्षाएं एवं परीक्षाएं इस आदेश के प्रतिबंधों से मुक्त रहेंगी।

हजारों बच्चों को दी गई पोलियो की दवा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नावकोठी। प्रखंड क्षेत्र में पल्स पोलियो अभियान के पांचवे दिन कार्य समाप्त होने के बाद 17543 बच्चों को पोलियो की खुराक देकर प्रतिरक्षित किया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा राजीव रंजन चौधरी ने बताया कि 42 भ्रमणकारी दल ने 19871 घरों का भ्रमण कर यह लक्ष्य प्राप्त किया है। इस क्रम में 377 नवजात शिशुओं की खोज कर उन्हें दो बूंद दवा पिलाकर प्रतिरक्षित किया। इसके लिए 08 ट्रांजिट टीम, 01 मोबाइल टीम तथा 18 सुपरवाइजर की तैनाती की गई थी। दवा का निर्बाध तथा सतत आपूर्ति हेतु पहसारा, गम्हरिया, रजाकपुर, देवपुरा, समसा में सब डिपो तथा बेगमपुर में ड्रांपिंग प्वाइंट बनाया गया था। समस्त कार्यक्रम का अनुश्रवण मॉनीटर अमरेश कुमार, बीएमसी गोपाल शर्मा, बी सीएम उषा कुमारी तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा गठित टीम ने किया।

जनता दरबार में आए मामले

वीरपुर। अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांव से आए जमीनी विवाद को लेकर वीरपुर अंचल कार्यालय परिसर में शनिवार को पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम के तहत पदाधिकारी के निर्देशानुसार जनता दरबार का आयोजन किया गया। राजस्व कर्मचारी राजेश कुमार ने बताया कि पूर्व का एक और एक नए मामलों के साथ कुल दो मामलों की सुनवाई की गई। हालांकि कोई भी मामलों की समझौता नहीं हो सकी। मौके पर अंचल कर्मी व पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

विश्व शांति का संदेश लेकर युवा शांतिदूत वर्धा रवाना

पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। आज के वैश्विक अशांत वातावरण में जब पूरी दुनिया युद्ध, हथियारों की होड़ और हिंसा की आग में झुलस रही है, ऐसे समय में प्रेम यूथ फाउंडेशन द्वारा विश्व शांति, प्रेम, भाईचारा और गांधी दर्शन के संदेश को लेकर एक प्रेरणादायी पहल की गई। युवा आवास, पटना से बापू की कर्मभूमि–सेवाग्राम (वर्धा), महाराष्ट्र के लिए शांति-दूतों के जत्थे को एनजीओ हेल्पलाइन के निदेशक, समाजशास्त्री एवं सीए संजय कुमार झा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर संजय कुमार झा ने कहा शांति के बिना विकास की कल्पना असंभव है। आज पूरी दुनिया बारूद के ढेर पर बैठी है। हथियारों के जखीरे बढ़ाने की अंधी होड़ मची हुई है, लेकिन किसी भी युद्ध में सबसे अधिक प्रभावित महिलाएँ, बच्चे और वृद्ध ही होते हैं। यदि मानवता को बचाना है तो युद्ध नहीं, संवाद; हथियार नहीं, विचार; और घृणा नहीं, करुणा का रास्ता चुनना होगा।उन्होंने आगे कहा कि महात्मा गांधी का अहिंसा और सत्य का दर्शन आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना स्वतंत्रता आंदोलन के समय था। यहीं सेवाग्राम आश्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने 1936 से 1946 तक रहकर भारत की आज़ादी की लड़ाई को नैतिक, वैचारिक और आत्मिक दिशा दी।

मुंगेर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार के कार्यकाल के छह महीने पूरे होने पर सम्मान समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मुंगेर। शनिवार को अपराह्न में, मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर के रजिस्ट्रार डॉ. घनश्याम राय को उनके कार्यकाल के छह महीने पूरे होने पर सम्मानित करने के लिए विश्वनाथ सिंह लॉ इंस्टीट्यूट, मुंगेर के तत्वावधान में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह उल्लेखनीय है कि डॉ. राय ने 21 जून, 2025 को मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर में रजिस्ट्रार का पदभार संभाला था। प्रिंसिपल ने सबसे पहले रजिस्ट्रार को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर ख़ख़उ सत्र के पहले सेमेस्टर, 2025-2028 बैच के छात्र

उपस्थित थे। अपने अध्यक्षीय भाषण में, प्रिंसिपल डॉ. राजेश कुमार मिश्रा ने रजिस्ट्रार के छह महीने के कार्यकाल के दौरान की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि मुंगेर विश्वविद्यालय की स्थापना के बाद से लंबित अधिकांश मामलों को तेजी से सुलझा लिया गया है, और शेष मुद्दों को सुलझाने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने आगे कहा कि मुंगेर विश्वविद्यालय के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया अंतिम चरण में है। स्नातकोत्तर विभागों को मान्यता मिल गई है, और अन्य प्रक्रियाएं जारी हैं। अपने संबोधन में, रजिस्ट्रार डॉ. घनश्याम राय ने कहा कि यह तीसरा विश्वविद्यालय है जहाँ उन्होंने रजिस्ट्रार के रूप में कार्य किया है। उन्होंने कहा कि उन्हें पता ही नहीं चला कि छह महीने इतनी जल्दी कैसे बीत गए। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपनी जिम्मेदारियों को लगन से निभाया है, यही वजह है कि राज्यपाल सह कुलाधिपति महोदय ने उन्हें तीसरे विश्वविद्यालय के जिम्मेदारियों को संभालने की जिम्मेदारी सौंपी है। डॉ. राय ने अपने पिछले संस्थानों, नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी और पूर्णियाँ विश्वविद्यालय में किए गए अपने काम का भी उल्लेख किया।

अंडर 19 एशिया कप

भारत-पाकिस्तान में फाइनल मुकाबला आज

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय टीम अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में पहुंच गई है। टीम ने शुक्रवार को सेमीफाइनल में श्रीलंका को 8 विकेट से हराया। रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच फाइनल खेला जाएगा। सेमीफाइनल मुकाबला दुबई के ग्राउंड पर खेला गया। मैच बारिश के कारण समय पर शुरू नहीं हो सका। बाद में इसे 20-20 ओवर का कर दिया गया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका की टीम 8 विकेट पर 138 रन ही बना सकी। चमीका हीनतिगाला ने सबसे ज्यादा 42 रन बनाए। भारत की ओर से कनिष्क चौहान और हेनिल पटेल ने 2-2 विकेट झटके। भारत ने 18 ओवर में दो विकेट खोकर 139 रन बनाकर मैच जीत लिया। विहान मल्होत्रा ने 45 गेंदों पर 61 रन की पारी खेली। आरोन जॉर्ज ने 49 गेंदों पर 58 रन बनाए। श्रीलंका की ओर से दोनों विकेट रसिथ नीमसरा ने लिए।

इस साल 6 बार भारत ने पाकिस्तान को हराया

2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच कुल सात मुकाबले खेले गए। अंडर-19 एशिया कप (वनडे) के लीग मैच में भारत ने पाकिस्तान को 90 रन से हराया। इसके बाद मेंस चैंपियंस ट्रॉफी (वनडे) के लीग मुकाबले में भारत ने 6 विकेट से जीत दर्ज की। एशिया कप (टी20) में दोनों टीमें तीन बार आमने-सामने आईं, जहां ग्रुप स्टेज में भारत ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया, सुपर-4 में 6 विकेट से जीत हासिल की और फाइनल में 5 विकेट से मुकाबला अपने नाम कर ट्रॉफी जीती। विमेंस वर्ल्ड कप के लीग मैच में भी भारत का दबदबा देखने को मिला, जहां भारतीय महिला टीम ने पाकिस्तान को 6 विकेट से शिकस्त दी। हालांकि, एशिया कप राइजिंग स्टार्स (टी20) के ग्रुप स्टेज में पाकिस्तान ने भारत को 8 विकेट से हराकर एकमात्र जीत दर्ज की। कुल मिलाकर 2025 में भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ 7 में से 6 मुकाबले जीते।

तेजस्विन शंकर

क्रिकेट छोड़कर एथलेटिक्स में बनाया करियर, ऊंची कूद में बनाया नेशनल रिकॉर्ड

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत में क्रिकेट ऐसा खेल है जिसे सभी खेलना चाहते हैं। दूसरे खेलों को छोड़कर खिलाड़ी क्रिकेट का रुख करते हैं। इसकी वजह क्रिकेट की लोकप्रियता और आर्थिक संपन्नता है। तेजस्विन शंकर ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने क्रिकेट छोड़कर एथलेटिक्स को चुना और मौजूदा समय में देश में ऊंची कूद के क्षेत्र में तेजी से उभरता बड़ा नाम हैं। तेजस्विन शंकर का जन्म 21 दिसंबर

1998 को दिल्ली में एक तमिल परिवार में हुआ था। उनका निक नेम 'टीजे' है। तेजस्विन के पिता बीसीसीआई के वकील थे। इसलिए उनके बचपन का माहौल खेलकूद से परिपूर्ण था। तेजस्विन शंकर ने भी शुरुआत में क्रिकेट खेलना शुरू किया था। उनका कद लंबा है, इसलिए वे तेज गेंदबाजी करते थे। स्थानीय और स्कूली स्तर पर उनका प्रदर्शन अच्छा था, लेकिन अंडर-14 से अंडर-16 स्तर पर दिल्ली की टीम में उनका चयन नहीं हो सका। इससे उन्हें निराशा हुई और उनका ध्यान क्रिकेट से दूर जाने लगा। क्रिकेट में असफलता से निराश होकर तेजस्विन शंकर ने स्कूल की सलाह पर एथलेटिक्स की ओर रुख किया। शुरुआत में उन्होंने 400 मीटर और ट्रिपल जंप में कोशिश की, लेकिन उन्हें हाई जंप में सफलता मिली। 2013 में दिल्ली राज्य चैंपियनशिप में उन्होंने कांस्य पदक जीता। इस सफलता के साथ ही क्रिकेट से नाता टूट गया। 2015 में कॉमनवेल्थ युवा खेल में स्वर्ण और 2016 में साउथ एशियन गेम्स में रजत पदक जीतने वाले शंकर ने उसी साल जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 2.18 मीटर कूदकर 12 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। 2018 कॉमनवेल्थ गेम्स में तेजस्विन शंकर ने हिस्सा लिया था और छठा स्थान हासिल किया था। तेजस्विन शंकर को अमेरिका की कैनसस स्टेट यूनिवर्सिटी से स्कॉलरशिप मिली जिसकी बदौलत उनके प्रदर्शन में जबरदस्त सुधार हुआ। तेजस्विन ने एनसीएए में स्वर्ण और रजत पदक जीते। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2.29 मीटर है, जो ऊंची कूद का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है।

'गायब हो गया, लेकिन मजबूती से वापसी करेगा...'

- मैदान में 'बैट शांत' रहने पर कप्तान सूर्यकुमार यादव ने दिया बयान

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय टीम ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर टी20 सीरीज भले ही 3-1 से जीत ली, लेकिन 'मेन इन ब्लू' की कुछ समस्याएं कम नहीं हुई हैं. सबसे चिंता का सबब कप्तान सूर्यकुमार यादव की खराब फॉर्म है. कप्तान सूर्या का इस साल बल्ले से प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा और वो एक

भी अर्धशतक नहीं लगा सके. 35 वर्षीय सूर्यकुमार एक समय आईसीसी की टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में नंबर-1 पर थे, लेकिन अब वो आउट ऑफ टच नजर आ रहे हैं.

साल 2025 में सूर्यकुमार यादव का टी20 इंटरनेशनल में औसत 13.62 से रहा, जो अब तक उनके करियर का सबसे खराब दौर माना जा रहा है. 19 दिसंबर (शुक्रवार) को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में साउथ अफ्रीका के खिलाफ पांचवां और आखिरी टी20 मैच जीतने के बाद सूर्यकुमार ने अपनी फॉर्म पर बात करते हुए कहा कि वह और मजबूत होकर वापसी करेंगे. कप्तान सूर्या ने अपनी टीम के बल्लेबाजों और गेंदबाजों की तारीफ की. सूर्यकुमार यादव ने कहा, 'सीरीज की शुरुआत से ही हमारा फोकस एक खास तरह का क्रिकेट खेलने पर था और हमने उसी पर टिके रहने का फैसला किया. हमने कुछ अलग करने की कोशिश नहीं की.

हम हर विभाग में खुद को खुलकर एक्सप्रेस करना चाहते थे और नतीजा सबके सामने है. पिछली कुछ सीरीज में शायद यही चीज हमारी कमी थी. हम बिल्कुल ऐसे ही बल्लेबाजी करना चाहते थे, एक बार कोई बल्लेबाज सेट हो जाए, तो फिर रुकना नहीं चाहिए. हमें यही लगातार आक्रामक इरादा चाहिए था और आज वो शानदार तरीके से दिखा।

- 2026 टी-20 वर्ल्ड के लिए भारतीय टीम का हुआ ऐलान
- सूर्यकुमार बने कप्तान शुभमन गिल बाहर

ईशान किशन की वापसी

नई दिल्ली। आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए भारतीय क्रिकेट टीम की घोषणा 20 दिसंबर, शनिवार को कर दी गई। इस मेगा टूर्नामेंट में टीम इंडिया की कमान सूर्यकुमार यादव के हाथों में होगी। चयनकर्ताओं के फैसले के अनुसार, खराब फॉर्म से जूझ रहे शुभमन गिल को इस बार टीम में जगह नहीं दी गई है, जबकि संजू सैमसन को 16 सदस्यीय भारतीय दल में शामिल किया गया है। मुंबई स्थित भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के मुख्यालय में चयन समिति की अहम बैठक आयोजित की गई, जिसके बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए टीम का ऐलान किया गया। प्रेस वार्ता में बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने आधिकारिक रूप से भारतीय टीम की घोषणा की। इस दौरान टीम के कप्तान सूर्यकुमार

यादव भी मौजूद रहे और उन्होंने टूर्नामेंट को लेकर अपनी तैयारियों और उम्मीदों पर बात की।

गौरतलब है कि आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 का आयोजन भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में किया जाएगा। टूर्नामेंट की शुरुआत 7 फरवरी से होगी, जबकि फाइनल मुकाबला 20 मार्च को खेला जाना तय है। मौजूदा चैंपियन भारतीय टीम को इस टूर्नामेंट के लिए ग्रुप-ए में रखा गया है। इस ग्रुप में भारत के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका, नामीबिया, नीदरलैंड्स और पाकिस्तान की टीमें भी शामिल हैं, जिससे ग्रुप मुकाबले काफी रोमांचक होने की उम्मीद है।

टी20 वर्ल्ड कप के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम

टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए घोषित 15 सदस्यीय भारतीय टीम में सूर्यकुमार यादव को कप्तान और अक्षर पटेल को उपकप्तान बनाया गया है। टीम में अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, संजू सैमसन (विकेटकीपर), कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, रिंकू सिंह, हर्षित राणा और ईशान किशन (विकेटकीपर) को शामिल किया गया है।

कावेम हॉज का नाबाद शतक

- वेस्टइंडीज का स्कोर 381/6

ओवल, एजेंसी। न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले जा रहे तीसरे टेस्ट में तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक वेस्टइंडीज ने 6 विकेट के नुकसान पर 381 रन बना लिए हैं। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए कावेम हॉज 109 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। तीसरे दिन के खेल की शुरुआत वेस्टइंडीज ने बिना किसी नुकसान के 110 रन

से की थी। पहला झटका दिन के शुरुआत में ही लग गया। जॉन कैंपबेल 111 के स्कोर पर 45 रन बनाकर आउट हो गए। 140 के स्कोर पर ब्रैंडन किंग भी दूसरे विकेट के रूप में 63 रन बनाकर आउट हो गए। इस समय ऐसा लग रहा था कि न्यूजीलैंड मैच में वापसी कर सकती है। तीसरे नंबर पर आए कावेम हॉज ने न्यूजीलैंड को वापसी का मौका नहीं दिया और छोटी-छोटी साझेदारियां करते हुए न सिर्फ अपना बेहतरीन शतक लगाया, बल्कि टीम को भी मजबूत स्थिति में पहुंचाया।

वर्ल्ड टूअर फाईनल

सात्विक-चिराग की जोड़ी बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर के नॉकआउट में, चिया और सोह को हराया



हांगझू, एजेंसी। सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन जारी रखा। सात्विक-चिराग ने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स के नॉकआउट में जगह पक्की कर ली है।

भारत के सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने अपने अजेय अभियान को जारी रखते हुए ग्रुप बी के अपने अंतिम मैच में मलयेशिया के आरोन चिया और सोह वूई यिक की जोड़ी को हराकर सत्र के आखिरी बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स के नॉकआउट चरण में जगह बनाई।

तीसरी वरीयता प्राप्त सात्विक और चिराग की जोड़ी ने पहला गेम हारने के बाद संयम और रणनीतिक सूझबूझ दिखाते हुए पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेताओं को 70 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में 17-21, 21-18, 21-15 से हरा दिया। इस तरह वे सत्र के आखिरी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय पुरुष जोड़ी हैं।

विजय हजारे ट्रॉफी

ऋषभ पंत दिल्ली के कप्तान बने, कोहली भी खेलेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को बेंगलुरु में 24 दिसंबर से शुरू होने वाली आगामी विजय हजारे ट्रॉफी के लिए दिल्ली का कप्तान बनाया गया है।

दिल्ली की टीम को बल्लेबाजी के दिग्गज विराट कोहली के साथ-साथ सीनियर तेज गेंदबाज इशांत शर्मा और नवदीप सैनी की उपलब्धता से भी मजबूती मिली है। डीडीसीए ने शुक्रवार को कहा कि बीसीसीआई ने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट वाले भारतीय खिलाड़ियों के लिए घरेलू क्रिकेट में खेलना अनिवार्य कर दिया है इसलिए सीम-बॉलिंग ऑलराउंडर हर्षित राणा उपलब्ध होने के बाद दिल्ली टीम से जुड़ेंगे। सीनियर पुरुष चयन समिति ने शुक्रवार को अरुण जेटली स्टेडियम में पहले

घोषित संभावित खिलाड़ियों की लंबी सूची में से दिल्ली की टीम को अंतिम रूप देने के लिए बैठक की।

इस बैठक में चयनकर्ता यशपाल सिंह, के. भास्कर पिल्लई और मनु नायर, मुख्य कोच सरनदीप सिंह, सीएसी सदस्य रॉबिन सिंह (जूनियर), सचिव अशोक शर्मा और संयुक्त सचिव अमित ग्रोवर शामिल हुए। दिल्ली विजय हजारे ट्रॉफी में अपने पहले दो एलीट ग्रुप डी के मैच आंध्र और गुजरात के खिलाफ बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेलेगी जो कोहली का आईपीएल टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेलते समय घरेलू मैदान है। दिल्ली को अपने बाकी 5 मैच बेंगलुरु के बाहरी इलाके में अलूर क्रिकेट ग्राउंड में खेलने हैं।

भारतीय एलीट धावकों में होगी कांटे की टक्कर

कोलकाता, एजेंसी। दुनिया की सबसे तेज 25 किलोमीटर रोड रेस में शामिल 10वें टाटा स्टील वर्ल्ड 25के कोलकाता में इस बार भारतीय एलीट धावकों के बीच जोरदार मुकाबला देखने को मिलेगा। 10,000 मीटर और 5,000 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुलवीर सिंह और महिला वर्ग की गत विजेता संजीवनी जाधव इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में एक बार फिर खिताब बचाने के इरादे से उतरेंगी। यह दौड़ रविवार, 21 दिसंबर को आयोजित होगी।

गुलवीर और संजीवनी पर रहेंगी नजरें

इस ऐतिहासिक 10वें संस्करण में दुनिया के कई शीर्ष अंतरराष्ट्रीय एथलीट भी हिस्सा ले रहे हैं। कुल 1,42,214 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि वाली इस रेस में पुरुष और महिला वर्ग के लिए समान पुरस्कार रखे गए हैं। शीर्ष तीन स्थान पाने वाले एथलीटों को

क्रमशः तीन लाख, ढाई लाख और दो लाख रुपये की पुरस्कार राशि मिलेगी। इसके अलावा इवेंट रिकॉर्ड तोड़ने पर एक लाख रुपये का अतिरिक्त बोनस भी दिया जाएगा।

23 हजार से अधिक धावक लेंगे हिस्सा- इस बार टाटा स्टील वर्ल्ड 25के कोलकाता में 23 हजार से अधिक धावकों ने पंजीकरण कराया है। यह प्रतियोगिता दुनिया की पहली वर्ल्ड एथलेटिक्स गोल्ड लेबल 25के रोड रेस है, जो भारतीय लंबी दूरी के धावकों को अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान करती रही है।

- **गुलवीर सिंह बोले- रिकॉर्ड नहीं, बेहतर प्रदर्शन पर नजर-** पुरुष वर्ग में अगुवाई कर रहे गुलवीर सिंह, जो मौजूदा भारतीय एलीट चैंपियन और इवेंट रिकॉर्ड धारक हैं, ने कहा कि उन पर किसी तरह का दबाव नहीं है। उन्होंने कहा, मेरा लक्ष्य पिछले साल से बेहतर करना है। मैं रिकॉर्ड से ज्यादा अपने प्रदर्शन और देश के लिए पदक जीतने पर ध्यान दे रहा हूं।

दो दिनों के अंदर पूर्ण हो शेष लंबित भूमि अधिग्रहण का कार्य : अभिलाषा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। उत्तर कोयल नहर परियोजना (नॉर्थ कोयल रिजर्वायर प्रोजेक्ट-बिहार अंश) से संबंधित संपूर्ण परियोजना कार्यों की समीक्षा बैठक समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के दौरान परियोजना से जुड़े अभियंताओं द्वारा पीपीटी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से परियोजना की वर्तमान स्थिति, कार्य प्रगति, वितरण प्रणाली तथा भावी कार्ययोजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। अभियंता ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि झारखंड से बिहार में लगभग 2750 क्यूसेक पानी की एंट्री सुनिश्चित करने हेतु नहर एवं वितरण प्रणाली को सुदृढ़ रूप से विकसित किया जा रहा है तथा कैनाल पर निर्मित विभिन्न संरचनाओं के माध्यम से जल प्रवाह की प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से संचालित किया जाएगा। प्रस्तुतीकरण के दौरान बताया गया कि परियोजना के अंतर्गत बिहार अंश में राइट मेन कैनाल की कुल लंबाई 77.69 किलोमीटर है जिस पर 162 विभिन्न संरचनाओं का निर्माण किया जाना है जिनमें एक्वाडक्ट, एसपी, एसएलआरबी, डीएलआरबी, एचआर एवं सीआर जैसी संरचनाएं शामिल हैं। इसके अतिरिक्त औरंगाबाद एवं गया जिलों में फुटब्रिज का भी निर्माण किया जा रहा है। परियोजना के तहत लगभग 700 किलोमीटर लंबी वितरण प्रणाली विकसित की जा रही है जिसमें राइट मेन कैनाल से निकलने वाली 23 वितरण नहरें नबीनगर, अंबा, औरंगाबाद एवं मदनपुर में लगभग 500 किलोमीटर लंबाई में तथा गया प्रमंडल में 4 वितरण नहरें लगभग 200 किलोमीटर लंबाई में प्रस्तावित हैं। इसके साथ ही वितरण प्रणाली से निकलने वाले कुल 41 वाटर कोर्स एवं सब-माइनर का निर्माण लगभग 50 किलोमीटर लंबाई में किया जाना है। बैठक में कैनाल लाइनिंग कार्य चक्र, कैनाल संरचना कार्य, वितरण प्रणाली का स्कीमैटिक ट्री डायग्राम, कार्यों की अद्यतन प्रगति, जिसमें लगभग 30.43 प्रतिशत कार्य पूर्ण एवं 69.57 प्रतिशत कार्य शेष बताया गया। साथ ही परियोजना के क्रियान्वयन में आने वाली प्रमुख चुनौतियों एवं उनके समाधान पर भी विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कार्य एजेंसियों को निर्देश दिया कि परियोजना के सभी कार्यों को आपसी समन्वय के साथ निर्धारित समय-सीमा में एवं उच्च गुणवत्ता वाले मानकों के अनुरूप पूर्ण किया जाए ताकि क्षेत्र के किसानों को समय पर सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सके और कृषि उत्पादन में वृद्धि के साथ क्षेत्रीय विकास को गति मिल सके। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा बैठक में परियोजना के विभिन्न पैकेजों की प्रगति, भूमि अधिग्रहण की स्थिति, रैयती एवं गैर-रैयती भू-स्वामियों को भुगतान की प्रगति तथा लंबित कार्यों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा नबीनगर, मदनपुर, अम्बा, औरंगाबाद तथा गया प्रमण्डलों में भूमि अधिग्रहण की वर्तमान स्थिति, लंबित प्रक्रियाएं, रैयतीकरण, सरकारी भूमि हस्तांतरण, रैयती दावों के सत्यापन तथा अधियाचनाओं की स्वीकृति में आ रही बाधाओं का गहन परीक्षण किया गया। बैठक में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर जिला भू अर्जन पदाधिकारी उपेंद्र पंडित, सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल वरीय उप समाहर्ता रितेश कुमार यादव, संबंधित अंचल अधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

एससी-एसटी एक्ट सहित अन्य मामलों में 56 लोग गिरफ्तार

औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)। पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटे के दौरान अलग-अलग मामलों में 56 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। इस क्रम में आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 24 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। एससी-एसटी एक्ट में एक, हत्या के प्रयास में 4, शराब कांड में 7 एवं अन्य शीर्ष कांड में 44 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 579 लीटर देसी शराब, 560 लीटर स्प्रिट, 1 कार एवं 1 बाइक बरामद किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 932 वाहनों की जांच की गई जिसमें 61500 रूपये बरामद किया गया है। इसके अलावा 16 वारंट एवं 2 कुर्की का निष्पादन किया गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के अनुसार जिले में अपराध नियंत्रण एवं मादक प्रदार्थों पर अंकुश लगाने के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है।

दुर्घटना में पिकअप सवार मछली व्यवसायी दो भाइयों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। बारून थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर जोगिया गांव के समीप शनिवार को अहले सुबह दर्दनाक सड़क हादसे में दो मछली व्यवसायियों की मौत हो गई। मृतक सहोदर भाई थे। मृतक दोनों भाइयों की पहचान रोहतास जिले के बाराडीह, लश्करीगंज, सासाराम निवासी मो. इम्तियाज राइन और मो. इश्तेयाक राइन के रूप में हुई है। मौत की जानकारी जैसे ही परिजनों को मिली, घर में कोहराम मच गया। पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की जानकारी पर परिजन औरंगाबाद पहुंचे और पोस्टमार्टम के उपरांत बारून पुलिस ने शव को उनके परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने बताया कि दोनों भाई मछली का व्यवसाय करते थे और इसी सिलसिले में दोनों घर से पिकअप से हजारीबाग गए और वहां से मछली लेकर वापस सासाराम लौट रहे थे। इसी दौरान शनिवार की अहले सुबह जोगिया के समीप आगे चल रही एक टेलर के चालक ने बीच रास्ते में ही अचानक ब्रेक मार दिया जिससे इनकी पिकअप टकरा गई और इस हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतना जबरदस्त था कि पिकअप के परखच्चे उड़ गए। घटना की जानकारी मिलते ही बारून थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेते हुए सदर अस्पताल लाकर पोस्टमार्टम कराया और इसकी सूचना परिजनों को दी। घटना के बाद पुलिस ने हादसे का कारण बने टेलर को जब्त कर लिया है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हुई है। घटना के बाद अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल शव को परिजनों को सौंप दिया गया है।

भयंकर ठंड व शीतलहर से बचाव का प्रबंध करे जिला प्रशासन : डॉ सुरेश पासवान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ सुरेश पासवान ने कहा है कि भयंकर शीतलहर और ठंड के प्रकोप के कारण जिले भर में सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गई है। तापमान में लगातार गिरावट से लोग ठंड के कहर से कराह रहे हैं। उन्होंने बिहार सरकार और जिला प्रशासन औरंगाबाद से मांग की कि ठंड से बचाव के लिए बड़े पैमाने पर पंचायत से लेकर प्रखंड और जिला मुख्यालय पर जरूरतमंदों के बीच रैन बसेरा की व्यवस्था की जाए। साथ ही इन स्थानों पर गर्म कपड़े, कंबल एवं पर्याप्त मात्रा में ताजा भोजन उपलब्ध कराया जाए। प्रमुख चौराहों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने का प्रबंध किया जाए ताकि मजदूरों, राहगीरों और गरीबों को ठंड से राहत मिल सके। अत्यधिक ठंड को देखते हुए प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में छुट्टी घोषित कर दिया जाए। सरकारी अस्पतालों एव स्वास्थ्य केंद्रों में शीतजनित बीमारियों से बचाव के लिए विशेष इंतजाम किए जाए। चिकित्सकों की टीम को तैनात किया जाए तथा पीने के लिए गर्म पानी की सुविधा सुनिश्चित किया जाए।

चालक की लापरवाही से स्कूली बच्चे की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। फेसर थाना क्षेत्र के परसी गांव के पास स्कूल बस चालक की लापरवाही से एक मासूम बच्चे की मौत हो गई। मृतक की पहचान उस गांव निवासी महेश कुमार के 7 वर्षीय पुत्र लक्ष्य कुमार के रूप में की गई है। घटना के बाद चालक को स्थानीय लोगों ने पकड़ पुलिस के हवाले कर दिया। जानकारी के मुताबिक लक्ष्य पास के ही इब्राहिम गांव स्थित एक निजी स्कूल में पढ़ने जाता था। शनिवार को स्कूल से छुट्टी होने पर लक्ष्य को बस परसी गांव छोड़ने गई थी। बस से उतरने के बाद लक्ष्य पास में ही खड़ा था। इसी क्रम में चालक ने बस को पीछे किया तभी वह बस की चपेट में आ गया और बुरी तरह जख्मी हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफ़री मच गई। आनन-फानन में लक्ष्य को सदर अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच के उपरांत मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि लक्ष्य दो भाई और एक बहन है। बहन इससे बड़ी है जबकि भाई छोटा है। इस घटना के बाद से मृतक के परिजनों में शोक व्याप्त है। वहीं गांव में मातम पसरा हुआ है। सूचना पर पहुंचे समाजसेवी मनोज यादव ने घटना पर दुःख व्यक्त किया है। साथ ही मृतक के आश्रितों के लिए मुआवजे की मांग की है। थानाध्यक्ष वर्षा कुमारी ने बताया कि बस और चालक को थाना लाया गया है। परिजनों के मुताबिक चालक की लापरवाही से यह दुर्घटना हुई है। अब तक परिजनों द्वारा कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन प्राप्त होने पर मामले में अग्रिम कार्रवाई की जायेगी। फिलहाल शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया है।

शिक्षा को अपना प्रमुख लक्ष्य बनाएं बेटियां

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कार्यालय, दाउदनगर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के आदेशानुसार शनिवार को किया गया। इस कार्यक्रम में दाउदनगर प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में गठित किशोरी समूहों से जुड़ी किशोरियों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान किशोरियों को बाल विवाह उन्मूलन से संबंधित शपथ दिलाई गई तथा सभी उपस्थित किशोरियों के बीच स्कूल बैग का वितरण किया गया। साथ ही किशोरियों को यह संदेश दिया गया कि वे शिक्षा को अपना प्रमुख लक्ष्य बनाएं, आत्मनिर्भर बनें और जीवन में सफलता की दिशा में निरंतर आगे बढ़ें। इस अवसर पर जिला परियोजना प्रबंधक, महिला एवं बाल विकास निगम, जिला मिशन समन्वयक, हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ विमेन, जेंडर विशेषज्ञ चंदन कुमार, परियोजना क्षेत्र की सभी महिला सुपरवाइजर, डाटा ऑपरेटर सुधीर कुमार, ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर नीतीश कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

दीपक कुमार बना लेफ्टिनेंट, कहा- मुझे संस्कार विद्या में तराशा गया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

दाउदनगर। अनुमंडल मुख्यालय स्थित संस्कार विद्या, नॉलेज सिटी में कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा पंचम वर्ग तक पठन-पाठन करने वाले पुरातन छात्र दीपक कुमार ने सेना में 'लेफ्टिनेंट पद' हासिल कर विद्यालय का मान मर्यादा बढ़ाया है। दीपक कुमार ने कहा कि मैं अपनी प्रारंभिक शिक्षा संस्कार विद्या, दाउदनगर (नॉलेज सिटी) में प्राप्त की। विद्यालय के द्वारा दिए गए अनुशासन, संस्कार और संस्कारयुक्त शिक्षा के बदौलत मैं एनडीए की परीक्षा पास करके सेना में लेफ्टिनेंट बना हूं। दीपक कुमार के पिता जनेश्वर सिंह इंडियन आर्मी के 'सूबेदार पद' से सेवानिवृत्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि मेरे बच्चे के सफलता में संस्कार विद्या का काफी अहम योगदान रहा है। मेरा छोटा बेटा अवनीत कुमार जो इसी विद्यालय से नर्सरी से बारहवीं तक की शिक्षा प्रात किया है और वर्तमान में दिल्ली विश्वविद्यालय में रिसर्च की पढ़ाई कर रहा है। विद्यालय के सीएमडी सुरेश कुमार गुप्ता ने कहा कि दीपक बचपन से लगनशील छात्र रहा है। नर्सरी से पांचवीं क्लास के शिक्षा के बाद इसका चयन सैनिक विद्यालय, तिलैया में हुआ। विद्यालय के सीईओ आनंद प्रकाश ने कहा कि दीपक प्रथम प्रयास में ही एनडीए की परीक्षा में सफलता प्राप्त किया है। संस्कार विद्या में दीपक के पिताजी को मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। मौके पर विद्यालय के उपप्राचार्य संतोष पांडे, शिक्षक अजीत कुमार, अमरनाथ पांडेय, रौशन कुमार, राधेश्याम कुमार, कामता प्रसाद, प्रमोद कुमार आदि उपस्थित रहे।

गांवों के विकास के लिए 24 करोड़ की कई योजनाओं को मंजूरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। जिला परिषद सभागार में शनिवार को जिला परिषद की सामान्य बैठक में 24 करोड़ की लागत वाली विभिन्न ग्रामीण विकास योजनाओं के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया। जिला परिषद की अध्यक्ष प्रमिला देवी ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में गांवों में जिला परिषद की ओर से चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा तथा नई योजनाओं पर चर्चा की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष किरण सिंह मौजूद रही। इस दौरान विकास कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में गांवों के विकास कार्य के लिए 24 करोड़ की योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में जिला परिषद सदस्यों की मांग के अनुरूप षष्टम वित आयोग और 15वें वित्त योजना के तहत अलग-अलग क्षेत्रों के विकास योजना का अनुमोदन कर दिया गया है। पंद्रहवें वित्त आयोग के तहत यात्री शेड, शौचालय, श्मशान घाट आदि शामिल है। जबकि षष्टम वित्त योजना के तहत सड़क, पीसीसी, पेवर ब्लॉक तथा जल निकासी सहित अन्य विकासात्मक योजनाओं को मंजूरी मिली। बैठक में पूर्व की योजनाओं की प्रगति पर भी विचार किया गया। बैठक में पार्षदों ने विभागीय अधिकारियों से कई योजनाओं के कार्यान्वयन की जानकारी मांगी। अधिकारियों ने मौके पर जवाब दिया। बैठक में नवीनगर अंतर्गत जिला परिषद की ज़मीन पर बनाए जा रहे सरकारी अस्पताल पर पार्षदों ने आपत्ति जताई और अपनी जमीन नहीं देने की बात कही। इसके अलावा बाइपास रामाबांध बस स्टैंड को नगर परिषद से जिला परिषद को सौंपने की बात कही गई। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर आवारा कुत्तों के लिए मदनपुर प्रखंड क्षेत्र के उचौली में शेड बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में सभी 28 पार्षदों ने हिस्सा लिया। इस दौरान जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज, गैर संचारी रोग पदाधिकरी डॉ रविरंजन, जिला परिषद के सहायक अभियंता ब्रजेश श्रीवास्तव, अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी विनोद कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

पात्र लाभुकों को मिले जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। समाहरणालय स्थित योजना भवन के सभाकक्ष में आईसीडीएस, मनरेगा, एलएसबीए, एसबीएम, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक के क्रम में सर्वप्रथम आईसीडीएस विभाग की समीक्षा की गई जिसमें जिले में संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों की स्थिति, केंद्रों के संचालन में रिक्त पदों से संबंधित प्रतिवेदन, जिला स्तर से प्रस्तावित नए भवनों के निर्माण की प्रगति, संचालित एवं किराये के भवनों में चल रहे केंद्रों में पेयजल एवं शौचालय की उपलब्धता तथा अन्य सरकारी भवनों में संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों की स्थिति का विस्तृत एवं गहन अवलोकन किया गया। इस संबंध में आईसीडीएस के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को आवश्यक एवं उपयुक्त दिशा-निर्देश दिए गए ताकि बच्चों को दी जा रही सेवाओं में गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2025-26 तक पूर्ण एवं सत्यापित आवासों की उपलब्धि में जिले का औसत 85.50 प्रतिशत रहा, जो राज्य औसत 80.21 प्रतिशत से अधिक है। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में स्वीकृति, किस्त भुगतान तथा आवास पूर्णता के विभिन्न चरणों में भी जिले की प्रगति राज्य औसत से बेहतर रही। जिलाधिकारी द्वारा लंबित मामलों में तेजी लाने एवं समयबद्ध रूप से आवास पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में मनरेगा श्रमिकों के आधार प्रमाणीकरण (ई-केवाईसी) की स्थिति की समीक्षा की गई, जिसमें जिले का कुल प्रतिशत 62.48 पाया गया। बैठक के अंत में जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया गया कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी एवं पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराया जाए। बैठक में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, डीआरडीए निदेशक अनुपम कुमार, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आईसीडीएस) विनीता कुमारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी बल विकास परियोजना पदाधिकारी, सभी मनरेगा पीओ एवं जिला स्तरीय अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

चार वारंटी समेत पांच गिरफ्तार

अंबा (नबिटा संवाददाता)। कुटुंबा थाना की पुलिस ने छापेमारी कर चार वारंटी और धान चोरी मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। धान चोरी मामले का अभियुक्त श्याम लाल मेहता चनकप गांव का रहने वाला है। वहीं वारंटी विनोद पासवान शत्रुघ्न पासवान, महेंद्र पासवान एवं लखन पासवान थाना क्षेत्र के पिपरा ढ़ीबर गांव के निवासी हैं। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि सभी वारंटी लंबे समय से फरार चल रहे थे। कोर्ट द्वारा निर्गत नोटिस प्राप्त करने के बावजूद वे लोग न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं हो रहे थे। इसके कारण उनके विरुद्ध अजमानतीय वारंट जारी किया गया था।

विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग में औरंगाबाद के अथर्व रंजन का चयन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। शहर के सत्येन्द्र नगर निवासी एवं वर्तमान में दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक की पढ़ाई कर रहे अथर्व रंजन का चयन विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 के लिए हुआ है। यह कार्यक्रम 10 से 12 जनवरी तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा जहां वे राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। अथर्व रंजन ने अपने विषय 'स्मार्ट और सतत कृषि के माध्यम से उत्पादकता में वृद्धि' पर चयन प्राप्त किया है। उन्होंने 'टेक ड्राइवेन फार्मिंग फॉर ए ग्रीन फ्यूचर' के माध्यम से तकनीक आधारित खेती, पर्यावरण संरक्षण और किसानों की आय बढ़ाने से जुड़े नवाचारी समाधान प्रस्तुत किए हैं। इस प्रतिष्ठित मंच के लिए पूरे बिहार से कुल 45 युवाओं का चयन 10 अलग-अलग विषयों पर किया गया है, जो राष्ट्रीय स्तर पर अपने विचार साझा करेंगे। यह प्रतियोगिता युवा नवप्रवर्तकों को सामाजिक बदलाव लाने वाले साहसिक विचार प्रस्तुत करने का अवसर देती है और विविध सामाजिक एवं सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से आए युवाओं को एकजुट कर राष्ट्रीय एकता और सशक्तिकरण को बढ़ावा देती है। अथर्व रंजन की यह उपलब्धि न केवल औरंगाबाद बल्कि पूरे बिहार के लिए गर्व का विषय है। उनका चयन इस बात का प्रमाण है कि आज का युवा नवाचार, तकनीक और सतत विकास के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाने को तैयार है।